* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

07 दिसंबर, 2023
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 47

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

मिजोरम गवर्नर से मिले लालदुहोमाः सरकार बनाने का दावा पेश किया, 8 दिसंबर को शपथ ग्रहण








‘आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार’ कार्यक्रम

## 15 हजार किमी ग्रामीण सड़क का निर्माण होगा: हेमंत सोरेन

236 करोड़ की 90 योजनाओं का शिलान्यास एवं 80 करोड़ रुपये की 142 योजनाओं का उद्घाटन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला/खरसावां ।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य का कोई ऐसा कोना नहीं मिलेगा, जहां सरकार नहीं पहुंचेगी। हर गांव और पंचायत में शिविर के जरिए जरूरतमंद योजना का लाभ ले रहे हैं। इसके माध्यम से आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, महिला, युवा, किसान- मजदूर और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाएं पहुंच रही हैं। इसी क्रम में सरायकेला-खरसावां के नौ प्रखंडों की 132 पंचायतों में भी तय समय अनुसार शिविर का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री बुधवार को खरसावां की सिमला पंचायत में आयोजित ‘आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार’ कार्यक्रम में बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 15 हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़क का निर्माण होगा। बिजली, पानी और सड़क गांव-गांव पहुंचाने का कार्य होगा। वर्तमान में सरकार सौ यूनिट बिजली मुफ्त उपलब्ध करा रही है, इसका लाभ अब तक करीब 66 हजार लोगों को मिला है। सरकार ने पर्यावरण संरक्षण की मजबूती के लिए लोगों को अपने घरों एवं कैंपस में पेड़ लगाने पर पांच यूनिट बिजली मुफ्त देने का निर्णय लिया है।

**वनोपज के लिए एमएसपी तय होगा:** हेमंत सोरेन ने कहा कि जिस तरह धान क्रय को लेकर सरकार ने मिनिमम सपोर्टिंग प्राइस तय किया है, उसी तरह वनोपज को लेकर भी एमएसपी तय किया जायेगा। इसके लिए सिदो कान्हू वनोपज सहकारी संघ का गठन किया गया है। ताकि वनोपज का सही मूल्य किसानों को मिल सके।



### ‘बकाया मिलता तो लाखों एकड़ भूमि सिंचित होती’

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य सरकार की कोयला रॉयल्टी की बकाया राशि 1 लाख 36 हजार करोड़ का भुगतान नहीं कर रही है। अगर यह राशि झारखंड को प्राप्त हो जाती, तो वृद्ध महिला-पुरुष को ढाई हजार रुपये प्रतिमाह देते। हजारों एकड़ भूमि में सिंचाई के लिए किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाते। युवाओं को स्वरोजगार के लिए 10-10 लाख रुपये देते। गैस सिलेंडर 500 रुपये में देते, लेकिन वे इस बकाया राशि को नहीं दे पा रहे हैं।

**अबुआ आवास योजना राज्य सरकार देगी:** मुख्यमंत्री ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान सभी की जरूरत हैं। झारखंड के जरूरतमंदों के लिए आठ लाख आवास की स्वीकृति केंद्र सरकार ने नहीं दी। अब राज्य सरकार राज्य संपोषित अबुआ आवास योजना से जरूरतमंदों घर दे रही है। पूर्व में 11 लाख राशन कार्ड रद्द कर दिये गये, लेकिन आपकी सरकार ने 20 लाख लोगों को हरा राशन कार्ड से आच्छादित किया। अब जनवितरण प्रणाली की दुकान में दाल भी उपलब्ध करायी जायेगी। वर्ष में दो बार सरकारी वस्त्र भी जनवितरण प्रणाली की दुकान से जरूरतमंदों को प्राप्त हो रहा है।

**सरकार की योजनाओं से अवगत कराया:** मुख्यमंत्री ने लोगों को सरकार द्वारा जनहित में चलायी जा रही योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने बच्चियों की पढ़ाई के लिए सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मरांग गोमके पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना समेत अन्य योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने ऑनलाइन संवाद के क्रम में इचागढ़ की सविता देवी को 10 गाय उपलब्ध कराने का आदेश दिया। मुख्यमंत्री को संवाद के क्रम में सविता ने बताया कि उसे एक गाय मिली है, लेकिन वह 10 गाय लेना चाहती है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, इचागढ़ को 10 गाय उपलब्ध कराने हेतु प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया।

**योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया:** कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 236 करोड़ की 90 योजनाओं का शिलान्यास एवं 80 करोड़ रुपये की 142 योजनाओं का उद्घाटन किया। वहीं, 1.23 लाख से अधिक लाभुक के बीच 244 करोड़ रुपये की परिसंपत्ति बाटें। इस अवसर पर मंत्री चंपाई सोरेन और सत्यानंद भोक्ता, विधायक दशरथ गागराई और सबिता महतो के अलावा मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# मुख्य सचिव सुखदेव सिंह हटे, ख्यांग्ते को मिली कमान

- साढ़े तीन साल बाद सुखदेव का हुआ तबादला, एटीआइ के महानिदेशक बनाये गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार ने बुधवार को बड़ा प्रशासनिक उलटफेर किया। वर्तमान मुख्य सचिव सुखदेव सिंह को हटाते हुए आइएएस एल ख्यांग्ते को नया मुख्य सचिव बनाया गया। ख्यांग्ते राज्य के 24वें मुख्य सचिव होंगे। सुखदेव सिंह को श्रीकृष्ण लोक सेवा प्रशासन संस्थान (एटीआइ) का महानिदेशक बनाया गया है। इस संबंध में बुधवार को कार्मिक प्रशासनिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

**साढ़े तीन साल सुखदेव सिंह रहे मुख्य सचिव:** हेमंत सरकार दिसंबर 2019 में बनी थी। उस वक्त डीके तिवारी राज्य के मुख्य सचिव थे। 31 मार्च 2020 में उनके रिटायर होने के बाद 1987 बैच के आइएएस अधिकारी सुखेदव सिंह को हेमंत सरकार में राज्य का मुख्य सचिव बनाया गया था। सुखदेव सिंह ने 2 अप्रैल 2020 को मुख्य सचिव पद का पदभार ग्रहण किया था। वह साढ़े तीन साल (44 महीने) इस पद पर रहे। बताते चलें कि सुखदेव सिंह 31 मार्च 2024 को रिटायर होनेवाले हैं। माना जा रहा था कि तब तक वह पद पर बने रहेंगे, लेकिन अचानक उन्हें हटा दिया गया।



सुखदेव सिंह



एल. ख्यांग्ते

### मुख्य सचिव की श्रेणी में 13 अधिकारी

मुख्य सचिव की श्रेणी में राज्य के 13 अधिकारी हैं। सबसे वरिष्ठ आइएएस अधिकारी राजीव गौबा हैं। वह 31 अगस्त 2024 को रिटायर करेंगे, लेकिन केंद्र में पदस्थापित हैं। इनके बाद दूसरे स्थान पर 1987 बैच के आइएएस एनएन सिन्हा हैं। वह भी अगले वर्ष 31 जुलाई 2024 को रिटायर करेंगे। फिलहाल केंद्र में तैनात हैं। सुखदेव सिंह भी 1987 बैच के आइएएस अधिकारी हैं। वह तीसरे स्थान पर हैं। वह 31 मार्च 2024 को रिटायर करने वाले हैं। उनके बाद अरुण कुमार सिंह 1988 बैच के आइएएस हैं। मौजूदा में अरुण सिंह विकास आयुक्त हैं। वह इसी महीने 31 दिसंबर को रिटायर कर रहे हैं। उनके बाद पांचवें नंबर पर 1988 बैच की आइएएस अलका तिवारी हैं। वह 30 सिंतबर 2025 में रिटायर करेंगी, लेकिन केंद्र में तैनात हैं। अलका तिवारी के बाद आइएएस ख्यांग्ते का नंबर आता है।

### अगले वर्ष रिटायर करेंगे ख्यांग्ते

नये मुख्य सचिव एल ख्यांग्ते 1988 बैच के आइएएस अधिकारी हैं। उनका रिटायरमेंट 31 अक्तूबर 2024 को है। वर्तमान में वह श्रीकृष्ण लोक सेवा प्रशासन संस्थान के महानिदेशक के पद पर पदस्थापित थे। इसके साथ ही उनके पास वन पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार था।

## न्यूज रील्स

### सेना के जवान ने मारी थी करणी सेना अध्यक्ष को गोली

जयपुर। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की जयपुर में 5 दिसंबर को उनके घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों की पहचान कर ली है। इनमें एक शूटर मकराना का रोहित और दूसरा हरियाणा के महेंद्रगढ़ का निवासी नितिन फौजी है। नितिन अभी सेना में है। उसी ने गोगामेड़ी के सिर में गोली मारी थी। नितिन नवंबर में छुट्टी लेकर घर (महेंद्रगढ़) आया था।

### ट्रेन की 10 बोगियां ऊपर से गुजरी, खरोंच तक नहीं आयी

पटना। पटना के बिहटा रेलवे स्टेशन ट्रैक पर बुधवार को रेलवे संघर्ष समिति के कार्यकर्ता अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान ट्रेन आ गयी। ट्रेन को आता देखकर प्रदर्शनकारी तो हट गये, लेकिन समिति के संयोजक चंदन कुमार वर्मा पटरियों के बीचों-बीच लेट गये। इंजन समेत ट्रेन की 10 बोगियां उनके ऊपर से गुजर गयीं, लेकिन उन्हें खरोंच तक नहीं आयी। लोगों ने शोर मचाया तो लोको पायलट ने ट्रेन रोकी।

### तूफान मिचौंग से चेन्नई में तबाही, 72 घंटे से बिजली नहीं

चेन्नई। बंगाल की खाड़ी से 2 दिसंबर को उठा साइक्लोन मिचौंग 5 दिसंबर को आंध्र प्रदेश तट से टकराया। उससे पहले तूफान ने चेन्नई में काफी तबाही मचाई। यहां एक दिन में सबसे ज्यादा 50 सेमी बारिश हुई। बारिश के चलते कई इलाके पिछले दो दिनों से बाढ़ में डूबे हैं। कई इलाकों में 72 घंटे से बिजली नहीं आ रही, इंटरनेट बंद पड़ा है। भारतीय वायु सेना के हेलिकॉप्टर से बाढ़ में फंसे लोगों तक खाना पहुंचाया जा रहा है। चेन्नई शहर पानी में डूब गया, जिससे 20 लोगों की मौत हो चुकी है।

## कांग्रेस सांसद धीरज साहू के पांच ठिकानों पर आयकर विभाग का सर्वे

रांची और लोहरदगा के अलावा ओड़िशा भी पहुंचे अधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आयकर विभाग की टीम ने बुधवार को कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू के रांची, लोहरदगा और ओड़िशा स्थित पांच ठिकानों पर दबिश देकर सर्वे शुरू किया है। बताते चलें कि इससे पहले 12 दिसंबर, 2019 को रांची एयरपोर्ट से बरामद 30 लाख रुपये के मामले में आयकर विभाग की टीम ने कांग्रेस सांसद साहू के घर पर छापा मारा था। आयकर विभाग के अधिकारियों ने लोहरदगा स्थित सांसद के पुस्तैनी मकान को खंगाला था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार धीरज साहू के पांच व्यावसायिक और आवासीय स्थान पर इनकम टैक्स की टीम बुधवार की अहले सुबह पहुंची। इनमें ओड़िशा के तीन, रांची के एक और लोहरदगा में एक जगह शामिल है। पांचों जगहों पर अलग-अलग टीम ने एक साथ सर्वे किया। लोहरदगा में साहू के घर के मुख्य द्वार को बंद कर दिया गया। इसी तरह से अन्य जगहों पर भी हुआ। सूत्रों के मुताबिक आयकर के अधिकारी इन जगहों पर एक-एक कागजात खंगाल रहे थे। लोहरदगा में सर्वे शुरू होने के वक्त सांसद के परिवार का कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था। गौरतलब है कि इससे पहले भी साल 2019 में इनकम टैक्स का सर्वे राज्यसभा सांसद के यहां हो चुका है। खबर लिखे जाने तक आयकर विभाग की ओर से आधिकारिक रूप से कुछ भी नहीं बताया गया है। सांसद के घर और कार्यालय से सर्वे में क्या-क्या मिला, इसकी कोई जानकारी फिलहाल नहीं दी गयी है। खबर लिखे जाने तक अधिकारी कागजातों को खंगाल रहे थे।


रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा: सात हजार लोगों को निमंत्रण, तीन हजार वीवीआइपी आयेंगे

## सचिन, विराट, अमिताभ और अंबानी को भी न्योता

आजाद सिपाही संवाददाता

**अयोध्या।** अयोध्या में बन रहे राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की जायेगी। इसके लिए 7000 लोगों को निमंत्रण भेजा जा रहा है। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत समेत तीन हजार वीवीआइपी के नाम हैं। लिस्ट में क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली का भी नाम है। इसके अलावा देशभर से 4000 साधु-संतों को बुलाया जा रहा है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने सिनेमा जगत से कंगना रनौत, अभिनेता अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार और सिंगर आशा भोंसले को बुलाया है। देश के प्रमुख उद्योगपति मुकेश अंबानी, गौतम अडाणी और रतन टाटा को भी न्योता भेजा गया है। इसके अलावा मीडिया के लोगों को भी बुलाया गया है। श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए 50 देशों से एक-एक प्रतिनिधि को बुलाने का प्रयास है। कारसेवक परिवार को भी बुलाया गया है। विहिप प्रवक्ता शरद शर्मा ने बताया कि हमने उन पत्रकारों को भी बुलाया है, जिन्होंने राम मंदिर की हमारी यात्रा में समर्थन किया। इसके अलावा संतों, पुजारियों, शंकराचार्यों, कवियों, संगीतकारों और पद्मश्री और पद्मभूषण से सम्मानित हस्तियों को भी निमंत्रण भेजे गये हैं।





### बार कोड वाले पास से मिलेगी वीवीआइपी को एंट्री

वीएचपी नेता शरद शर्मा ने कहा कि सात हजार आमंत्रित लोगों में लगभग 4,000 देशभर से धार्मिक नेता होंगे। शेष तीन हजार अलग-अलग क्षेत्रों से वीवीआइपी होंगे। समारोह से पहले आमंत्रित लोगों के साथ एक लिंक साझा की जायेगी। एक बार जब वे लिंक से रजिस्ट्रेशन कर लेंगे तो एक बार कोड आयेगा। यही बार कोड एंट्री पास के रूप में काम करेगा।




सी. पी. राधाकृष्णन
राज्यपाल, झारखण्ड



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सशस्त्र सेना झंडा दिवस
7 दिसम्बर

संदेश

आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस है। इस शुभ अवसर पर मैं भारतीय सेना के सभी कार्यरत तथा अवकाश प्राप्त सैनिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ।

प्रत्येक वर्ष 7 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाता है। इस दिन हम अपने देश की सशस्त्र सेना के प्रति सम्मान एवं एकजुटता प्रदर्शित कर उनका मनोबल बढ़ाते हैं और उन्हें आश्वासन देते हैं कि हम सभी भारतवासी उनके साथ हैं, जिनकी दिलेरी बहादुरी, सतर्कता एवं चौकसी के कारण ही देश की सीमाएं एवं हम सभी देशवासी सुरक्षित हैं।

हमारे देश की सशस्त्र सेना निरंतर सतर्क रहकर देश की स्वतंत्रता एवं संप्रभुता की रक्षा में सतत् सेवारत रहती है। चाहे युद्ध का समय हो या शांति काल, हमारी सशस्त्र सेना ने अपने कर्तव्य, साहस, समर्पण तथा निष्ठा से राष्ट्र को सदैव गौरवान्वित किया है। यह देश एवं हम सभी देशवासी अपने देश के महान वीर सैनिकों के प्रति सदैव ऋणी रहेंगे।

हम सभी नागरिकों का कर्तव्य है कि हम अपनी क्षमता अनुसार "सशस्त्र झंडा दिवस कोष" में योगदान देकर उन वीर सैनिकों, जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है, के प्रति अपना आभार प्रकट करें।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि झारखण्ड के निवासी अपने गौरवमयी परंपरा को दृष्टि में रखते हुए झंडा दिवस के अवसर पर उदारतापूर्वक दान देकर सशस्त्र बलों के प्रति हम सभी की गहरी कृतज्ञता एवं असीम प्यार अभिव्यक्त करने में अन्य राज्यों के लिए भी उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।

जय हिन्द!

हम प्रत्येक वर्ष 07 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के रूप में मनाते हैं। इस अवसर पर हम उन बहादुर सैनिकों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान प्रकट करते हैं, जिन्होंने विगत युद्धों तथा आतंकवाद के खिलाफ वीरतापूर्वक लड़ते हुए देश के लिए अपनी जान की कुर्बानी दी या नि:शक्त हो गये।

राष्ट्र को अपनी सशस्त्र सेना पर गर्व है। बाहरी आक्रमण से भारतीय सेना ने देश की रक्षा करने तथा राष्ट्र की एकता एवं अखंडता कायम रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हम सबका नैतिक कर्तव्य है कि इन बहादुर सैनिकों के कल्याण एवं पुनर्वास हेतु प्रयास करें। इसके लिए राज्य में "सैनिक कल्याण कोष" का गठन किया गया है। राज्य सैनिक कल्याण निदेशालय द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी कार्यक्रमों में इस राशि का उपयोग किया जाता है, जिससे विरांगना विधवाओं, नि:शक्त सैनिकों और उनके आश्रितों तथा सेवारत कर्मियों को लाभ मिलता है। हम सभी को इस कोष में उदारतापूर्वक दान देना चाहिए।

मैं झारखण्ड की जनता से अपील करता हूँ कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस के शुभ अवसर पर शहीद सैनिकों, नि:शक्त जवानों एवं आश्रितों के कल्याणार्थ गठित सैनिक कोष में उदारतापूर्वक दान दें।

हम सबों का सहयोग प्रतीक रूप में अपनी सशस्त्र सेना के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रकटीकरण होगा। यह अंशदान हमारे सैनिकों का मनोबल ऊँचा करेगा एवं देशवासियों के सम्मुख एक अनुकरणीय उदाहरण बनेगा।

जोहार!

P.R. 312724 (Home, Prison And Disaster Management) 23-24

गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, राज्य सैनिक कल्याण निदेशालय, झारखण्ड सरकार

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 59,100 रु./10 ग्राम
चांदी 77,000 रु./प्रति किलो



# विधानसभा चुनाव परिणाम ने बिगाड़ा इंडी अलायंस का पूरा खेल

## ■ हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में कांग्रेस की हार ने विपक्ष की एकता को पहुंचाया नुकसान

## ■ इसलिए क्षेत्रीय क्षत्रपों ने किया बैठक से किनारा और अब बढ़ने लगी है आपस की दूरियां

**भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए विपक्षी दलों द्वारा एकजुट होकर बनाये गये इंडी अलायंस के नेताओं की बैठक टल गयी। यह बैठक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुलायी थी, लेकिन ममता बनर्जी, नीतीश कुमार, एमके स्टालिन, हेमंत सोरेन और अखिलेश यादव ने 'व्यस्तताओं' का हवाला देकर इसमें शामिल होने से मना कर दिया था। दरअसल मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की हार के बाद गठबंधन में तकरार शुरू हो गयी है। गठबंधन के कई नेता इस हार के लिए कांग्रेस की आत्ममुग्धता और चौधराहट को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। गठबंधन के नेताओं का कहना है कि कांग्रेस के साथ गठबंधन के कतिपय नेताओं के कारण ही अब पूरे गठबंधन का शिराजा बिखरने लगा है। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की शर्मनाक पराजय ने राहुल गांधी के नेतृत्व पर सवालिया निशान लगा दिया है और लालू यादव सरीखे कांग्रेस समर्थक नेताओं की पोल खोल कर रख दी है। इस पूरे परिदृश्य में अब यह बात साफ हो गयी है कि कम से कम 2024 में विपक्षी दलों की एकजुटता का कोई मतलब नहीं रह गया है। यह गठबंधन अपने ही बुने जाल में फंसता जा रहा है और इसकी पूरी जिम्मेवारी कांग्रेस की ही है। इंडी अलायंस के इस बिगड़े खेल के पूरे परिदृश्य का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की हार न सिर्फ पार्टी, बल्कि पूरे इंडी अलायंस के लिए बड़ा झटका है। विपक्षी पार्टियों ने भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ एकजुट होकर मुकाबला करने के लिए इस साल के शुरू में गठबंधन बनाया था। हालांकि खुल कर यह बात नहीं की गयी थी, लेकिन माना जा रहा था कि भाजपा को रोकने के लिए बनाये गये इस गठबंधन में कांग्रेस अग्रणी भूमिका में रहेगी, क्योंकि उत्तर भारत के छह राज्यों में दोनों पार्टियों के बीच सीधा मुकाबला है। इसके अलावा क्षेत्रीय पार्टियां अपने राज्यों तक ही सीमित हैं और भाजपा को रोकने में बाकी विपक्षी पार्टियों की सीमित भूमिका है।

उम्मीद की जा रही थी कि हाल में खत्म हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी भाजपा को शिकस्त देने में सफल रहेगी और आनेवाले लोकसभा चुनाव के लिए बेहतर मुकाबले की गुंजाइश बन सकेगी। कांग्रेस को अभी तीन हिंदी पट्टी राज्यों में करारी हार का सामना करना पड़ा है। तीनों राज्यों में लोकसभा की कुल 65 सीटें हैं। यह साफ हो चुका है कि विपक्षी गठबंधन अब द्विपक्षीय मुकाबले में भाजपा को टक्कर देने में कांग्रेस पर भरोसा नहीं कर सकता है। दरअसल, हिमाचल प्रदेश को छोड़ दिया जाये, तो पूरे उत्तर भारत में कांग्रेस का सफाया हो चुका है।

बहरहाल, विपक्षी गठबंधन में इस बात को लेकर भी आशंकाएं थीं कि अगर इन विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का प्रदर्शन बेहतर रहता है, तो वह गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर ज्यादा आक्रामक हो सकती है। हालांकि यह बात भी सच है कि कांग्रेस की जीत से विपक्ष को नयी ऊर्जा मिलती और वह मजबूत होता। अगले साल होनेवाले लोकसभा चुनावों में मोदी सरकार को हटाने का काम अब इस गठबंधन के लिए और मुश्किल हो गया है। 2019 के लोकसभा चुनावों में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भाजपा को बंपर जीत मिली थी, जबकि कुछ ही समय पहले हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को इन राज्यों में जीत मिली थी।



### विपक्षी गठबंधन में नाराजगी

अनुमानों के मुताबिक कांग्रेस के खराब प्रदर्शन की वजह से विपक्षी गठबंधन में नाराजगी दिखी। विपक्षी पार्टियों ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि वह इन चुनावों में अवसरों का लाभ उठाने में असफल रही। उन्होंने कांग्रेस पर अक्खड़ रवैया अख्तियार करने का आरोप भी लगाया और कहा कि इस चुनाव में पार्टी ने अपने सहयोगियों का खयाल नहीं रखा। मिसाल के तौर पर मध्यप्रदेश में समाजवादी पार्टी द्वारा कुछ सीटों की मांग को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने सीधे तौर पर खारिज कर दिया। साथ ही कांग्रेस ने चुनाव प्रचार के दौरान अपने सहयोगियों को संयुक्त रैलियों के लिए भी आमंत्रित नहीं किया। गठबंधन की अन्य पार्टियों पहले ही बैठकों में कांग्रेस के रवैये से खुश नहीं थीं। इसकी शुरुआत उसी समय हो गयी थी, जब विपक्षी पार्टियों की बैठक हुई और उसमें अचानक आइएनडीआइए नाम की घोषणा कर दी गयी। इसकी सूचना पहले से न तो नीतीश कुमार को थी और न ही ममता बनर्जी को। घोषणा के बाद ही ममता बनर्जी और नीतीश कुमार की नाराजगी सामने आ गयी। वे दोनों आइएनडीए की प्रेस कांफ्रेंस में शामिल नहीं हुए और लौट गये। यही नहीं, बैठक के दौरान लालू प्रसाद यादव की वह बात भी विपक्षियों को हजम नहीं हुई, जिसमें उन्होंने कह दिया था कि राहुल जी आप दूल्हा बनने के तैयार हो जाइये, हम बाराती बनेंगे। इसमें यह साफ संकेत था कि लालू प्रसाद यादव ने बड़ी चालाकी से राहुल गांधी का नाम आगे करके नीतीश कुमार और ममता बनर्जी को झटका दिया था। कारण गठबंधन से पहले ममता बनर्जी ने विपक्षी एकता को लेकर पहल शुरू की थी। उसके बाद नीतीश कुमार की पहल पर सभी विपक्षी दल एकसाथ मंच पर आये और सामूहिक रूप से इस बात पर राजी हुए कि अगले लोकसभा चुनाव में गठबंधन के बैनर तले वे उतरेंगे। लेकिन पहली बैठक के बाद कांग्रेस की दादागीरी सामने आ गयी और उसने आइएनडीआइए को एक तरह से हाइजैक कर लिया। दूसरी तरफ लालू भी बैठकों में सुपरसीड करने लगे। लालू की इस चालाकी से नीतीश कुमार और ममता बनर्जी को बड़ा झटका लगा था, लेकिन वे खुल कर कुछ कहने की स्थिति में नहीं थे। विपक्ष को एकजुट करते समय नीतीश कुमार को यह लगा था कि उन्हें आइएनडीआइए का संयोजक बनाया जायेगा, लेकिन कांग्रेस ने इस पर पानी फेर दिया और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के ऊपर बैठक बुलाने और एजेंडा सेट करने की जिम्मेदारी दे दी गयी। यहीं से गठबंधन में दरार पड़ने लगी, लेकिन समय की नजाकत को देखते हुए सभी चुप थे। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान का चुनाव परिणाम आते ही कांग्रेस की हवा निकल गयी और क्षेत्रीय क्षत्रपों ने अब किनारा करना शुरू कर दिया है। जाहिर है, जब भी आइएनडीआइए की बैठक होगी, क्षेत्रीय क्षत्रप कांग्रेस को अब वह भाव नहीं देंगे, जो चुनाव से पहले दे रहे थे। ऐसे में साफ है कि आइएनडीआइए आकार लेने से पहले ही लड़खड़ा गया है।

### कांग्रेस समेत पूरे विपक्ष को बदलना होगा रवैया

विधानसभा चुनाव ने एक और बात साफ कर दी है कि कांग्रेस और विपक्ष को बहुसंख्यकों के प्रति अपना रवैया बदलना होगा। मणिपुर में मैतेई समुदाय के 13 लोगों की हत्या के अलावा बहुसंख्यकों पर हाल के दिनों में हुए हमलों से लेकर सनातन विरोधी बयानों पर उनकी चुप्पी ने मतदाताओं के भीतर गहरी नाराजगी तो पैदा की ही है, यह रवैया समाज को हिंदू-मुस्लिम में विभाजित करने का परिचय भी देता है। विपक्षी गठबंधन में तनातनी का एक बड़ा कारण यह भी हो सकता है।

### कई मुद्दों पर सहमति अभी बाकी है

गठबंधन का आगे का रास्ता विपक्ष के लिए 'करो या मरो' जैसी बतायी जा रही है। गठबंधन की ओर से अच्छी शुरुआत का दावा किया गया है। कई फैसलों का हवाला देकर बताया गया कि गठबंधन सही दिशा में बढ़ रहा है, लेकिन अभी भी कुछ सवाल बाकी हैं। मसलन, गठबंधन के लिए संयोजक का चुनाव भी होना है। ऐसे में स्वाभाविक सवाल यह उठता है कि आखिर गठबंधन के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए पहली पंक्ति के नेता अलग क्यों हैं। इसका सियासी संदेश यही निकलता है कि इन नेताओं को अपनी एकजुटता पर भरोसा नहीं है।

### मुश्किल है आगे की डगर

पासा अब पलट चुका है और अब सीटों के बंटवारे और अन्य बातचीत में कांग्रेस पर अन्य विपक्षी पार्टियां हावी होने की कोशिश करेंगी। विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद बदले समीकरण की झलक गठबंधन की अगली बैठक में देखने को मिलेगी। हालांकि विधानसभा चुनावों में मिली हार के बाद कांग्रेस द्वारा बुलायी गयी बैठक स्थगित हो गयी है, क्योंकि इसमें कई नेताओं ने शामिल होने से मना कर दिया था। इसके बाद गठबंधन में सीटों के बंटवारे का मसला भी फंस सकता है, क्योंकि कई पार्टियां राज्यों में एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रही हैं। हाल के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को मिली हार की वजह से मामला और जटिल हो सकता है। उदाहरण के तौर पर आम आदमी पार्टी पंजाब और दिल्ली में अपनी शर्तों पर काम करेगी, जबकि समाजवादी पार्टी द्वारा उत्तरप्रदेश में कांग्रेस को लेकर उदार होने की संभावना नहीं है। पश्चिम बंगाल एक और मुश्किल राज्य है, जहां तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता बनर्जी भी अपनी मांगें रख सकती हैं। ममता बनर्जी ने पहले ही कह दिया है कि वामपंथियों के साथ वह हाथ नहीं मिला सकतीं।

विधानसभा चुनावों के बाद न सिर्फ कांग्रेस को सहयोगी पार्टियों को लेकर ज्यादा उदार होना पड़ेगा, बल्कि वह अब गठबंधन के नेतृत्व का दावा करने की हालत में भी नहीं रह गयी है। इस कारण गठबंधन के लिए नेता का चुनाव भी मुश्किल हो सकता है, क्योंकि इस पद के कई दावेदार हैं। सवाल यह है कि इस पद का दावेदार कौन होगा- पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार या राष्ट्रवादी कांग्रेस के मुखिया शरद पवार? इस सवाल का जवाब फिलहाल नहीं है।

---

## जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधित) बिल पास

# पीओके नेहरू का ब्लंडर: अमित शाह

## नेहरू की गलितयों का खामियाजा कश्मीरियों ने भुगता

संसद के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन लोकसभा में जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) बिल और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) बिल पास हो गये। सदन में चर्चा के दौरान अमित शाह ने जवाहर लाल नेहरू को कोट किया। गृह मंत्री ने कहा- 'नेहरू ने शेख अब्दुल्ला को लिखा था कि कश्मीर मुद्दा यूएन ले जाना गलती थी।' शाह के बयान पर कांग्रेस समेत विपक्ष ने हंगामा किया। शाह ने कहा कि मैंने वही बात कही, जो खुद नेहरू ने अब्दुल्ला से कही थी। शाह ने यह भी कहा कि कश्मीर में सेना जीत रही थी, तभी सीजफायर कर दिया गया। नेहरू की गलती से पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर पीओके बन गया। देश की जमीन का जाना नेहरू का ब्लंडर था।

### इंग्लैंड में छुट्टियां मना रहे थे और कहते हैं कुर्बानी दी!

अमित शाह ने कहा कि हम सब जानते हैं कि महाराजा हरि सिंह ने जम्मू-कश्मीर का भारतीय संघ में विलय का निर्णय किया। उस वक्त से लेकर अब तक कई उतार-चढ़ाव हुए। 1980 के दशक के बाद आतंकवाद का एक दौर भी आया और वो बड़ा भयावह दृश्य था। पीढ़ियों से, सदियों से जो लोग अपनी भूमि पर रहते थे, अपना देश समझ कर रहते थे, अपनी जन्मभूमि समझ कर रहते थे, वो मूल समेत उखड़ गये। किसी ने इनकी केयर नहीं की, इनकी चिंता भी नहीं की। इसे रोकने का प्रयास भी नहीं किया। और कई बार तो रोकने की जिनकी जिम्मेदारी थी, वो इंग्लैंड में छुट्टियां मना रहे थे। मैं नाम नहीं लेना चाहता। फिर कहते हैं- हमने कुर्बानी दी।

### जम्मू-कश्मीर से हजारों परिवार विस्थापित हुए

अमित शाह ने कहा कि मौजूदा आंकड़ों के अनुसार, 46,631 परिवार और 1,57,967 लोग अपने ही देश में विस्थापित हो गये। अगर सटीक काम, सटीक उपाय और सख्ती के साथ, वोट बैंक की राजनीति के बगैर उस वक्त उभरते हुए आतंकवाद को खत्म किया होता, तो आज उनको अपना प्रदेश छोड़ने की जरूरत ही नहीं पड़ती और ना आज मुझे बिल लेकर सदन के सामने आना पड़ता। कश्मीर के लिए तीन युद्ध हुए। 1947 में पाकिस्तान ने कबायलियों के नाम पर आक्रमण किया। उसमें लगभग 31,779 परिवार पाक अधिकृत जम्मू-कश्मीर (पीओके) से जम्मू-कश्मीर में विस्थापित हुए। इनमें से 26,319 परिवार जम्मू-कश्मीर और 5,400 के करीब परिवार देशभर में फैल गये। वो पाकिस्तान के हमले के शिकार थे। इसके अतिरिक्त 1965 और 1971 में भी युद्ध हुए। उसमें 10,065 परिवार विस्थापित हुए और कुल मिला कर तीनों युद्धों में कुल मिला कर 41,744 परिवार विस्थापित हुए। ये विधेयक उनको अधिकार देने का बिल है। यह उनको प्रतिनिधित्व देने का बिल है।

### हमने न्यायायिक परिसीमन किया

पहले जम्मू-कश्मीर के चुनाव क्षेत्रों का परिसीमन ऐसा हुआ था कि एक क्षेत्र का दूसरा इलाका 15 किमी दूर होता था। क्यों? क्योंकि चुनाव जीतना है। हमने न्यायायिक परिसीमन किया। अगर परिसीमन की प्रक्रिया ही पवित्र नहीं है तो लोकतंत्र कभी पवित्र नहीं रह सकता है। इसलिए हमने इस बिल के अंदर व्यवस्था की थी कि न्यायिक परिसीमन की जाये। इस प्रक्रिया में पीओके से आये हुए लोगों ने आवेदन दिये थे, कश्मीर घाटी से भाग कर जम्मू में शरण लेने वाले लोगों ने और कश्मीर घाटी से भाग कर देशभर में फैले हुए लोगों ने भी आवेदन दिये थे कि हमारे प्रतिनिधित्व की व्यवस्था की जाये। परिसीमन आयोग ने इसका संज्ञान लिया। विधानसभा में दो सीटें कश्मीरी विस्थापितों के लिए और एक सीट पीओके से विस्थापित व्यक्ति के लिए रिजर्व करने का प्रावधान किया गया। इन तीन सीटों में एक महिला की सीट होगी। पहली बार नौ सीटें एसटी के लिए आरक्षित की गयी हैं। एससी के लिए भी आरक्षण की व्यवस्था की गयी है।



### यह कोई इंदिरा गांधी की सरकार नहीं है

अमित शाह ने अपने भाषण में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का नाम लेकर भी कांग्रेस पार्टी पर प्रहार किया। उन्होंने कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी के भाषण का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने अनुच्छेद तीन में कहीं पर भी केंद्रशासित प्रदेश का प्रावधान नहीं होने का दावा किया है। शाह ने स्पष्टीकरण में संविधान के अनुच्छेद 3 को सदन में पढ़ा। फिर कहा, 'इतना बड़ा गैर-कानूनी काम नरेंद्र मोदी सरकार नहीं कर सकती है। यह कोई इंदिरा गांधी की सरकार नहीं है जो इस प्रकार के कानून लेकर आये।'

### अब जम्मू-कश्मीर में दो एम्स हैं, मल्टीप्लेक्स भी हैं

अमित शाह ने कहा कि विपक्ष पूछता है कि कश्मीर में क्या फर्क पड़ा। अब जम्मू-कश्मीर में दो एम्स हैं, मल्टीप्लेक्स खुले, 370 हटने के बाद चार थिएटर बने। कश्मीर में फिल्मों की शूटिंग हो रही है। अब पथराव की घटनाएं नहीं होतीं। हमने टेरर फंडिंग रोकी। जो कहते थे कि 370 हटा तो खून की नदियां बह जायेंगी, 370 हटने के बाद कंकड़ तक नहीं फेंका गया।

### जम्मू-कश्मीर विधानसभा में सीटों का बंटवारा

जम्मू में पहले 37 सीटें थीं। यह भी न्याय का सवाल है। अब 43 हुई हैं। कश्मीर में पहले 46 थीं, अब 47 हुई हैं। पीओके की 24 सीटें हमने रिजर्व की हैं, क्योंकि वह हमारा है। पहले 107 सीटें जम्मू-कश्मीर विधानसभा में थीं और 114 हुई हैं। पहले दो नामांकित सदस्य होते थे, अब पांच होंगे। जम्मू-कश्मीर के कानून के हिसाब से दो महिलाओं को राज्यपाल मनोनीत करते हैं।

### कश्मीरी विस्थापितों को दिलाया न्याय

जब आतंकवाद चालू हुआ, निशाना बना कर सबको भगाना शुरू हुआ, तब घड़ियाली आंसू बहाने वाले तो मैंने बहुत देखे, शब्दों से अच्छे तरीके से सांत्वना देने वाले मैंने बहुत नेता देखे हैं, लेकिन नरेंद्र मोदी एकमात्र व्यक्ति ऐसा हैं, जिन्होंने आंसू पोंछने का काम किया। उनकी पीड़ा की हम कल्पना नहीं कर सकते, जो जान बचा कर देशभर में कैंपों में रहे हैं और अपने स्तर से नीचे का जीवन जी रहे हैं। वो जब भागे, तो करोड़ों की उनकी संपत्ति पर कब्जा हो गया। कब्जा करनेवालों ने उन्हें मजबूर किया औने-पौने दाम लेने के लिए। करोड़ों रुपये की संपत्ति एक प्रकार से छीन ली गयी और प्रशासन चुपचाप बैठा रहा, कोई कदम नहीं उठाया। हमने कानून बनाया और पिछली तारीखों से उन्हें संपत्ति वापस दिलाने की राह सुनिश्चित की।

### ओबीसी के साथ कांग्रेस ने किया ऐतिहासिक अन्याय

कुछ नेता होते हैं, जिनको कुछ लिख कर हाथ में पकड़ा दो तो छह महीने नया कागज नहीं आये तब तक वही बोलते रहते हैं। बैकवर्ड क्लास, बैकवर्ड क्लास... पहले अपना इतिहास तो देख लीजिए। मैं ऐतिहासिक सत्य के साथ इस सदन के अंदर बयान देने में झिझक नहीं रहा हूं कि बैकवर्ड क्लास का सबसे बड़ा विरोध और बैकवर्ड क्लास को रोकने का काम किसी एक पार्टी ने किया है तो कांग्रेस पार्टी ने किया है। मैं पूछना चाहता हूं इस पवित्र सदन में- पिछड़ा वर्ग आयोग को 70 साल से संवैधानिक मान्यता नहीं दी गयी, क्यों ? जबकि संविधान का मैंडेट है।

### दो बड़ी गलतियां नेहरू गांधी के कार्यकाल में हुईं

अमित शाह ने कहा कि दो बड़ी गलतियां नेहरू के कार्यकाल में हुईं। नेहरू के समय में जो गलतियां हुई थीं, उसका खामियाजा वर्षों तक कश्मीर को उठाना पड़ा। पहली और सबसे बड़ी गलती वह थी, जब हमारी सेना जीत रही थी, पंजाब का क्षेत्र आते ही संघर्ष विराम कर दिया गया और पीओके का जन्म हुआ। अगर संघर्ष विराम तीन दिन बाद होता तो आज पीओके भारत का हिस्सा होता। दूसरा ब्लंडर संयुक्त राष्ट्र में भारत के आंतरिक मसले को ले जाने का था। मेरा मानना है कि इस मामले को संयुक्त राष्ट्र में नहीं ले जाना चाहिए था, लेकिन अगर ले जाना था तो संयुक्त राष्ट्र के चार्टर 51 के तहत ले जाना चाहिए था, लेकिन चार्टर 35 के तहत ले जाया गया। नेहरू ने खुद माना था कि यह गलती थी, लेकिन मैं मानता हूं कि यह ब्लंडर था।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
189200 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 21.0 °c | 15.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.03 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.17 बजे |



# सीएम में आदिवासियों के लिए कोई संवेदना नहीं : बाबूलाल

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आदिवासी होने का केवल दंभ भरते हैं
- 2024 में राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटें जीतेगा एनडीए
- झारखंड में बनेगी भाजपा नेतृत्व की मजबूत सरकार

कार्तिक कुमार

**लिट्टीपाड़ा (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को बारिश के बीच अनुसूचित जनजाति मोर्चा द्वारा संथाल परगना में आयोजित मोटर साइकिल रैली का नेतृत्व किया। दो दिवसीय मोटर साइकिल रैली के द्वितीय चरण का बुधवार को दूसरा दिन था। श्री मरांडी ने बीती रात कुमारभजा गांव के आवासीय विद्यालय में रात्रि विश्राम किया। ग्रामीणों की समस्या से प्रत्यक्ष रूबरू हुए। रैली में कुमारभाजा, लिट्टीपाड़ा से पाकुड़िया तक सैकड़ों आदिवासी युवा शामिल हुए। जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं पारंपरिक रूप से श्री मरांडी का स्वागत हुआ। महिलाएं घंटों तक छाता लगाये अपने नेता के स्वागत में खड़ी रहीं।

मोटर साइकिल रैली को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा आदिवासी समाज को उसका हक और अधिकार दिलाने, विकास की मुख्यधारा से



जोड़ने के लिए संकल्पित है।

उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर हमला बोलते हुए कहा कि वहआदिवासी होने का केवल दंभ भरते हैं। उनके मन में समाज के लिए न कोई सोच है, न सम्मान है और न संवेदना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को अपने क्षेत्र में मलेरिया से हुई मौत की चिंता नहीं। वे पीड़ितों से मिलना भी जरूरी नहीं समझते। कहा कि संथाल परगना में कई स्थानों पर पिछली भाजपा सरकार में स्वीकृत आवासीय विद्यालय बन कर चार वर्षों से उद्घाटन की बांट जोह रहे। सरकार चाहती तो यहां शिक्षक भी होते और बच्चे भी पढ़ते। उन्होंने कहा कि संथाल परगना का क्षेत्र माइनर मिनरल का है, लेकिन सारे ठेकेदार बाहर के लोग हैं। मुख्यमंत्री के चहेते, दलाल, बिचौलिये हैं। स्थानीय लोग, जिनकी जमीन पर खदान है, वे चुपचाप देखने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आदिवासी समाज को उनका हक और अधिकार दिलायेगी, जिनकी जमीन, वही होगा खदान का मालिक।

मरांडी ने कहा कि मोदी सरकार लगातार जनजातियों के लिए योजनाएं चला रही है। चाहे जनजाति गांव का विकास हो या शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन, सभी क्षेत्र की योजनाएं चलायी जा रहीं। युवाओं को ऋण के माध्यम से रोजगार से जोड़ा जा रहा। जनजाति क्षेत्र के उत्पाद को विश्व व्यापार से जोड़ा जा रहा।

कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने अलग राज्य दिये। जनजाति मंत्रालय बनाया। आज मोदी मंत्रिमंडल में आठ मंत्री पहली बार जनजाति समाज से हैं।

उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के स्वतंत्रता सेनानी, महापुरुषों को आजादी के बाद कभी सम्मान नहीं मिला, लेकिन मोदी सरकार ने जनजाति समाज का गौरव बढ़ाया। आज पहली बार देश में जनजाति समाज की बेटी द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति पद को सुशोभित कर रही हैं।

# सरकार की नीति और नीयत में खोट के कारण झारखंड से पलायन: दीपक प्रकाश

**राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान उठाया मामला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यसभा सासंद दीपक प्रकाश ने राज्यसभा के शून्यकाल में झारखंड से हो रहे पलायन के मामले को बुधवार को उठाया। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य लोहा, तांबा, सोना, अभ्रक, बॉक्साइट, यूरेनियम सहित कई अन्य खनिज संपदा से परिपूर्ण राज्य है। इस आधार पर कई उद्योग यहां लग सकते हैं, लेकिन राज्य सरकार की नीति के कारण इसमें बाधाएं हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की सभी अहर्ता को पूरा करने के बावजूद राज्य सरकार की गलत नीयत के कारण



झारखंड में माइंस बंद हैं। केंद्र सरकार के द्वारा खदानों का लीज आवंटन किया जा रहा है, लेकिन राज्य सरकार की गलत नीति और नीयत के कारण उद्योगपतियों के लिए भूमि अधिग्रहण नहीं हो पा रहा है।

दीपक प्रकाश ने कहा कि झारखंड के माइंस नहीं खुलने के कारण के पीछे सरकार के संरक्षण में संगठित अपराधियों और दलालों का गिरोह काम कर रहा है। इन अपराधियों और दलालों के माध्यम से अवैध खनन हो रहा है। राज्य एवं केंद्र सरकार के राजस्व में कमी हो रही है। मजदूरों के पलायन के मुद्दे पर जब श्री प्रकाश बोल रहे थे, तो इस दौरान विपक्षी दलों की ओर से टोका-टोकी की गयी। इसी बीच उन्होंने कहा कि वे राज्य में कोयला, भूमि, शराब घोटाले की बात नहीं कर रहे हैं, बल्कि राज्य की वर्तमान परिस्थितियों से सदन को अवगत करा रहे हैं।

पूर्व मध्य रेल

निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या: 03-MC-ROH-BRWD-23-24

वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समाडी), पूर्व मध्य रेल धनबाद के दवारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–खुली निविदा (e-open tender) Single Packet System में IREPS Portal में आमंत्रित की जाती है:– (1) कार्य का नाम: दो वर्षो के लिए बरवाडीह ROH शेड मे ROH wagons का मरम्मत कार्य। (2) संविदा कि अवधि: 2 वर्ष / 24 महीना। (3) कार्य स्थान: धनबाद डिवीजन के बरवाडीह डिपो। (4) अनुमानित बोली मूल्य: Rs. 1,41,03,547.50 (रूपया एक करोड इकतालीस लाख तीन हजार पांच सौ सैतालिस एवं पैसा पचास) मात्र। (5) बयाना राशि: Rs. 2,20,500.00 (रूपया दो लाख बीस हजार पांच सौ) मात्र। (6) निविदा जमा करने का तारीख तथा समय: ई–निविदा जमा करने का तारीख 08/12/2023 से 22/12/2023 को 17:00 बजे तक। (7) निविदा खुलने का तारीख तथा समय: 22/12/2023 को 17:30 बजे। (8) बेब साईट विवरण: http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नही की जाएगी। वरीय मण्डल यांत्रिक अभियता (समाडि)

पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/01790/डीएचएन/एमईसीएच/टी/23–24/28

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** नवीन कार्य की शुरूआत करने के लिए समय ठीक है,परंतु स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव।
- **वृष** प्रयास व उत्साह से कई बिगड़े काम संवर जायेंगे, क्रोध व आवेश पर नियंत्रण रखें।
- **मिथुन** सरकार की ओर से धन व मान-सम्मान की प्राप्ति होगी, नौकरी में प्रमोशन के अवसर मिल सकता है ।
- **कर्क** नौकरी या व्यवसाय में परिवर्तन हो सकता है,जो भविष्य में लाभकारी सिद्ध होगा।
- **सिंह** नया काम इस समय हाथ में न लें, जिससे मन एकदम परेशान व आप भयभीत हो उठेंगे।
- **कन्या** व्यापार व कार्यक्षेत्र की चिन्ताओं से आप मुक्त हो जायेंगे, जीवन साथी से व्याप्त मतभेदों का निराकरण होगा।
- **तुला** रोजी-रोजगार में अवरोध-विरोध का सामना हो सकता है,विरोधी प्रबल होकर हावी होंगे।
- **वृश्चिक** बिगड़ा हुआ कार्य सुधरेगा तथा धन प्राप्ति के लिए किए गए प्रयासों में बराबर सफलता मिलेगी।
- **धनु** कारोबार व कार्यक्षेत्र में आपकी उन्नति का मार्ग प्रशस्त होंगे, आपके अपने परिश्रम का पूरा पूरा फल मिलेगा।
- **मकर** आस-पड़ोस व मित्रों का सहयोग मिलेगा,कोरोबार के हालात पुछले दिनों से कुछ बेहतर होंगे।
- **कुंभ** विघ्न बाधाओं के वाबजूद सफलता तथा धन प्राप्ति के साधन बनेंगे,परिश्रम सफल होगी।
- **मीन** मिले-जुले परिणाम प्राप्त होंगे, आय में कुछ कमी रहेगी, फिर भी आय के साधन निर्वाह योग्य बने रहेंगे।

## सांसद संजय सेठ के सवाल पर लोस में रेल मंत्री जवाब

# राज्य सरकार के सकारात्मक नहीं होने से रेल परियोजनाएं अधर में

**एक साल में रांची-हटिया स्टेशन से 76 करोड़ का राजस्व**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में सरकार की सकारात्मक पहल नहीं होने के कारण कई स्थानों पर रेलवे की परियोजनाएं अधर में लटकी हैं। यह जानकारी केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में दी। सांसद संजय सेठ ने सवाल पूछा था कि रांची में रेलवे द्वारा कितने स्थान पर अंडरपास या रेलवे ब्रिज का निर्माण किया जाना है। इसके अलावा सांसद ने एक साल के दौरान रांची-हटिया स्टेशन से प्राप्त राजस्व की भी जानकारी मांगी थी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि रांची लोकसभा क्षेत्र में छह



ओवरब्रिज का निर्माण होना है। इसमें तीन रोड ओवर ब्रिज है। इसके अलावा 12 अंडर पास का भी निर्माण होना है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि चुटिया पावर हाउस के पास नामकुम रांची स्टेशन के बीच रेलवे फाटक के स्थान पर रोड ओवरब्रिज का निर्माण किया जाना है, परंतु राज्य सरकार द्वारा इसे अंतिम रूप नहीं दिया गया है। रांची के पिस्का के पास नयासराय में आरओबी का निर्माण पूरा करना है। रेलवे ने अपने हिस्से का कार्य पूरा कर लिया है। शेष कार्य राज्य सरकार के द्वारा किया जाना है। वहीं रांची के ही मेकॉन कॉलोनी में एक अंडर ब्रिज का निर्माण पूर्ण किया गया है। बताया कि मुरी जंक्शन के समीप 5.9 किलोमीटर लंबे सिलाई इलू बाइपास रेल लाइन के निर्माण के लिए अंतिम स्थान निर्धारण सर्वेक्षण का कार्य हो चुका है। पिछले एक वर्ष के दौरान रांची रेलवे स्टेशन से रेलवे को 45.25 करोड़, हटिया स्टेशन से 30.64 करोड़ राजस्व की प्राप्ति हुई है।

# डॉ. अंबेडकर भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार थे : कर्मवीर

**बाबा साहब ने हर किसी के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर उन दुर्लभ व्यक्तित्वों में से एक थे जिन्होंने भारत और भारतीय समाज के भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। न केवल दलित, बल्कि उन्होंने हर किसी के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी, जिसे बराबरी के हक से वंचित रखा गया। आज जो समानता, मौलिक




अधिकार और विशेषाधिकार हमें प्राप्त हैं, वे सभी बाबा साहब की ही देन हैं। उक्त बातें संगठन महामंत्री, झारखंड कर्मवीर सिंह ने भाजपा प्रदेश कार्यालय एवं पिठौरिया के कृष्णा पैलेस के सभागार में आयोजित महापरिनिर्वाण दिवस एवं संविधान गौरव पखवाड़ा के समापन कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ी को डॉ. अंबेडकर के कार्यों के बारे से अवगत करना हम सभी का दायित्व है। कहा कि बाबा साहब अपने जमाने के सबसे ज्यादा पढ़े लिखे महान विद्वान लोगों में से एक थे। उनके पास अलग-अलग 32 विषयों की डिग्रियां थीं। बाबा साहब को किताबे पढ़ने का शौक था। उनके पास किताबों का विशाल व बेहतरीन संग्रह था। संगठन महामंत्री ने कहा कि बाबा साहब के बताये आदर्श पर चल कर ही हम एक सुखी और समृद्ध विकसित राष्ट्र की परिकल्पना साकार कर सकते हैं। इसके पूर्व प्रदेश कार्यालय में बाबा साहब के चित्र पर क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित प्रदेश के नेता, कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

## अमन सिंह हत्याकांड

# जेल में पैर दबाने वाले ने ही जिस्म में उतार दी थीं गोलियां

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अमन सिंह की हत्या के आरोपी रितेश यादव उर्फ सुंदर महतो से सरायढेला में पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है। उसे सोमवार को पांच दिनों के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हत्यारोपी रितेश यादव उर्फ सुंदर ने जुर्म कबूल कर लिया है। उसका कहना है कि उसने ही अमन सिंह को एक पिस्टल से नौ गोली मारी थी। मैगजीन में 14 गोलियां थीं। जब अमन सिंह अस्पताल वार्ड के बिस्तर पर लेट कर गाना सुन रहा था, तभी वह पिस्टल लेकर उसके पास गया और दनादन गोलियां चलाने लगा। अंत



में उसके सिर पर गोली मारी। जब वह पूरी तरह से संतुष्ट हो गया कि अमन सिंह की मौत हो गयी, तब वह वहां से हटा और पिस्टल को जेल परिसर से बाहर बेकारबांध की तरफ फेंक दिया। उसने स्वीकार किया कि इस हत्याकांड का साजिशकर्ता आशीष रंजन उर्फ छोटू और रिंकू सिंह है। दोनों ने इस घटना को अंजाम देने के लिए अच्छी खासी राशि देने की बात कही थी। बताया कि वह जेल में 25 नवंबर को आया था और अमन सिंह का पैर दबाता था। हत्या के पहले और बाद में कई बंदियों ने उसका सहयोग किया।

**दोनों पिस्टल और गोली भेजी जायेगी एफएसएल :** पुलिस सूत्रों ने बताया कि एक ही पिस्टल से गोली मारी गयी थी, लेकिन बैकअप के लिए दो पिस्टल मंगवायी गयी थी। घटना को अंजाम देने के बाद पिस्टल को फेंक दिया गया, जो बाद में बरामद किया गया। पिस्टल और गोलियों को एफएसएल में जांच के लिए भेजा जायेगा।

# एफआइआर के लिए भटक रही आदिवासी युवती

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दुमका के मसानजोर थाना क्षेत्र की रहने वाली 25 वर्षीय आदिवासी युवती न्याय के लिए भटक रही है। वह दुष्कर्म की शिकार है। शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ संबंध बनाया गया था। सोनाहातू का लड़का अजय कुमार विधान पिछले माह दूसरी युवती से शादी कर लिया। आदिवासी युवती जब सोनाहातू गयी तो पुलिस के सामने उसके साथ मारपीट की गयी और थाना वालों ने उसे भगा दिया। कोई शिकायत दर्ज नहीं की गयी। जब वह दुमका के एसपी से मिलने गयी तो उनका कहना था कि यहां केस करने से कोई फायदा नहीं।

**क्या है मामला :** दुमका की युवती रांची के बड़े मॉल में जॉब करती थी। वहीं उसकी दोस्ती अजय से हो गयी।

**दुमका में क्या हुआ**

**दुमका में वहां की थाना पुलिस ने एक बात नहीं सुनी। पिछले एक माह से परेशान है और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगा रही है। अब उसने राज्य के सीनियर आइपीएस अधिकारियों को पत्र लिखा है।**

दोनों साथ रहने लगे शर्त थी शादी की। सोनाहातू के लड़के की जब दूसरी जगह शादी हो गयी तो वह उसके पिता से मिलने गयी। वहां पुलिस के समक्ष उसके साथ दुर्व्यवहार किया गया। अजय का परिवार बोगादार गांव के रहने वाले हैं। थकी हारी युवती सोनाहातू पुलिस से न्याय की गुहार लगाती रही। लेकिन उसकी एक बात नहीं सुनी गयी। लोअर बाजार पुलिस ने भी कोई एफआइआर दर्ज नहीं किया।

# अमीषा पटेल ने जुर्माना भरा

**रांची (आजाद सिपाही)। फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल से जुड़े चेक बाउंस मामले में बुधवार को रांची सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान अमीषा पटेल की ओर से उनके अधिवक्ता ने कोर्ट द्वारा पूर्व की सुनवाई में लगाये गये जुर्माना की राशि अदालत में जमा की। इसके बाद शिकायतकर्ता के गवाह अजय कुमार का क्रॉस एग्जामिन किया गया। अब इस मामले की सुनवाई 11 दिसंबर को होगी।अमीषा पटेल पर चेक बाउंस का केस चल रहा है। यह मामला वर्ष 2017 का है। आरोपों के मुताबिक, फिल्म देसी मैजिक बनाने के नाम पर अजय सिंह ने ढाई करोड़ रुपये अमीषा पटेल के खाते में ट्रांसफर कर दिये। अजय कुमार सिंह लवली वर्ल्ड इंटरटेनमेंट के प्रोपराइटर हैं। फिल्म नहीं बनाने और पैसे वापस नहीं होने के बाद अजय कुमार सिंह ने अमीषा पटेल पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया। इस मामले में अमीषा पटेल ने 17 जून को रांची सिविल कोर्ट में सरेंडर किया था।**

# इडी के समन पर हाजिर नहीं हुए नौशाद आलम

**चिट्ठी लिख विधि-व्यवस्था का दिया हवाला, मांगी मोहलत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विजय हांसदा को दिल्ली भेजने की व्यवस्था करने के आरोप में साहिबगंज एसपी नौशाद आलम इडी के रडार पर हैं। उन्हें इडी की तरफ से बुधवार को पूछताछ के लिए रांची स्थित कार्यालय बुलाया गया था, लेकिन वह नहीं आये। नौशाद आलम ने इडी को चिट्ठी लिख कर समय मांगा है। उन्होंने अपनी चिट्ठी में लॉ एंड ऑर्डर का हवाला दिया है। अब इडी तीसरी बार नौशाद आलम को समन कर बुला सकती है। इससे पहले नौशाद आलम से इडी पूछताछ कर चुकी है।



साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन के मामले में मुख्य गवाह विजय हांसदा को प्रभावित करने के मामले में एसपी नौशाद आलम से इडी ने 28 नवंबर को पूछताछ की थी, लेकिन नौशाद आलम के जवाबों से इडी के अधिकारी संतुष्ट नहीं हुए और उन्हें दूसरी बार फिर से 6 दिसंबर को बुलाया गया। पहली बार पूछताछ के दौरान नौशाद आलम गोल-मटोल जवाब देते रहे, जिसके बाद उन्हें दोबारा बुलाया गया था।

# हाइकोर्ट ने संपत्ति अटैच करने के आदेश पर लगायी रोक

## कॉमर्शियल कोर्ट ने परिवहन विभाग कार्यालय की संपत्ति अटैच करने का दिया था आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने परिवहन विभाग की एफएफपी बिल्डिंग स्थित कार्यालय की पूरी संपत्ति को अटैच करने के कॉमर्शियल कोर्ट के आदेश पर बुधवार को रोक लगा दी है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में मेसर्स केएस सॉफ्टनेट सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड को चार सप्ताह में प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है।

खंडपीठ ने कॉमर्शियल कोर्ट के द्वारा परिवहन विभाग की पूरी संपत्ति को अटैच करने के 13 जुलाई और 24 नवंबर के आदेश पर रोक लगा दी है। मामले को लेकर परिवहन विभाग द्वारा हाइकोर्ट में दीवानी याचिका दाखिल की गयी थी।

**कंपनी की दस करोड़ की राशि बकाया**

**मेसर्स केएस सॉफ्टनेट सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड का झारखंड सरकार पर 10 करोड़ 6 लाख 71 हजार रुपये से अधिक का बकाया है। इस राशि पर 15 फीसदी की दर से ब्याज भी भुगतान करना था। कंपनी के साथ परिवहन विभाग झारखंड सरकार ने 2004 में नौ इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट बनाने का अनुबंध किया था, लेकिन दो साल बीतने के बाद भी कंपनी को केवल पांच स्थानों पर जमीन दी गयी। उस पर भी अलग-अलग विभागों से क्लीयरेंस नहीं दिया गया। 12 अप्रैल 2013 को जमीन अधिग्रहण और अन्य समस्याओं को देखते हुए राज्य के तत्कालीन मुख्य सचिव द्वारा काम को रोक दिया गया। जब झारखंड सरकार द्वारा बकाया पैसा कंपनी को नहीं दिया गया, तब कंपनी के द्वारा कॉमर्शियल कोर्ट रांची में इसी साल केस दायर किया गया था।**

झारखंड सरकार के परिवहन विभाग के धुर्वा स्थित परिवहन विभाग के एफएफपी बिल्डिंग स्थित कार्यालय की पूरी संपत्ति को सिविल कोर्ट रांची के आदेश पर मंगलवार को टीम द्वारा अटैच कर ली गयी थी। संपत्ति को अटैच कॉमर्शियल कोर्ट के आदेश पर किया गया था। अदालत ने यह आदेश मुंबई की कंपनी मेसर्स केएस सॉफ्टनेट सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड की ओर से दाखिल केस की सुनवाई के दौरान दिया था।

## हाइकोर्ट का आदेश

# चांडिल प्रखंड के प्रमुख पद पर बरकरार रहेंगी अमला मुर्मू

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट में बुधवार को अमला मुर्मू की याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने यह आदेश पारित किया कि अमला मुर्मू चांडिल प्रखंड के प्रमुख पद पर बरकरार रहेंगी। दरअसल, पिछले वर्ष हुए पंचायत चुनाव में अमला मुर्मू ने अनुसूचित जनजाति आरक्षित सीट से भादूडीह पंचायत समिति सदस्य के लिए चुनाव लड़ा और जीती भी। इसके बाद वह चांडिल प्रमुख पद के लिए निर्वाचित हुईं। उनके निर्वाचन को गुरुपद हांसदा ने सरायकेला डीसी के समक्ष यह कह कर चुनौती दी कि अमला का जाति प्रमाण पत्र सही नहीं है। शिकायत पर डीसी ने अमला मुर्मू के खिलाफ फैसला सुनाते हुए उनके प्रमुख और पंचायत समिति सदस्य के पद को रद्द कर दिया था और प्रखंड प्रमुख का चुनाव कराने का आदेश जारी किया था। डीसी के इस आदेश को अमला मुर्मू ने हाइकोर्ट में चुनौती दी थी। इस पर झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत में सुनवाई हुई।

# खुले आसमान में बैठ कर पढ़ने को मजबूर हैं छात्र

**लुंगटु खास गांव में चार महीना से ट्रांसफार्मर खराब**

हिमांशु रंजन

**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लुंगटु खास गांव में चार महीना से बिजली ट्रांसफार्मर खराब होने से स्थानीय ग्रामीण समेत छात्र-छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे दुखद पहलू है कि यहां के बच्चे वर्तमान विधायक मद से लगायी गयी सोलर लाइट के नीचे ठंड और ओस में बैठ कर पढ़ने को मजबूर हैं। इस संबंध में युवा समाजसेवी संतोष तिर्की ने बताया कि गांव के बच्चे बिजली ट्रांसफार्मर खराब होने से खुले आसमान में बैठ कर पढ़ने को मजबूर हैं, जिससे उनकी तबीयत खराब होने की संभावना



बनी हुई है, लेकिन इस पर किसी भी राजनीतिक, प्रशासनिक और विभागीय व्यक्ति की नजर नहीं पड़ती है।

मालूम हो कि लुंगटु हाथी प्रभावित गांव भी है और आये दिन जंगली हाथी आते रहते हैं। बिजली नहीं रहने से रात को स्थानीय ग्रामीण दहशत में रहने को मजबूर हैं।

कोर्ट नोटिस

ब– अदालत
श्रीमान् प्रधान न्यायाधीश,
कुटुम्ब न्यायालय, गढ़वा ।

ओरिजनल (Os) सूट नम्बर–148/2023

आवेदक–अवधेश कुमार उर्फ अवधेश कुमार गुप्ता पिता– बिरेन्द्र साव, निवासी ग्राम व पोस्ट तथा थाना–मेराल, जिला–गढ़वा (झारखण्ड)

बनाम–विपक्षी आकृति कुमारी पिता –अवधेश साव, निवासी ग्राम – तरवाडीह (तरवाड़ी),पोस्ट –नावागढ़, थाना व जिला–लातेहार (झारखण्ड)

बजरिये इस नोटिस के द्वारा आप (आकृति कुमारी) को सूचित किया जाता है कि आवेदक (अवधेश कुमार उर्फ अवधेश कुमार गुप्ता) ने आपके विरूद्ध इस न्यायालय में ओरिजनल वाद संख्या 148/2023 (धारा 9 हिन्दू विवाह अधिनियम) के अंतर्गत वैवाहिक अधिकारों के पुर्नस्थापना हेतु दायर किया है, जिसमें आपकी उपस्थिति हेतु नजारत एवं स्पीड पोस्ट दोनों के माध्यम से नोटिस निर्गत किया गया था जिसके फलस्वरूप स्पीड पोस्ट के माध्यम से निर्गत नोटिस दिनांक 02.09. 2023 को आपको प्राप्त हो गयी है पर उसके बावजूद भी आप अपना पक्ष रखने के लिए न्यायालय में उपस्थित नहीं हुई।

अत: आपको इस पेपर प्रकाशन के माध्यम से निर्देश दिया जाता है कि इस वाद की अगली नियत तिथि दिनांक 05.01. 2024 को समय 10:30 बजे पूर्वाह्न में इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा वाद की कार्यवाही आपके विरूध एकपक्षीय कर दी जायेगी।

इसे सख्त ताकीद जानें।

आज दिनांक 05.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय, गढ़वा ।








# डीसी ने रद्द किये 100 से ज्यादा आर्म्स लाइसेंस

### कई और के लाइसेंस रद्द करने की तैयारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला प्रशासन ने वैसे आर्म्स लाइसेंस धारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है, जिन पर हाल के दिनों में गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हुए हैं। आंकड़े बताते हैं कि रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा के आदेश पर पिछले करीब 18 महीने में 100 से ज्यादा लोगों के हथियार के लाइसेंस रद्द किये गये हैं। इनमें वैसे लोगों का नाम भी शामिल है, जिनका लाइसेंस उम्र ज्यादा होने के कारण रद्द किया गया है। कई लोगों ने अपनी स्वेच्छा से भी आर्म्स के लाइसेंस को सरेंडर किया है। वहीं जिला प्रशासन कई ऐसे लाइसेंसधारियों का लाइसेंस रद्द करने की तैयारी में है, जिनके खिलाफ हथियार के दुरुपयोग की शिकायत आयी है। आर्म्स लाइसेंस धारियों के खिलाफ इस ताबड़तोड़ कार्रवाई के बाद भी हथियार का लाइसेंस लेने की चाहत रखने वालों की संख्या में कमी नहीं आ रही है। जानकारी के मुताबिक, हर महीने रांची में हथियार के लाइसेंस के लिए लगभग 30 से ज्यादा आवेदन आ रहे हैं, लेकिन सभी तरह की प्रक्रिया पूरी करने और सभी मानक को पूरा करने वाले लोगों को ही लाइसेंस दिया जा रहा है। इसकी संख्या काफी कम है। फिलहाल 350 से ज्यादा आर्म्स लाइसेंस के आवेदन लंबित हैं।

## शराब कारोबारी की जमानत पर सुनवाई पूरी

रांची (आजाद सिपाही)। शराब घोटाले के जरिये मनी लांड्रिंग करने के आरोपी शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी की जमानत अर्जी पर रांची प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट की विशेष अदालत में सुनवाई पूरी हो गयी है। दोनों पक्षों की ओर से सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत अब अपना फैसला सुनायेगी। योगेंद्र तिवारी की ओर से हाइकोर्ट के अधिवक्ता सुमित गड़ोदिया और रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा ने बहस की। इंफोर्समेंट डायरेक्टोरेट ने शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी को 19 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। उन पर शराब घोटाला के जरिये अवैध कमाई करने और मनी लांड्रिंग का आरोप है। इस मामले में इडी ने 23 अगस्त को 34 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। इन ठिकानों में योगेंद्र तिवारी के देवघर स्थित होटल सिद्धार्थ के सामने स्थित गोदाम, बोंपासस टाउन स्थित डॉ राजीव पांडेय अस्पताल के पास स्थित आवास, हरमू हाउसिंग कॉलोनी के डी-2 स्थित मेसर्स संथाल परगना बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड और जामताड़ा के दो ठिकाने शामिल थे।

## करणी सेना प्रमुख गोगामेड़ी की हत्या से रांची में उबाल

# हत्यारे को फांसी की मांग आक्रोश मार्च निकाला

### अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** राजपूत करणी सेना के प्रमुख सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के विरोध और अपराधियों को कड़ी सजा की मांग को लेकर देशभर में उबाल है। इसे लेकर रांची में भी आक्रोश मार्च निकाला गया। साथ ही अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की गयी। हत्या के विरोध में सभी क्षत्रियों ने एक स्वर में कहा कि यह जघन्य अपराध है। ऐसे अपराधियों को फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर फांसी देनी चाहिए। ऐसे लोग जब तक जिंदा रहेंगे, हत्याएं होती रहेंगी।

कहा गया कि लोअर कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक ऐसे अपराधियों पर त्वरित सुनवाई करते हुए फांसी की सजा मिलनी चाहिए। कहा गया कि गोगामेड़ी काफी लंबे समय से सुरक्षा की गुहार लगा रहे थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

सरकार को चाहिए की इस विपदा की घड़ी में उनके परिवार को सुरक्षा मुहैया करायी जाये। मामले की जांच सीबीआइ से भी कराने की मांग झारखंड के क्षत्रिय संगठनों ने की। आक्रोश मार्च में नंद किशोर सिंह चंदेल, वीनू सिंह, प्रतुल शाहदेव, संजीत सिंह, श्याम सिंह, विपिन सिंह, रवि सिंह, नीतू सिंह, विनय सिंह, मुकेश सिंह, काली प्रसाद सिंह, ललन सिंह, शिवजी सिंह, रणधीर सिंह, डीके सिंह, बीएन सिंह, राकेश सिंह, बैजनाथ सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, अजीत सिंह, बालाजी सिंह, बबन सिंह राठौर, धर्मेंद्र सिंह, अविचल सिंह, निखिल राणा, बलराम सिंह, सुरेंद्र सिंह, चंद्रशेखर सिंह, वीरेंद्र सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

# '1526 गांवों के विकास के लिए मिले 134.47 करोड़'

### झारखंड के जनजाति समाज के आर्थिक सशक्तिकरण पर सांसद आदित्य साहू ने राज्यसभा में पूछे सवाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** सांसद आदित्य साहू ने बुधवार को शीतकालीन सत्र के दौरान राज्यसभा में जनजाति कार्य मंत्रालय से झारखंड के आदिवासियों के आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक उत्थान के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का ब्योरा मांगा। इस पर जनजातीय कार्य राज्यमंत्री रेणुका सिंह सरूता ने बताया कि केंद्र की तमाम योजनाओं के लिए राज्य सरकार को सहायता राशि उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री जनजातीय विकास मिशन का लक्ष्य जनजातीय उद्यमिता को मजबूत करना है। स्कीम के लिए ट्राइफेड केंद्रीय कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में काम करती है, जो न्यूनतम समर्थन मूल्य पर एमएफपी खरीद करता है। इसके तहत झारखंड को 46.72 करोड़ रुपये की राशि जारी की गयी है, जिसकी तुलना में झारखंड ने अब तक 14.32 करोड़ रुपये की एमएफपी की खरीद की है। पिछले पांच वर्षों में केंद्र सरकार ने 1131 लाभार्थियों के बीच 150 लाख रुपये वितरित किये हैं। बताया कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय 50 प्रतिशत से अधिक एसटी आबादी और कम से कम बीस हजार जनजाति गांव वाले प्रत्येक ब्लॉक में स्थापित किया जा रहा है। झारखंड में अब तक 89 एकलव्य विद्यालय स्वीकृत हैं। प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के तहत झारखंड के 1526 गांव का चयन किया गया है। इसके लिए 134.47 करोड़ की राशि निर्गत की जा चुकी है।

# कुरमाली समाज में लोकगीतों का बाहुल्य: कुलपति



### श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि में कुरमाली भाषा सम्मेलन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में कुरमाली भाषा सम्मेलन बुधवार से शुरू हुआ। यह सम्मेलन साहित्य एकेडमी नयी दिल्ली और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि कुरमाली भाषा झारखंड की एक प्रमुख भाषा है। यह एक अंतर-प्रांतीय भाषा है। कुरमाली के क्षेत्र को राजनीतिक मानचित्र द्वारा परिसीमित नहीं किया जा सकता है। कुरमाली समाज में लोकगीतों का बाहुल्य है। कोई भी अनुष्ठान गीत-नृत्य के बिना संपन्न नहीं होता है। गीत अत्यंत सरस और मर्मस्पर्शी हैं। कुरमाली जीवन के हरेक पहलू, विविध दृष्टिकोण और बहुआयामी विचार-धाराओं को लोकगीत संस्पर्श करता है। कुरमाली लोक-गीतों की प्रमुख विशेषता यह है कि अधिकांश गीत प्रश्नोत्तर के रूप में हैं। ये छंद-विधान के नियम से पूर्णतः मुक्त हैं। कहीं-कहीं स्वतः अलंकारों का प्रयोग हुआ है।

मौके पर साहित्य एकेडमी के सचिव के श्रीनिवासराव, कुलपति केशरी लाल वर्मा, उपसचिव एन सुरेश बाबू, प्रो पीपी महतो समेत अन्य उपस्थित थे।

# सरला बिरला यूनिवर्सिटी में परिनिर्वाण दिवस मना

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर सरला बिरला विश्वविद्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी।

विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, कुलपति प्रो गोपाल पाठक, मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप वर्मा ने संविधान निर्माता बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह ने भारतीय समाज में व्याप्त विसंगतियों को खत्म करने में डॉ अंबेडकर के प्रयासों और उनके कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन प्रो रिया मुखर्जी ने किया। कार्यक्रम में एसवी डांडीन, अशोक अस्थाना, आरएम झा, गौतम तांती, अमित गुप्ता, राहुल वत्स, अरविंदो भंडारी, अनुभव अंकित और विवि के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में इंक्लूसिविटी पर कार्यक्रम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने बाल विकास और दीपशिखा के छात्रों के साथ एक इनडोर टूर्नामेंट का आयोजन किया। यह एक मैत्रीपूर्ण खेल कार्यक्रम था, जिसमें सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने दीपशिखा स्कूल के छात्रों के साथ मिलकर हर्डल रेस, क्रॉलिंग द सर्कल, नंबर गेम, अंब्रेला और क्रिकेट जैसे खेल खेला। अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी हरभजन सिंह, अरुण दत्ता, टाटा स्टील के टेनिस कोच और अन्य एथलीट अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर स्पेशल ओलंपिक पर ओरियेंटेशन कार्यक्रम भी हुआ। मुख्य वक्ता टाटा स्टील के सेवानिवृत्त क्वालिफाइड साइक्लिंग कोच सतबीर सिंह सहोता ने छात्रों को जागरूक किया। साथ ही स्पेशल ओलंपिक के उद्देश्य के संबंध में कई जानकारी प्रदान की। विद्यालय के कार्मिक-प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने इस तरह के आयोजन के लिए स्कूल के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में एक विशेष क्षमता होती है और भगवान ने सभी को एक उद्देश्य पूरा करने के लिए बनाया है।

## कार्यक्रम : वाणिज्य कर विभाग का संवाद 2023 कार्यक्रम आयोजित हुआ

# टैक्स कलेक्शन के तय लक्ष्य को समय पर प्राप्त करेंगे: रामेश्वर उरांव

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राज्य के वित्त और वाणिज्य कर मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि झारखंड का टैक्स कलेक्शन का हमारा लक्ष्य 24000 करोड़ का है, जबकि अभी तक मात्र 14000 करोड़ का रेवेन्यू प्राप्त हुआ है। तय समय पर इस लक्ष्य को प्राप्त कर लिया जायेगा। एक माह पूर्व फेस्टिवल सीजन खत्म हुआ है। अगर उसको जोड़ दिया तो यह आंकड़ा बढ़ जायेगा। विभाग का प्रयास है कि सभी लोगों के सहयोग से इस लक्ष्य को प्राप्त कर लें। श्री उरांव बुधवार को होटल बीएनआर चाणक्य में वाणिज्य कर विभाग द्वारा संवाद 2023 कार्यक्रम के बाद प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संवाद कार्यक्रम के माध्यम से व्यापारियों और उद्योगपतियों की समस्याओं को सुनने और समझने का मौका मिला। कई सुझाव भी आये हैं, जिसे राज्य लागू करने का प्रयास किया जायेगा। पिछले साल लोगों के सहयोग से बहुत सालों के बाद इतना बढ़िया टैक्स कलेक्शन विभाग के द्वारा किया गया था, जो राज्य का 70 प्रतिशत रिवेन्यू है। वित्त मंत्री ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि झारखंड में रिसोर्सेज की कोई कमी नहीं है, लेकिन दुर्भाग्य है कि हम इसका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने चैंबर प्रतिनिधि व टैक्स पेयरों के साथ सीधी वार्ता कर उनकी समस्याओं को जाना। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने विभाग को कई तरह के सुझाव भी दिये। कार्यक्रम में टैक्स कलेक्शन कैसे बढ़े और जो समस्याएं है, उनका समाधान कैसे हो, इस पर चर्चा हुई। वहीं अधिकारियों का कहना था कि राज्य में दो लाख टैक्स पेयर है पर टैक्स कैश में नहीं जमा होता है, यह चिंता का विषय है। कार्यक्रम में वाणिज्यकर विभाग के सचिव, अधिकारी, चैंबर के प्रतिनिधि एवं कई व्यावसायिक संगठनों के लोग मौजूद थे।

### टॉप टैक्सपेयर हुए सम्मानित

कार्यक्रम में राज्य के टॉप टैक्सपेयर्स को सम्मानित किया गया। इनमें टाटा कमिंस प्राइवेट लिमिटेड, टाटा मोटर्स लिमिटेड, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, बीसीसीएल, स्टील अथॉरिटी आफ इंडिया लिमिटेड शामिल थे। वहीं, झारखंड चैंबर समेत राज्य के विभिन्न चैंबर के प्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया गया।

## महत्वपूर्ण खबरें

### जयपाल सिंह की जयंती पर फुटबॉल प्रतियोगिता 3 जनवरी को



रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय सरना समिति की ओर से 3 जनवरी को जयपाल सिंह मुंडा की जंयती पर तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता होगी। इसे लेकर बुधवार को जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम कचहरी रोड रांची में केंद्रीय सरना समिति ने स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन, केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा, जगलाल पाहन, शोभा कच्छप, विश्वास उरांव, जगरनाथ तिर्की, मोहन तिर्की, सूरज टोप्पो, अशोक कच्छप, रंजन मुंडा, शिवधन मुंडा, लक्ष्मण मुंडा, राजेश पाहन, सुनिल टोप्पो, पुनीत कुजूर, डब्ल्यू उरांव, सुरेंद्र लिंडा, महावीर उरांव, मुन्ना लकड़ा, खेल प्रभारी मंगल मिंज, कृष्ण भगत, सरोज नाथ महतो उपस्थित थे।

### महावीर आइ हॉस्पिटल ने लगाया मुफ्त नेत्र जांच शिविर




रांची (आजाद सिपाही)। डॉ भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर कोकर भाजपा कार्यालय के सामने भगवान महावीर आइ हॉस्पिटल ने मुफ्त नेत्र जांच शिविर लगाया। बुधवार को कार्यक्रम में संयोजक रंजन पासवान, पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसमें मरीजों का इलाज किया गया। साथ ही मोतियाबिंद का ऑपरेशन भी मुफ्त किया जायेगा। इस कार्यक्रम में युवराज पासवान, डॉ शिवानंद प्रसाद, सुभाष अग्रवाल, पायल सोनी, अंजना राय, रंजू देवी, डॉली, रणधीर, रणधीर रजक, मनोज, अचल जयसवाल, अमित, कमलेश, मंटू समेत अन्य शामिल थे।

### बाबा साहब को अनुसूचित जाति समन्वय समिति ने किया याद



रांची (आजाद सिपाही)। भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर अनुसूचित जाति समन्वय समिति ने याद किया। समिति के सदस्यों ने अंबेडकर चौक डोरंडा में उन्हें पुष्प अर्पित किया। केंद्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुमार रजक ने उनके जीवन और संघर्षों पर चर्चा की। साथ ही नया हाइकोर्ट के सामने बाबा साहब की प्रतिमा लगाने और अंबेडकर भवन बनाने की मांग सरकार से की। महासचिव सुरेंद्र पासवान, कार्यकारी अध्यक्ष रामलगन राम, संतोष रवि, रणधीर रजक, जगदीश दास, विनोद राजन, संजय राम, सूरज नायक, जीवन राम, राकेश राम, राजेश रजक, युवराज पासवान, लोकेश खलखो, रंजीत बावरी, महेश कुमार, छोटू पासवान, करण नायक, सत्येंद्र रजक, कैलाश राम, महावीर नायक आदि उपस्थित थे।

### स्टेट ओपेन यूनिवर्सिटी का वार्षिक समारोह




रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड स्टेट ओपेन यूनिवर्सिटी का वार्षिक समारोह बीएयू के ऑडिटोरियम में मनाया गया। इसमें एफएसीआइ नयी दिल्ली के सहयोग से चलाये जा रहे कोर्सेस की जानकारी दी गयी। एफएसीआइ के अध्यक्ष डॉ शबाब आलम ने बताया कि जून 2023 में एफएसीआइ और ओपेन यूनिवर्सिटी के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये थे, जिसके मुताबिक दो कोर्स शुरू किये गये हैं। एक प्राथमिक चिकित्सा विशेषज्ञ में डिप्लोमा और दूसरा जन स्वास्थ्य रक्षक में डिप्लोमा कोर्स। उन्होंने बताया कि कोर्स शुरू हो चुका है। इसमें एडमिशन ओपेन है। बताया कि एससी-एसटी वर्ग के जो भी स्टूडेंट्स इन कोर्सेस में दाखिला लेंगे, उन्हें राज्य सरकार की ओर से स्कॉलरशिप देने की घोषणा की गयी है। समारोह के चीफ गेस्ट प्रो डॉ बालागुर स्वामी, ओपेन यूनिवर्सिटी के वीसी डॉ प्रो टीएन साहू ने डिप्लोमा कोर्सेस में पढ़ाई जाने वाली दो पुस्तकों फर्स्ट एड स्पेशलिस्ट डिप्लोमा कोर्स और जनस्वास्थ्य रक्षक के हिंदी और अंग्रेजी संस्करण का विमोचन भी किया। इसमें प्रो घनश्याम सिंह, प्रो अरुमुगम, डॉ संजीव राय और डॉ सुभाष डावर समेत अन्य उपस्थित रहे।

### हिंदू वाहिनी सेना ने किया कंबल वितरण



रांची (आजाद सिपाही)। बढ़ती ठंड को देखते हुए रांची की हिंदू वाहिनी सेना के कार्यकर्ता आनंद सिंह और लालदेव कुमार के नेतृत्व में कमड़े आश्रम में कंबल का वितरण किया गया। इसमें आनंद सिंह, कुमार लाल देव, राजेश सिंह, रोहित कुमार, धर्मेंद्र कुमार, पिंटू बाबू, राहुल सिंह, सोनू शर्मा, रोहित शर्मा, अभिषेक गुप्ता, रोहित सोनी, दीपक, रवि राज उपस्थित थे।

### पीसीआर दुर्घटनाग्रस्त, तीन पुलिसकर्मी घायल

रांची। पीसीआर वैन-30 के दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन पुलिसकर्मी घायल हो गये। यह हादसा बुधवार को जिले के पिठोरिया थाना क्षेत्र की पिठोरिया घाटी में हुई। इस हादसे में पीसीआर में तैनात एक जवान, एक हवलदार और एक एएसआइ घायल हो गये। घटना की सूचना मिलने के बाद पिठोरिया थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल पुलिसकर्मियों को पीसीआर वैन से बाहर निकाल कर रिम्स ले गयी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



## सदर अस्पताल में मोबाइल चोरी करते पकड़ाया, हुई पिटाई

**रांची (आजाद सिपाही)।** मेन रोड स्थित सदर अस्पताल में मोबाइल चोरी करते एक चोर पकड़ा गया। इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने चोर की पिटाई कर दी।

बताया जा रहा है कि चोर ने सदर अस्पताल में दो मरीजों के मोबाइल फोन की चोरी कर ली थी। इसी दौरान बुधवार दोपहर मरीजों का मोबाइल फोन चोरी करते ही मौके पर मौजूद लोगों ने उसे पकड़ लिया। पहले तो उसकी पिटाई की गयी, फिर पुलिस को सूचना देकर सौंप दिया।

### मनरेगा घोटाला से जुड़े मनी लांड्रिंग केस में इडी के अहम गवाह का बयान

# पूजा सिंघल को मिलता था कमीशन का पैसा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मनरेगा घोटाला से जुड़े मनी लांड्रिंग केस में इडी की ओर से महत्वपूर्ण गवाह कोर्ट के समक्ष पेश किया गया। बुधवार को रांची इडी (प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट में इडी के गवाह का बयान दर्ज किया गया। इडी के गवाह अभय नंद अम्बष्ठ ने अदालत में दिये अपने बयान में कहा कि विकास कार्यों की योजना में दिये गये अग्रिम भुगतान से मिलने वाले कमीशन का पैसा सिंघल तक पहुंचाया जाता था। इसके अलावा अभयनंद अम्बष्ठ ने पूजा सिंघल के कार्यकाल के दौरान डीसी ऑफिस की कार्यप्रणाली की भी विस्तृत जानकारी अदालत को दी। अब पूजा सिंघल के अधिवक्ता अभयनंद क्रॉस एग्जामिनेशन (प्रतिप्रेक्षण) करेंगे। कोर्ट ने इसके लिए 13 दिसंबर की तिथि निर्धारित की है। इडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने गवाह का बयान दर्ज करवाया। पूजा सिंघल की ओर से हाइकोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, स्नेह सिंह और रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा गवाही के दौरान अदालत में मौजूद रहे। सुनवाई के दौरान पूजा सिंघल और राम विनोद सिन्हा जेल से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे। वहीं पूजा सिंघल और उनके पति अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार भी कोर्ट में सशरीर उपस्थित रहे।


खूंटी की तत्कालीन डीसी पूजा

**12 अप्रैल को पूजा ने किया था सरेंडर :** इसी वर्ष 12 अप्रैल को मनी लांड्रिंग की आरोपी निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल ने रांची इडी की विशेष कोर्ट में सरेंडर किया था। तब से वह बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में है। मनरेगा घोटाला मामले में इडी ने पूजा सिंघल को 11 मई 2022 को गिरफ्तार किया था। उनके पति अभिषेक झा को सुप्रीम कोर्ट ने अग्रिम बेल दी थी।

## शीर्ष नक्सली प्रशांत बोस को बेल देने से हाइकोर्ट का इनकार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शीर्ष नक्सली नेता प्रशांत बोस और उनकी पत्नी शीला देवी को बेल देने से झारखंड हाइकोर्ट ने इनकार कर दिया है। प्रशांत बोस और उनकी पत्नी की जमानत याचिका पर हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस नवनीत कुमार की बेंच में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता सतीश प्रसाद ने पक्ष रखा। प्रशांत बोस की ओर से अधिवक्ता जीतेंद्र सिंह ने पक्ष रखा। बहस के दौरान अदालत को बताया गया कि प्रशांत बोस नक्सलियों का थिंक टैंक है और इसके खिलाफ झारखंड के अलग-अलग जिलों में कई मामले दर्ज हैं। इसलिए जमानत नहीं दी जानी चाहिए। दलील सुनने के बाद अदालत ने प्रशांत बोस और उनकी पत्नी की जमानत याचिका खारिज कर दी।

**वर्ष 2021 में हुई थी गिरफ्तारी**

वर्ष 2021 में झारखंड पुलिस ने भाकपा माओवादी के शीर्ष पोलित ब्यूरो सदस्य प्रशांत बोस उर्फ किशन, उनकी पत्नी शीला मरांडी और चार माओवादियों को गिरफ्तार किया था। तब से वह न्यायिक हिरासत में है। प्रशांत बोस और उनकी पत्नी शीला मरांडी के पास से चार मोबाइल, दो एसएसडी एक पेन ड्राइव 1.51 लाख नकद बरामद हुआ था। इसे लेकर सरायकेला जिले के कांड्रा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

**नरेंद्र सिंह हत्याकांड : सद्दाम, फैसल, बिरसा और शबीब अंसारी दोषी करार**

**रांची।** नरेंद्र सिंह होरा हत्याकांड में रांची सिविल कोर्ट ने सद्दाम उर्फ बब्बन खान, फैसल खान, बिरसा कच्छप और शबीब अंसारी उर्फ छोटू को दोषी करार दिया है। साथ ही अदालत ने इस केस में ट्रायल फेस कर रहे अन्य अभियुक्तों आसिफ आलम, मेहंदी हसन, शिव रजक, छोटू हुसैन, रशीद अंसारी, मो सज्जाद आलम और राजा आदिल उर्फ जग्गा को साक्ष्य के अभाव में आरोप मुक्त कर दिया। अदालत ने जिन अभियुक्तों को दोषी करार दिया है, उनकी सजा की बिंदु पर 13 दिसंबर को बहस होगी। रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त-एक दिनेश राय की अदालत ने इस मामले में फैसला सुनाया है। बता दें कि नरेंद्र सिंह होरा की हत्या वर्ष 2018 में चर्च कॉम्प्लेक्स के पीछे की गयी थी। हत्या से पहले उनके साथ लूटपाट भी हुई थी।

### जमीन पर पटक कर दो पुलिसकर्मी पकड़े रहे हाथ, तलवे पर मुंशी बरसाता रहा लाठी

# बरियातू थाना में मुंशी ने युवक को छह घंटे तक पीटा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बरियातू थाना में युवक की बेरहमी से पिटाई का मामला सामने आया है। इसका एक वीडियो भी वायरल हुआ है। चोरी के आरोप में पकड़े गये एक युवक की कथित तौर पर थानेदार सुरेश कुमार मंडल के कहने पर मुंशी ने छह घंटे तक पिटाई की। भरमटोली से पकड़े गये रोहित मुंडा को मुंशी मुनी चौधरी समेत अन्य पुलिसकर्मियों ने पीटा। पुलिसकर्मी उसके तलवे पर बेरहमी से लगातार लाठियां बरसाते रहे। युवक लगातार छोड़ देने की गुहार लगाता रहा, लेकिन पुलिसकर्मियों ने उसकी एक न सुनी।



**थानेदार ऊपर तक पहुंच होने की दिखाते हैं धौंस :** बरियातू इलाके में रहनेवाले लोग थानेदार के रवैये से बिल्कुल भी खुश नहीं हैं। थाने के आसपास रहनेवाले लोगों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा कि थानेदार खुद की ऊपर तक पहुंच होने की लोगों पर धौंस दिखाते हैं। पिछले कई महीनों से वहां तैनात मुंशी मुनी चौधरी भी थानेदार को भरपूर मदद करते हैं और दिये गये टास्क को पूरा करते हैं।

**युवक का नाम सुनते ही बिफरे थानेदार, मुंशी से कहा- पहले इसे दम भर मारो :** चोरी के आरोप में पकड़ कर थाना ले गये युवक से जब नाम पता पूछा गया, तो उसने अपना नाम रोहित मुंडा बताया। नाम सुनते ही थानेदार सुरेश कुमार मंडल बिफर पड़े और तुरंत मुंशी से कहा कि जरूर इसने चोरी की होगी। पहले इसे दम भर मारो, उसके बाद कुछ बात करो। थानेदार का इशारा मिलते ही वहां मौजूद पुलिसकर्मी रोहित मुंडा को घसीटते हुए अंदर ले गये और मारपीट करना शुरू कर दिया।

**मामले की जांच की जायेगी: एसएसपी**

रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि मामले की जानकारी मिली है और इसकी जांच की जायेगी।

**चोरी के आरोप में पकड़ा था युवक को, भेज दिया जेल: थानेदार :** इस मामले में बरियातू थानेदार सुरेश कुमार मंडल ने कहा कि चोरी के आरोप में भरमटोली से दो दिन पहले ही युवक को पकड़ा गया था। युवक को जेल भेज दिया गया है।

**एसएसपी ने मित्रतापूर्ण व्यवहार करने का दिया था निर्देश:** एसएसपी का पदभार संभालने के बाद आइपीएस चंदन कुमार सिन्हा ने रांची पुलिस और आम लोगों के बीच मित्रतापूर्ण व्यवहार करने का निर्देश दिया था, लेकिन थाने में तैनात पुलिस अधिकारी उनके निर्देश को मानने को ही तैयार नहीं हैं।

## 20 दिसंबर तक जिला स्थापना समिति की बैठक अनिवार्य

**प्राथमिक शिक्षा निदेशक ने दिये निर्देश**

**27 दिसंबर को अंतर जिला स्थानांतरण पर मुहर**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर विभिन्न जिलों में जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक अब अनिवार्य रूप से 20 दिसंबर तक करनी होगी। इन बैठकों में प्राथमिक शिक्षकों के अंतर जिला स्थानांतरण का भी निर्णय लिया जाना है। निर्णय लेकर इसकी अनुशंसा प्राथमिक शिक्षा निदेशालय को की जायेगी। प्राथमिक शिक्षा निदेशालय ने इसे लेकर राज्य शिक्षा स्थापना समिति की बैठक की तिथि भी तय कर दी है। यह बैठक 27 दिसंबर को आयोजित की जायेगी, जिसमें जिलों से प्राप्त अंतर जिला स्थानांतरण की अनुशंसा पर अंतिम फैसला लिया जायेगा।

प्राथमिक शिक्षा निदेशक नेहा अरोड़ा ने सभी जिला शिक्षा अधीक्षकों को पत्र भेजकर राज्य स्थापना समिति की प्रस्तावित बैठक की जानकारी दे दी है। उन्होंने सभी जिला शिक्षा अधीक्षकों को निर्देश देते हुए कहा है कि अनिवार्य रूप से विस्तारित तिथि 20 दिसंबर तक जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक कर शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर किये गये ऑनलाइन आवेदन पर फैसला लिया जाये। साथ ही लिये गये निर्णय को टीचर ट्रांसफर पोर्टल पर अपलोड करें।

## झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र 15 से

**राज्यपाल ने दी स्वीकृति, छह बैठकें होंगी**

**कई विधेयक पेश करेगी सरकार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र 15 दिसंबर से बुलाया जायेगा। सत्र आहूत करने संबंधी प्रस्ताव पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह सत्र 22 दिसंबर तक चलेगा। इसमें सदन की छह बैठकें होंगी। सत्र के दौरान कई महत्वपूर्ण विधायी काम संपादित किये जायेंगे। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2023-24 का दूसरा अनुपूरक बजट वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव पेश करेंगे। जानकारी के अनुसार इस शीतकालीन सत्र में सरकार की ओर से पांच विधेयक लाये जायेंगे। इसके साथ ही इस बार विधानसभा सत्र के दौरान सदन के नेता प्रतिपक्ष के रूप में भाजपा की तरफ से अमर कुमार बाउरी रहेंगे। नेता प्रतिपक्ष का पद काफी सालों से सदन में खाली था।



## झारखंड में जदयू के लिए बहुत संभावनाएं: अशोक

**बिहार के सीएम नीतीश कुमार जल्द आयेंगे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बिहार सरकार के मंत्री सह झारखंड जदयू प्रभारी डॉ अशोक चौधरी ने कहा कि झारखंड में जदयू के लिए बहुत स्कोप है। कभी यहां पार्टी के आठ विधायक, मंत्री भी हुआ करते थे। बुधवार को रांची एयरपोर्ट पहुंचने पर उन्होंने मीडिया से बात की। कहा कि झारखंड में अब लगातार पार्टी को मजबूत करने का काम होगा। उम्मीद है कि पार्टी को अपेक्षित सफलता मिलेगी। जल्द ही पार्टी गतिविधियों को और रफ्तार देने के लिए बिहार के सीएम नीतीश कुमार भी आयेंगे। इससे पहले बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचने पर जदयू नेता डॉ आफताब जमील, श्रवण कुमार, भगवान सिंह, सागर कुमार, संजय सिंह, अखिलेश राय, बैद्यनाथ पासवान, तेतरा महतो, महेश्वर चौधरी, रामजी प्रसाद, प्रवीण झा समेत अन्य ने उनका स्वागत किया।



### सीसीएल ने अमीषा केरकेट्टा का किया स्वागत

# 2028 में ओलंपिक पदक जीतना लक्ष्य: अमीषा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की बेटी अमीषा केरकेट्टा का सीसीएल की ओर से बुधवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर स्वागत किया गया। आर्मेनिया के येरेवन में आयोजित जूनियर वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2023 में 54 किग्रा वर्ग में अमीषा केर-केट्टा ने रजत पदक जीत कर देश का मान बढ़ाया है। इस अवसर पर सीसीएल सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी, निदेशक कार्मिक हर्षनाथ मिश्र ने पुष्प गुच्छ देकर केरकेट्टा का स्वागत किया। मीडिया से बात करते हुए अमीषा ने अपनी जीत का श्रेय प्रशिक्षक और सीसीएल प्रबंधन को दिया। उन्होंने बताया कि ओलिंपिक 2028 में देश के लिए पदक जीतना उनका लक्ष्य है। बताते चलें कि झारखंड के ग्रामीण पृष्ठभूमि से संबंध रखनेवाली अमीषा केरकेट्टा 2018 से सीसीएल और झारखंड सरकार के द्वारा संचालित खेल अकादमी में मुक्केबाजी की प्रशिक्षण ले रही है। द्रोणाचार्य अवार्डी प्रशिक्षक कैप्टेन ब्रजभूषण मोहंती के सान्निध्य में अमीषा ने मुक्केबाजी के गुर सीखा है। यह पहला अवसर है जब जेएसएसपीएस की किसी बॉक्सर ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश की प्रतिनिधित्व किया है।



## सीसीएल में बाबा साहब को श्रद्धांजलि दी गयी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर सीसीएल मुख्यालय के अंबेडकर उद्यान में स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

सीवीओ पंकज कुमार ने कहा कि बाबा साहब द्वारा समता मूलक और शोषण मुक्त समाज के निर्माण के लिए आजीवन प्रयास किया गया। बाबा साहब न केवल शिक्षाविद और कानूनविद थे, बल्कि सामाजिक वैचारिक के अगुआ भी थे। उन्हीं के प्रयासों के कारण हमें सशक्त और समावेशी संविधान प्राप्त हुआ है। मौके पर निदेशक तकनीकी राम बाबू प्रसाद, निदेशक कार्मिक हर्ष नाथ मिश्र, बी साईराम सहित श्रमिक संघ के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



## महत्वपूर्ण खबरें

### बाबा साहब समाज सुधारक के रूप में हमेशा याद किये जायेंगे: राजेश ठाकुर



**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रदेश कांग्रेस की ओर से बुधवार को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि कांग्रेस भवन में मनायी गयी। मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

कहा कि बाबा साहब सच्चे देश भक्त, समाज सुधारक के रूप में हमेशा याद किये जाते रहेंगे। वह अपने कुशल आदर्श का एक अमिट छाप छोड़ गये, हमें उनके आदर्शों को जीवन में उतारना चाहिए। उन्होंने कहा कि डॉ अंबेडकर आजीवन संघर्ष से भारत की आत्मा कहे जाने वाले दलितों, पिछड़ी जाति को वर्षों के सामाजिक शोषण से मुक्त कराया। कार्यक्रम में केशव महतो कमलेश, रामानंद केशरी सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।

### एक्टर्स माइंड स्टूडियो का हुआ शुभारंभ



**रांची (आजाद सिपाही)।** अभिनय के बढ़ते क्रेज को देखते हुए अल्बर्ट एक्का चौक के समीप सेंटेविटा हॉस्पिटल के बगल में एक्टर्स माइंड स्टूडियो का बुधवार को उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड के वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ अनिल ठाकुर एवं डॉ सुशील अंकन थे। इंस्टिट्यूट के संस्थापक आकाश दीप जो बेरी जॉन एक्टिंग स्टूडियोज में मुख्य ट्रेनर के तौर पर पांच सालों तक काम कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में अब कई सारे बॉलीवुड हॉलीवुड एवं झारखंडी फिल्मों की शूटिंग चल रही है। इसमें झारखंड के कई सारे कलाकारों को भी मौका मिल रहा है। इसलिए झारखंड में फिल्म और अभिनय के क्रेज को देखते हुए यह ख्याल आया की मुंबई जैसे महानगरों में अभिनेताओं को जो प्रशिक्षण दिया जाता है। वह प्रशिक्षण झारखंड के कलाकारों को देने से झारखंड में फिल्मों का विकास होगा। अपनी भाषा अपनी पहचान है, और अपने पहचान को बढ़ावा मिले यह मेरी प्राथमिकता है। अभिनय की अलग-अलग तकनीक से रूबरू करवाते हुए बारीकियों से उन्हें किरदार बनाने की प्रक्रिया तथा अभिनय करने का तरीका सीखाया जाएगा। उद्घाटन में उपस्थित झारखंड के जाने माने कलाकार अवनीश भारद्वाज, रोहित पांडे, सोनू सोनार, विक्की माधवन, रोशन प्रकाश, आशुतोष द्विवेदी, यशवंत वर्मा, रियाजउन्नी, इंद्रजीत सिंह, रजत आनंद, सोनू वर्मा, अमित सिंह आदि कई कलाकार मौजूद थे।

### युवाओं को दरकिनार करना लोकसभा चुनाव में भी पड़ सकता कांग्रेस पर भारी : अतुल मलिकराम

**रांची (आजाद सिपाही)।** तीन हिंदी भाषी राज्यों के चुनावी नतीजों ने निश्चित ही कांग्रेस को घोर संकट की स्थिति में डाल दिया है। राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में पार्टी को न सिर्फ हार का सामना करना पड़ा बल्कि अपने दिग्गज नेताओं की कुर्सी न बचा पाने का दुःख भी सहना पड़ा। अनुभवी कमलनाथ हों या अशोक गहलोत या अपने अच्छे काम और लोकप्रियता के लिए चर्चित भूपेश बघेल, सभी नेता चारों खाने चित्त नजर आये। जिस प्रचंड बहुमत के साथ बीजेपी ने इन तीनों ही राज्यों में जनादेश हासिल किया। वह बेशक कांग्रेस को आत्ममंथन और गंभीर चिंतन करने पर मजबूर कर रहा है। चूंकि कुछ ही महीने में लोकसभा चुनाव 2024 होने वाले हैं, और यह हार महागठबंधन की मुखिया बन कर सबसे आगे खड़ी कांग्रेस के नेतृत्व पर सवालिया निशाना लगा रहे हैं, इसलिए पार्टी के पास कुछ सबसे महत्वपूर्ण गलतियों पर फोकस करने और उन्हें सुधारने के लिए बहुत कम समय रह गया है। मेरे नजरिये से कांग्रेस की सबसे पहली और प्राथमिक गलती युवाओं को दरकिनार करना मानी जा सकती है, जिसका खामियाजा उसे आम चुनावों में भी वनवास के साथ उठाना पड़ सकता है। यानी वोट प्रतिशत के मामले में हो या सीटों के आधार पर, यदि पार्टी द्वारा युवा चेहरों को न्योता और तवज्जो नहीं दी गयी तो बीजेपी का कांग्रेस मुक्त भारत का नारा अपनी जड़ें और मजबूत कर सकता है। अनुभव और आकांक्षाओं के साथ युवा शक्ति को आगे बढ़ाना ही कांग्रेस के लिए संजीवनी का काम करेगा। ऐसा इसलिए भी क्योंकि हाल में हुए विधानसभा चुनाव में भी पार्टी 55-60 साल से अधिक के प्रत्याशियों पर ही भरोसा करती दिखी, जिसके परिणाम अब सामने हैं।

### बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर मॉक ड्रिल

**रांची (आजाद सिपाही)।** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर बुधवार को रेस्क्यू टीम ने मॉक ड्रिल किया, ताकि आपात स्थिति में किसी भी हादसे से निपटा जा सके। टीम के सायरन के बजते ही सभी लोग अलर्ट हो गये। रनवे पर फ्लाइट लैंड करते ही वहां मौजूद रेस्क्यू टीम उसकी ओर भागने लगे, जबकि फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी आग बुझाने के लिए तैयार हो गयीं। इसके ठीक पीछे एंबुलेंस की कतार लगी थी। रेस्क्यू में तैनात टीम स्ट्रेचर के साथ घायलों को निकालने में जुट जाते हैं। इस दौरान सीआइएसएफ की टीम, जिला पुलिस के जवान, फायर ब्रिगेड की टीम, अस्पताल के कर्मचारी, एंबुलेंस और एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के लोग सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को लिखा पत्र

**रांची (आजाद सिपाही)।** जिला भाजपा ओरमांझी मंडल सदस्य आशीष कुमार साहू ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र लिख कर कार्रवाई की मांग की है। पत्र में कहा है कि तीन दिसंबर की रात मां विंध्यवासिनी के दर्शन के बाद आगे बढ़ा। रास्त में फतेहपुर बाईपास, उत्तर प्रदेश के आबू नगर नयी बस्ती के समीप चाय पीने के लिए रुकें। इस दौरान केंद्र और यूपी सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा हो रही थी। तभी दुकानदार मुन्ना मोहन लाल यादव बातचीत से प्रभावित होकर भाजपा का साथ देने के लिए तैयार हुआ। वह व्यक्ति किसी दूसरी पार्टी से प्रभावित था। हमारे लिए यह एक उपलब्धि से कम नहीं थी। इसी दौरान वहां वीरेंद्र यादव समेत पांच-छह लोग आ गये और पार्टी, मोदी और योगी को अपशब्द कहने लगे। हमने जब समझाने का प्रयास किया, तो वे लोग और ज्यादा उग्र हो गये और ईंट-पत्थर से हमला करने लगे। किसी तरह जान बचा कर भागे। इस घटना से मैं और मेरे साथी हतप्रभ हैं कि क्या हम जैसे छोटे कार्यकर्ता जो दिन रात पार्टी को आगे ले जाने के लिए तत्पर हैं, उन्हें इस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। इस कारण मामले को संज्ञान में लेते हुए उचित कार्रवाई की पहल करें।

# चिंता का सबब है बढ़ती आत्महत्या

वर्ष 2022 का नेशनल क्राइम डाटा बहुत मायूस कर रहा है। सबसे निराशाजनक आंकड़ों में एक यह है कि पिछले वर्ष देशभर में हर दिन औसतन लगभग पांच सौ आत्महत्याएं हुई थीं। इसका क्या मतलब है? जानलेवा स्तर के तनाव का कोई समाधान नहीं निकाला गया या नहीं निकल सका। इस मामले में तीन बड़ी कमिया हैं- खराब मानसिक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा, संबंधित कानूनों में स्पष्टता का अभाव और सामाजिक वर्जनाएं (टैबूज), जो लोगों को मदद लेने से रोकती हैं। पिछले वर्ष 2022 में आत्महत्या करने वालों में एक तिहाई किसान और दिहाड़ी मजदूर थे। 13 हजार से ज्यादा छात्र जान देने वालों का दूसरा सबसे बड़ा समूह है। मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि कोचिंग हब कोटा जैसी जगहों पर, जहां से बच्चों की खुदकुशी की खबरें लगातार आती रहती हैं, वहां निरंतर मनोरोग मूल्यांकन और देखभाल के साथ विशेष रणनीति की आवश्यकता है। फिर भी जैसा कि हमने कोटा में देखा, जहां इस साल 23 छात्र/छात्राओं ने आत्महत्या कर ली, अधिकारियों ने सीलिंग फैन में स्प्रिंग और बालकनियों के नीचे जाल लगाने का विकल्प चुना। यह कैसा समाधान है? 2017 में मानसिक स्वास्थ्य कानून के साथ आत्महत्या के प्रयास को भारतीय दंड संहिता (आइपीसी) की धारा 309 के तहत अपराध मुक्त कर दिया गया था। नया बिल (भारतीय न्याय संहिता) बीएनएस, जिसे जल्द ही संसद में पेश किया जायेगा, ने कानूनी प्रावधान को पूरी तरह से हटा दिया है। संशोधित बीएनएस में 'आत्महत्या के लिए उकसाने का अपराध' यानी अबेटमेंट का प्रावधान बरकरार है, जिसे साबित करना बेहद मुश्किल है। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने फिर से कहा कि किसी व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी ठहराने के लिए जरूरी है कि आरोपी की आपराधिक मंशा और उकसावे की कार्रवाई मरने वाले व्यक्ति की खुदकुशी के वक्त के करीब हो। एक मामले को रद्द करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस तरह के सबूत के बिना मुकदमा 'कानूनी प्रक्रिया के दुरुपयोग' से ज्यादा कुछ नहीं है। समस्या अक्सर खराब पुलिसियां जांच की होती है। आत्महत्या के प्रयास में जिंदा बच गये लोगों को समर्थन और दीर्घकालिक सहायता की आवश्यकता होती है। वे जब घर की परिस्थितियां उन्हें बेसहारा छोड़ देती हैं, तो उनका रुख किस दिशा में होता है? आंकड़े बताते हैं कि 32% आत्महत्या के मामलों का कारण 'पारिवारिक समस्याएं' थीं। पुरुष और महिलाएं जहां निवास करते हैं, वो दोनों के लिए असुरक्षित स्थान हो सकते हैं। पिछले प्रयासों से पता चलता है कि आगे कितनी कोशिशों की दरकार है। लेकिन इसकी निगरानी कौन करता है? भारतीय पैसे-कौड़ी से लेकर व्यक्तिगत मामलों तक, अधिकांश आवश्यकताओं के लिए परिवार और समाज के समर्थन पर निर्भर हैं, फिर भी मानसिक स्वास्थ्य का मुद्दा बहुत अहम है। सुइसाइड हेल्पलाइन और सपॉर्ट नेटवर्क से परे मानसिक परेशानियों को लेकर सामाजिक वर्जना (टैबू) को दूर करना बहुत जरूरी है। हम ऐसा सामाजिक माहौल बनायें, ताकि कोई भी अपनी मानसिक समस्याएं खुलकर साझा कर सके।

**हम अपने देश की युवा आबादी पर बहुत गर्व करते हैं, लेकिन सिक्के का दूसरा पहलू भी है। सोचिए कि कितनी शर्मिंदगी की बात है कि इसी युवा वर्ग के बड़े हिस्से ने पिछले वर्ष आत्महत्या का रास्ता चुन लिया था।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**चीन की अर्थव्यवस्था सबसे तेज गति से दौड़ी थी और चीन के आर्थिक विकास में विदेशी व्यापार का सर्वाधिक योगदान था, परंतु आज भारत की आर्थिक प्रगति में घरेलू कारकों एवं मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों का प्रमुख योगदान है।**

# स्वदेशी: भारत के आर्थिक विकास का नया पंख

ललित गर्ग




**सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत पूर्व में ही वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े केंद्र के रूप में विकसित हो चुका है। भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार वर्तमान स्तर 3.50 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2031 तक 7.5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच जायेगा और इस प्रकार भारतीय अर्थव्यवस्था अमेरिका एवं चीन के बाद विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगी।**

भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे अधिक तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गयी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इंडो-पैसिफिक क्षेत्रीय वार्ता को संबोधित करते हुए सतत विकास के प्रति देश की प्रतिबद्धता पर बल दिया। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के लचीलेपन को रेखांकित करते हुए उन्होंने भविष्यवाणी की कि 2027 तक भारत जापान और जर्मनी को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा। भारत के आर्थिक विकास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वोकल फोर लोकल का आह्वान आर्थिक विकास का आधार बन रहा है। स्व-भाव एवं स्वदेशी के मंत्र ने आर्थिक विकास को पंख लगाये हैं, जिससे अर्थव्यवस्था की गाड़ी तेज रफ्तार से दौड़ने लगी है। भारत की आर्थिक तरक्की दुनिया को स्तंभित करने लगी है, क्योंकि भारत का घरेलू बाजार ही इतना विशाल है कि भारत को विदेशी व्यापार पर बहुत अधिक निर्भरता नहीं करनी पड़ रही है। भारत के बाजार से कई देशों का आर्थिक विकास होता रहा है। अब स्वदेशी जागरण से देश का अर्थ देश में ही रहने लगा है।

चीन की अर्थव्यवस्था सबसे तेज गति से दौड़ी थी और चीन के आर्थिक विकास में विदेशी व्यापार का सर्वाधिक योगदान था, परंतु आज भारत की आर्थिक प्रगति में घरेलू कारकों एवं मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों का प्रमुख योगदान है। वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद भारत की आर्थिक वृद्धि केवल सात प्रतिशत से कम होने का अनुमान है, जो प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है। सकल घरेलू उत्पाद पांच ट्रिलियन अमरीकी डॉलर को पार कर जायेगा। भारत की 'नीली अर्थव्यवस्था' का सकल घरेलू उत्पाद में लगभग चार प्रतिशत का योगदान है, जो अवसरों के सागर का प्रतिनिधित्व करता है। तट के किनारे नौ राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों, 12 प्रमुख और दो सौ से अधिक गैर-प्रमुख बंदरगाहों और नौगम्य जलमार्गों के व्यापक नेटवर्क के साथ, भारत महासागर आधारित व्यापार में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में खड़ा है।

**निश्चित ही भारत की आर्थिक प्रगति एक सुखद संकेत है।**

भारत के आर्थिक विकास में प्रधानमंत्री की नित नयी आर्थिक योजनाओं, अपनी जड़ों एवं माटी से जुड़ने, स्वदेशी अपनाने की प्रेरणा एवं विदेश यात्राओं का भी योगदान है।

भारत-मध्य पूर्व-यूरोप कनेक्टिविटी कॉरिडोर (आइएमइसी) सबसे आशाजनक कनेक्टिविटी परियोजनाओं में से एक है। 18वें जी-20 शिखर सम्मेलन में हस्ताक्षरित, आइएमइसी एक मल्टीमॉडल आर्थिक गलियारा है, जिसमें शिपिंग, रेलवे, रोडवेज, बिजली केबल, हाइ स्पीड डेटा केबल और एक हाइड्रोजन पाइपलाइन शामिल है। गलियारे का उद्देश्य परिवहन दक्षता को बढ़ाना, रसद लागत को कम करना, आर्थिक एकता को बढ़ावा देना, रोजगार उत्पन्न करना और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करके एक स्वच्छ, सुरक्षित दुनिया में योगदान देना है। भारत चीन से भी आगे निकल कर विश्व में सबसे अधिक आबादी वाला देश बन चुका है, बड़ी आबादी को आर्थिक विकास का माध्यम बनाने में सरकार की सूझबूझ एवं योजनाएं कारगर साबित हो रही है। बड़ी आबादी के अनेक तरह के नुकसान हैं, तो इसी से भारत में उत्पादों का उपभोग तेजी से बढ़ रहा है। इस तरह भारत न केवल उत्पादों के उपभोग का प्रमुख केंद्र बन बन रहा है, बल्कि विश्व के लिए एक विनिर्माण केंद्र के रूप में भी उभर रहा है।

सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत पूर्व में ही वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े केंद्र के रूप में विकसित हो चुका है। भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार वर्तमान स्तर 3.50 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2031 तक 7.5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच जायेगा और इस प्रकार भारतीय अर्थव्यवस्था अमेरिका एवं चीन के बाद विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगी। आगे आने वाले 10 वर्षों के दौरान आर्थिक क्षेत्र में भारत पूरी दुनिया का नेतृत्व करने जा रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था के वैश्विक स्तर पर सुपर पावर बनने के पीछे भारत के विशाल आंतरिक बाजार, स्व भाव एवं स्वदेशी का दर्शन मुख्य कारण है। आम जनता में स्व का भाव जगा कर, उनमें राष्ट्र प्रेम एवं स्व-संस्कृति की भावना विकसित करना भी आवश्यक है। इससे आर्थिक गतिविधियों को देशहित में करने की इच्छाशक्ति नागरिकों में जागृत होती है और देश के आर्थिक विकास में प्रबल तेजी दृष्टिगोचर होती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी वर्ष 1925 में अपनी स्थापना के बाद से भारतीय नागरिकों में स्व का भाव जगाने का लगातार प्रयास कर रहा है।

निश्चित ही भारत की आर्थिक प्रगति एक सुखद संकेत है। शीघ्र ही भारत विकासशील देशों के वर्ग से निकलकर विकसित देश हो जायेगा। एक दशक में भारत दसवें नंबर की अर्थव्यवस्था से तरक्की करके दुनिया की पांचवीं आर्थिक महाशक्ति बन गया। अनुमान है कि दो साल के अंदर हम तीसरी आर्थिक शक्ति बन जायेंगे। निस्संदेह इस वक्त भारत की आर्थिक विकास दर का सूचकांक दुनिया में सर्वाधिक है, जो भारत के आर्थिक महाशक्ति बनने का संकेत दे रहा है। भारत के आर्थिक महाशक्ति बनने को सकारात्मक रूप देने की अपेक्षा है, जिसमें गरीबी एवं भुखमरी का कलंक मिटना जरूरी है। आजादी के अमृत महोत्सव तक की आर्थिक यात्रा का लक्ष्य अब प्रजातांत्रिक समाजवाद एवं समतावादी समाज संरचना को हासिल करने का हो, देश में मानवीय मूल्यों, शांति एवं अहिंसक सिद्धांतों और आर्थिक समानता पर ध्यान देना होगा। भारत ने इस संदर्भ में पूरे विश्व को राह दिखायी है। इसी से गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे नागरिकों को कल का मध्यम वर्ग बनायेगी, इससे देश में विभिन्न उत्पादों का उपभोग बढ़ेगा तथा देश की आर्थिक उन्नति की गति भी तेज होगी। यह भारतीय सनातन संस्कारों के चलते ही संभव हो पाया है।

भारत में विशेष रूप से कोरोना महामारी के दौरान एवं इसके बाद केंद्र सरकार द्वारा भारतीय सनातन संस्कारों का पालन करते हुए गरीब वर्ग के लाभार्थ चलाये गये विभिन्न कार्यक्रमों के परिणाम अब सामने आने लगे हैं। विशेष रूप से प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना के अंतर्गत देश के 80 करोड़ नागरिकों को मुफ्त अनाज की जो सुविधा प्रदान की गयी है एवं इसे कोरोना महामारी के बाद भी जारी रखा गया है, इसके परिणामस्वरूप देश में गरीब वर्ग को बहुत लाभ हुआ है और गरीब देश होने के दंश से तेजी से उबरने लगे हैं। वर्ष 2022 में विश्व बैंक द्वारा जारी किये गये एक प्रतिवेदन के अनुसार वर्ष 2011 में भारत में 22.5 प्रतिशत नागरिक गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने को मजबूर थे, परंतु वर्ष 2019 में यह प्रतिशत घटकर 10.2 रह गया है। पिछले दो दशकों के दौरान भारत में 40 करोड़ से अधिक नागरिक गरीबी रेखा से ऊपर आ गये हैं। दरअसल पिछले लगभग नौ वर्षों के दौरान भारत के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक परिवेश में कई बड़े बदलाव देखने को मिले हैं, जिसके चलते भारत में गरीबी तेजी से कम हुई है और भारत को गरीबी उन्मूलन के मामले में बहुत बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। भारत में अति गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले करोड़ों नागरिकों का इतने कम समय में गरीबी रेखा के ऊपर आना विश्व के अन्य देशों के लिए एक सबक एवं प्रेरणा है। भारत में गरीबी में जो बदलाव आया है, वह धरातल पर दिखाई देता है। इससे पूरे विश्व में भारत की छवि बदल गयी है। भारत की आर्थिक सोच, नीतियां एवं योजनाएं अब दुनिया के लिए अनुकरणीय बन रही हैं। दुनिया भारत की ओर संभावनाओं एवं आशाओं की नजर से देखने लगी है। यह बड़ा एवं सकारात्मक परिवर्तन न केवल आर्थिक महाशक्ति, बल्कि विश्व का नेतृत्व करने की क्षमताओं का संकेत दे रहा है, जो सुखद है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव की हत्या के विरोध में झारखंड क्षत्रिय संघ का मशाल जुलूस आज



**जमशेदपुर।** कदमा क्षत्रीय भवन में झारखंड क्षत्रीय संघ के केंद्रीय अध्यक्ष शम्भु नाथ सिंह के नेतृत्व बैठक का आयोजन किया गया। बुधवार को आयोजित बैठक में करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिह की जयपुर में हत्या की घोर निंदा की गयी। बैठक में देश के एक प्रभावशाली हिन्दुवादी नेता पर हमला के विरोध में आंदोलन पर चर्चा की। वक्ताओं ने हत्यारो को तुरंत पकडने व उसे कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए केंद्र सरकार से मांग की। वहीं हत्याकांड के विरोध में गुरुवार दोपहर 4 बजे मशाल जुलूस निकालने पर सहमति बनी। मशाल जुलूस महाराणा प्रताप चौक से हजारों की संख्या में सभी समाज के लोग एकत्रित होकर साकची गोलचक्कर तक विरोध दर्ज करायेंगे। वहीं सभा का आयोजन किया जायेगा। जहां सभी अपने विचार रखेंगे और आगे के कार्यक्रम की योजना बनायेंगे। बैठक में झारखंड क्षत्रीय संघ के केंद्रीय अध्यक्ष शंभू नाथ सिंह, पूर्व डीआजी राजीव रंजन सिंह, शिवशंकर सिंह, राजन, संजय सिंह लड्डू, वापी सिंह, नंद, डॉ कविता परमार, मंजू सिंह, अखिल भारतीय क्षत्रीय महासभा के समरेश सिंह और रवि शंकरसिंह, रन विजय सिंह, मृत्युंजय, राजीव सिंह, लाल चंद, प्रशांत, अरबिंद, अनूप, चंदन, मुकेश, आरके सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। देश के संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर मृत्यु 6 दिसंबर 1959 को हुआ था। प्रत्येक वर्ष 6 दिसंबर को पूरे देश भर में उनका पुण्यतिथि मनाया जाता है। बुधवार को पूर्वी सिंहभूम जिले में जुगसलाई विधानसभा स्थित गधडा तेतुल बागान बॉयज क्लब मैदान में झामुमो जिला समिति के द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। मौके पर सभी ने उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की सीख ली। इस अवसर पर झामुमो में जिला उपाध्यक्ष सगेन पूर्ति, सामाजिक सेवा संघ अध्यक्ष सह झामुमो मजदूर नेता राजेश सामंत, झारखंड आंदोलनकारी वरिष्ठ नेता जेना जामुदा, मुखिया शिवलाल लोहरा, लखन सामड़, भूपति, अमित सरदार सहित अन्य मौजूद रहे।**

## जुगसलाई विधानसभा के पश्चिमी कालीमाटी पंचायत पहुंची सरकार आपके द्वार

# योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनें ग्रामीण: विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा स्थित जमशेदपुर प्रखंड के पश्चिमी कालीमाटी पंचायत भवन में राज्य सरकार की महात्वाकांक्षी आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। बुधवार को आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक ने देश के संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के पुण्यतिथि पर पुष्प भेट कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वही विधायक ने शिविर में लगे सभी विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण कर अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दी। विधायक ने कहा हेमंत सरकार का लक्ष्य है शिविर के माध्यम से प्रखंड के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना। ताकि ग्रामीण सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर आत्म निर्भर बन सके। विधायक ने कहा पूर्व की सरकार में ग्रामीण प्रखंड व जिला मुख्यालय का चक्कर लगाकर थक जाते थे। हेमंत सोरेन ही राज्य के पहला मुख्यमंत्री है जिन्होंने राज्य के ग्रामीण जनता की परेशानी को समाप्त करने के लिए अधिकारी को शिविर के माध्यम से आपके घर आकर समस्या का समाधान करने का निर्देश दिए। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा हेमंत सरकार में अब एक भी व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित नहीं होंगे। यही सोच के साथ 2000 साल में ढिशुम गुरु शिबू सोरेन के नेतृत में संघर्ष कर झारखंड अलग राज्य की स्थापना हुई थी। गुरुजी के सपनो की झारखंड में 22 साल बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड वासियों के लिए आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूवात की। जिससे सीधे लाभ झारखंड में रहने वाले अंतिम व्यक्ति तक पहुच रही है। विधायक ने कहा वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने निश्चय किया झारखंड के सभी गांव में जाकर लोगों की समस्याओं को सुनकर ऑन द स्पॉट समाधान करेंगे। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, मुखिया अरुणा एक्का, मुखिया कालिदास टूडु, मुखिया रत्नी मुंडा, पंचायत समिति सदस्य मनोज यादव, पंचायत समिति सदस्य कौशर परवीन, प्रखंड विकास पदाधिकारी सचिदानंद महतो, अंचलाधिकारी मनोज कुमार, झामुमो नेता मनोहर हुसैन, मानिक मल्लिक, मो चिट्टु, हलिमा खातून, कंचन देवी समेत काफी संख्या में झामुमो समर्थक ग्रामीण मौजूद रहे।

# सिंहभूम फार्मासिस्ट एसोसिएशन कार्यालय का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** सिंहभूम फार्मासिस्ट एसोसिएशन कार्यालय का जुगसलाई गौरी शंकर रोड में उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। बुधवार को उद्घाटन समारोह में मुख्य अथिति फामेर्सी काउंसिल इंडिया के एग्जीक्यूटिव मेंबर धर्मेंद्र सिंह शामिल हुए। एसोसिएशन के सदस्यों ने अतिथि को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस अवसर पर अतिथि के द्वारा पिता काटकर कार्यालय का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मंच का संचालन जितेंद्र शर्मा ने किया।

मौके पर फार्मासिस्ट जितेंद्र शर्मा ने कहा सभी छोटे बड़े फार्मासिस्ट एक साथ मिलकर काम करेंगे। ताकि तेजी से कार्य में आगे बढ़ सके। इस अवसर पर सिंहभूम फार्मासिस्ट एसोसिएशन के संस्थापक विकास राय, राजेश कुमार, दीपक नंदी, मनी मोहंती, झारखंड फार्मासिस्ट सभा में झारखंड फार्मासिस्ट स्टेशन के प्रदेश अध्यक्ष गृजेश निराला सहित अन्य उपस्थित होकर अपनी बातो को विस्तार से रखा। सभी ने कहा फार्मासिस्ट के हित के लिए हम सभी एक साथ मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त यूनाइटेड वेलफेयर फार्मासिस्ट संगठन के बैनर तले पूरे भारत में काम करेंगे। मौके पर पूरे झारखंड के फार्मासिस्टों को निराला और विकास राय ने आभार व्यक्त की। धन्यवाद ज्ञापन सिंहभूम फार्मासिस्ट एसोसिएशन के सेक्रेटरी दीपक कुमार शर्मा के द्वारा किया गया।

# 25 को होगा निर्मल महतो की प्रतिमा का अनावरण : पूर्व मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता




**पटमदा।** बोड़ाम प्रखंड के मुकरुडीह गांव में ग्रामीणों संग आजसू पार्टी का एक बैठक का आयोजन किया गया। बुधवार को बैठक में आजसू पार्टी के प्राधन महा सचिव सह पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस शामिल हुए। बैठक में झारखंड अलग राज्य के लिए आन्दोल करने और बेहतर झारखंड की परिकल्पना की सोच रखने वाले और आजसू नामक आंदोलन को खड़ा करने वाले आजसू के संस्थापक श्रद्धेय वीर शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा लगाने पर सहमति बनी। साथ ही उनके आदर्श व विचारों के साथ झारखंड के सभी स्कूलों में वीर शहीद निर्मल के संघर्षों और उनके बलिदानी को झारखंडी सिलेबस में शामिल करने का संकल्प प्रस्ताव रखा गया। पूर्व मंत्री रामचन्द्र सहिस ने कहा वर्ष 2018 में शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा के लिए भूमिपुजन हुआ था। जिसके बाद चुनावी दौर शुरू हो गया, बाद में कोविड जैसे महामारी पूरे भारत भर में भयक्रांत मचाया हुआ था। लेकिन जनता से किये गए वादा याद है। मुकुरुडीह चौक पर वीर शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा का अनावरण आगामी 25 दिसंबर को उनके जन्म जयंती पर किया जायेगा और कदम से कदम मिलाकर वीर शहीद निर्मल दा के सपनो को साकार करेंगे। बैठक में मुकरुडीह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ललित हाँसदा, पंचायत समिति प्रतिनिधि अरुण महतो, अनिल चंद्र, सुभाष, आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता आदित्य, मृतुंजय, प्रकाश के साथ क्षेत्र के बुद्धिजीवी, समाजसेवी, युवा, महिला और अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## सामूहिक विवाह समारोह में परिणय सूत्र में बंधे 101 जोड़े

# कन्या विवाह सोसाइटी की अनोखी पहल है : मिथिलेश

**कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी ने कराया सामूहिक विवाह का आयोजन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी द्वारा शहर के दनरो नदी स्थित छठ घाट पर 101 निर्धन असहाय कन्याओं का सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। जिसमें कन्याओं का हिन्दू रीति रिवाज से विवाह संपन्न कराया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन पेयजल और स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर और संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने संयुक्त रूप से सामुहिक विवाह में शामिल सभी वर को आर्शीवाद दिया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा की सामुहिक विवाह कन्या विवाह और विकास समिति के द्वारा आयोजित कार्यक्रम काफी सराहनीय है। संस्था के द्वारा वैसी लड़कियों की शादी कराया गया, जो काफी समर्थ और असहाय लाचार है। आज जहां दहेज को लेकर के बेटियों के साथ अत्याचार हो रही है। उसी को रोकने के उद्देश्य से संस्था दहेज मुक्त सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। संस्था की जितनी भी तारीफ की जायें कम है। उन्होंने कहा कि यह सामूहिक विवाह एक अनोखी पहल और ऐतिहासिक है। पर संस्था सचिव ने कहा कि जिसका मुख्य उद्देश्य बाल विवाह, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या पर रोक लगाना व सामूहिक विवाह को प्रोत्साहन देना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि के समक्ष वैदिक मन्त्रोंच्चारण के साथ जयमाला कार्यक्रम की शुभारंभ हुई। और सभी जोड़े अपने-अपने विवाह मंडप के लिए जाकर हिन्दू रीति रिवाज से विवाह संपन्न किया गया। विवाह पश्चात सभी नवविवाहित कन्याओं को संस्था सचिव विकास कुमार माली ने विदाई में ट्रक, गोदरेज, पलग तोशक, रजाई तकिया, बेडशीट गोदरेज, पलंग, बर्तन शेट, वर वधु वस्त्र, श्रृंगार सामग्री इत्यादि देकर उनके मंगलकामना करते हुए विदाई कराया।

**सभी जोड़ों को दिया आशीर्वाद**

इस पुनीत कार्य में सभी आए हुए अतिथियों ने सभी जोड़ों को आशीर्वाद दिया। तदोपरांत सायंकाल में भव्य भक्ति जागरण, झांकी एवं मुंबई से आए गायिका अर्चना गोस्वामी, एंकर चन्दन मिश्रा, एकता मालन सहित विभिन्न कलाकारों ने संगीत से भक्तिमय एवं अनोखी झांकी का प्रदर्शन कर सुखमई माहौल बना दिया। इस मौके पर सभी अतिथियों के अलावे जेएमएम के जिला अध्यक्ष रणबीर आलम, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे संस्था के उषा कुमारी, राजेश सिन्हा, हासिबुल्लाह, संजय सिंह, रितेश सिंह, अर्जुन माली, प्रधान कार्यालय महिला और पुरुष पदाधिकारी राज्य से आए विभिन्न जिलों से सभी जिला प्रबंधक और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेराल।** प्रखंड में कई जगह भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की 67वां पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय में बहुजन समाज पार्टी द्वारा डंडई रोड स्थित अंबेडकर चौक पर परिनिर्वाण दिवस का आयोजन किया गया। यहां स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा पर पार्टी के प्रदेश महासचिव सुनीता देवी, पार्टी के नेता रामकेश राम, रामकुंवर राम, मोतीराम आदि के द्वारा संयुक्त रूप से माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

मौके पर राम कुंवर राम ने कहा की डॉ भीमराव अंबेडकर ज्ञान के प्रतीक थे, इन्होंने अपने ज्ञान और विद्वता के बल पर पूरे विश्व में अपने को स्थापित किया। हम सभी को उनके बताएं हुए मार्ग शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो पर चलने की जरूरत है। कार्यक्रम में रामाधार राम, भोला राम, बिन्हाई राम, मनोज राम, उदय जयसवाल, महेंद्र प्रसाद, सहित कई लोग थे। इसके अलावा लोवादाग में

समाज सुरक्षा संघ के तत्वधान में भी महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। यहां मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा फूलमाला पहन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद उपस्थित सभी लोगों ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर प्रखंड दीपमाला कुमारी ने कहा कि बाबा साहब ने हम सभी को शिक्षा प्राप्त कर अपने हक अधिकार को जानने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में समाज सुरक्षा संघ के निदेशक बटेश्वर राम, अजय राम, सुनय, जगदीश, अक्षय, परीखा, वार्ड सदस्य फूलकुमारी, पुष्पा, जेएमएम पंचायत अध्यक्ष रीता देवी, जल सहिया संगीता देवी, बबीता देवी स्वास्थ सहिया, विनीता, देवी, कंचन देवी, चांदनी, कविता, संध्या, पूजा कुमारी सहित बड़ी संख्या में लोग थे। इसके अलावा सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों में भी बाबा साहब की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया गया।

## मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का आयोजन

# तय समय सीमा के अंदर कार्यों को निष्पादित करने का निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 से संबंधित समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 80 गढ़वा/ 81 भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र और उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय संग उपायुक्त ने बिंदुवार मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत हुए कार्यों की समीक्षा किया।

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मुख्य रूप से प्रपत्र 6,7,8 की प्राप्ति, निष्पादन और ऑनलाइन अपडेट की स्थिति, वोटर आईडी कार्ड में ब्लैक एंड वाइट और खराब क्वालिटी के वोटर आईडी कार्ड के बदलने की स्थिति, बीएलओ से प्राप्त मृत मतदाताओं की सूची, मृत मतदाताओं का मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत की स्थिति, पीवीटीजी परिवारों का शतप्रतिशत मतदाता सूची में नाम जोड़ने समेत अन्य की बिंदुवार समीक्षा की गयी। निर्वाचन कार्य में लगे सभी संबंधित पदाधिकारी और कर्मी आपस में समन्वय बनाकर ऐसे मतदाताओं से रंगीन अच्छे फोटोग्राफ लेकर उसे अपडेट कराना सुनिश्चित करें, जिससे मतदाताओं का वोटर आईडी अप टू डेट किए जाने का निर्देश दिया। बैठक में उक्त के अतिरिक्त सभी कंप्यूटर ऑपरेटर और अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# मतदाता पुनरीक्षण अभियान का आयोजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रंका।** मतदाता पुनरीक्षण अभियान (4-5 दिसंबर 2023) कार्यक्रम के अंतर्गत 4 दिसंबर सोमवार को रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित राजकीय कृत उच्च विद्यालय, राजमाता गुंजेश्वरी देवी महाविद्यालय और गुरूपद टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज रंका के मतदान केंद्रों में शिविर के माध्यम से 18 वर्ष की उम्र पूर्ण कर चुके छात्र छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए जगरूक करते हुए फार्म- 6 का वितरण किया गया। इस अभियान की सफलता के लेकर गढ़वा जिला एलआरडीसी और रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम के द्वारा सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया तथा उपस्थित सभी बीएलओ और पर्यवेक्षकों को अधिक से अधिक संख्या में फार्म-6 को भरवाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक फौजदार साहू, बीएलओ सीमा देवी, मुकेश पांडेय, स्वयंसेवक अमरेंद्र कुमार, रोजगार सेवक उमेश पाल और ग्रामीण अशोक चौधरी के द्वारा उपस्थित छात्र छात्राओं को जागरूक कर फार्म-6 भरने के लिए प्रेरित करते देखे गए।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम सिर्फ ढकोसला : रितेश चौबे

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा है कि झामुमो सरकार का सरकार आपके द्वार कार्यक्रम सिर्फ ढकोसला है जनता को ठगने का काम हो रहा है। गढ़वा जिला सहीत पुरे झारखंड में आपातकाल की स्थिति बनी हुई है। बालु के अभाव में गरीब का घर नहीं बन रहा है। लेकिन झामुमो मंत्री विधायक विकास का झुठा ढोल पीट रहे हैं। जिसे जनता देख रही है। चारों तरफ खुलेआम भ्रष्टाचार अव्यवस्था फैला हुआ है। झामुमो सरकार में बैठे अधिकारी पदाधिकारी भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में लगे हुए हैं। पदाधिकारी झामुमो कार्यकर्ता की तरह काम कर रहे हैं। आम जनता का कोई काम नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार ने जनहित में एक भी योजना नहीं बनाया फिर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में झामुमो सरकार का उपलब्धि क्या है। गढ़वा सहित पूरे झारखंड में सिर्फ केन्द्र सरकार की योजना चल रही है। लेकिन झामुमो के लोग केंद्र सरकार की योजना का शिलान्यास उद्घाटन समारोह आयोजित कर जनता को भ्रमित करने का असफल प्रयास करते हैं। मौके पर मुख्य रूप से भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अविनाश पासवान जिला मंत्री संजय जायसवाल जिला मिडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पांडेय, नवीन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# तीन नाबालिग सहित चार चोर गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढवा।** शहर थाना क्षेत्र के सोनपुरवा शिव ढोड़ा निवासी अभय तिवारी के पत्नी रोशनी देवी के द्वारा अज्ञात चोरों के द्वारा बंद पड़े घर में घरेलू उपयोग के सामानों की चोरी होने की उक्त प्राथमिक की सदर थाने में दर्ज करायी गयी थी। उक्त प्राथमिकी के पश्चात पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर टीम गठित कर कांड में संलिप्त अज्ञात चोरों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की गयी। जिस दौरान तीन नाबालिक सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया।

प्रेस वार्ता कर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि 28 नवंबर को सोनपुरवा में बंद पड़े घर में अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। साथ ही अभियुक्तों के द्वारा कांड में संलिप्ता स्वीकार किया गया। और उनके निशान देही पर चोरी के सामान भी बरामद की कर ली गयी।

**छापेमारी टीम में**

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अवध कुमार यादव पुलिस और निरीक्षक राजेश कुमार वर्मा प्रवीण कुमार सूर्य प्रकाश दुबे आरक्षी पंचम राम देव कुमार उरांव राकेश कुमार विक्रम सिंह का नाम शामिल है ।

# करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष की हत्या के विरोध में मशाल जुलूस



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मझिआंव ।** राजस्थान के जयपुर में राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में नगर पंचायत में मशाल जुलूस निकाली गई। जो राधा कृष्ण मंदिर से चलकर बस स्टैंड ब्लॉक रोड और ब्लॉक रोड स्थित पेट्रोल पंप के साथ महाराणा प्रताप चौक के समीप समाप्त हुआ। इस दौरान मशाल जुलूस के दौरान लोगों के द्वारा हत्यारे को गिरफ्तार कर फांसी दो इत्यादि नारे लगाए जा रहे थे। इस दौरान करणी सेना जिला अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह, संजीव सिंह, विजय सिंह, नागेंद्र सिंह, अभिमन्यु सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह, संजय कमलापुरी, अरविंद सिंह, नवल किशोर सिंह, संजीत तिवारी, धनंजय सोनी, दीपक राज, सुदामा साव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

# सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक करें: डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** जिला में सड़क हादसों को नियंत्रित करने समेत अन्य संबंधित विषयों को लेकर आज समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिलास्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की गयी। बैठक में सर्वप्रथम हिट एंड रन मामलों की उपायुक्त ने समीक्षा किया। बैठक में उपायुक्त ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 75 पर गढ़वा से नजदीक के सभी मुख्य स्थान की दूरी से संबंधित साइनेज गति सीमा से संबंधित साइनेज और रोड सेफ्टी से संबंधित उपकरणों को अधिष्ठापित करने का निर्देश दिया। मौके पर उपस्थित कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया कि जिले के कई स्थानों पर साइनेज का अधिष्ठापन कर लिया गया है और शेष बचे स्थान पर जल्द ही साइनेज लगाने की कार्रवाई कर ली जायेगी। शहर के मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी के अधिष्ठापन की जानकारी कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद से लिया गया। उपायुक्त ने शहर के साफ सफाई और सौंदर्य करण पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनने का भी अपील किया। जिले के विभिन्न सड़कों पर व्हाइट पैच एवं रेडियम लगाने का भी निर्देश दिया गया। जिससे खराब विजिबिलिटी में भी सड़कों पर वाहन चलाने में लोगों को सहूलित हो। इस बैठक में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र समेत पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा बिजय कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश समेत स्वास्थ्य विभाग प्रतिनिधि समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## रमना सीओ ने अतिरिक्त पदभार ग्रहण किया



**बिशुनपुर।** विशुनपुरा प्रखंड में रमना सीओ ने अतिरिक्त पदभार ग्रहण किया। इस दौरान सभी प्रखंड सह अंचल कर्मियों ने अंचलाधिकारी को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इसके बाद कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारियों से परिचय भी प्राप्त किया। उन्होंने कार्यालय का निरीक्षण करने के साथ ही राजस्व और लंबित कार्यो को लेकर कर्मचारियों से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस मौके पर राजस्व कर्मचारी जयप्रकाष गुप्ता, जितेंद्र कुमार, मुकुल कुमार, झा जी, नेपोलियन कुजूर, सहित कयी कर्मी उपस्थित थे।

# लोकतंत्र की मजबूती में बाबा साहब का अतुलनीय योगदान : मिथिलेश

**पुण्यतिथि पर याद किये गये डॉ भीमराव अंबेडकर**

**साहिजना मोड़ स्थित उनकी प्रतिमा पर मंत्री ने किया माल्यार्पण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के पुण्यतिथि में झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सहिजना मोड़ स्थित बाबा साहब अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर कहा कि आज पूरा देश बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर उनको याद कर रहा हैं। उन्होंने कहा कि इस देश के निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। देश संचालन के लिए संविधान के निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। संविधान ने देश के सभी लोगों को एक साथ और समानता के साथ आगे बढ़ने का मौका दिया है।

संविधान समाज के सभी दलित, शोषित, पिछड़े और महिलाओं समेत सभी वर्गों को एक साथ एकता और समानता के साथ आगे बढ़ाने की सीख देता है और प्रदेश की वर्तमान सरकार इन्हीं मूल्यों के ऊपर काम करते हुए आगे बढ़ने का काम कर रही है। सरकार की कल्याणकारी योजना समाज के अंतिम व्यक्ति को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है। उसका लाभ भी यहां के आदिवासी मुलवासी को मिल रहा है। मौके पर मौजूद मुखिया वीरेंद्र राम, रंथा नायक, रामजी पासवान, विधायक प्रतिनिधि चंदन पासवान, राम जी राम, दीपक सोनी ने संयुक्तरूप से मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने संविधान की प्रतिमा को भेंट किया।

# बाबा साहब की पुण्यतिथि मनायी गयी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**केतार।** केतार सब्जी बाजार स्थित भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा के पास अंबेडकर साहब की पुण्यतिथि पर बुधवार को 12:00 बजे आजाद समाज पार्टी के महासचिव अजय वर्मा के अध्यक्षता में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि मनायी गयी। इस मौके पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प और माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर आजाद समाज पार्टी के महासचिव अजय वर्मा ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला और डा.भीमराव अंबेडकर को याद करते हुए उन्हें दलितों का मसीहा करार दिया। उन्होंने बताया कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर न केवल स्वतंत्र भारत का संविधान लिखने का काम किया। बल्कि वे बहुत बड़े अर्थशास्त्री, न्यायविद, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। भारत के लोकतंत्र को मजबूत बनाएं रखने में उनका अहम योगदान रहा है। इस मौके प्रखंड के उप प्रमुख शंभू सिंह खरवार, समाजसेवी सुरेश प्रसाद, भीम आर्मी के प्रखंड अध्यक्ष अमलेश राम, संतोष कुमार, अमित कुमार, छोटू, चंदन, विकास, गुंजन, सहेंद्र रजवार, दीपक कुमार, भीम कुमार, रूपेश कुमार, जमालुद्दीन, वहाब अंसारी, जहीर, नंदू वर्मा छोटन प्रसाद सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम, कई जगहों पर लगा शिविर

# सरकार की संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें: उपायुक्त

**कैंप के दौरान डीसी ने कई योग्य लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** खूंटी नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत बुधवार को हो गयी। उपायुक्त लोकेश मिश्र ने रनिया प्रखंड की डाहू पंचायत में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंचे और लोगों से अपील की कि अपनी पंचायत में आयोजित कार्यक्रम से जुड़कर सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। कैंप के दौरान उपायुक्त ने कई योग्य लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। परिसंपत्ति के तहत लाभुकों के बीच वैसाखी, स्कूली छात्राओं के बीच साइकिल के लिए चेक समेत अन्य लाभुकों के बीच धोती, साड़ी, कंबल, पौधे आदि का वितरण किया गया।

कैंप में लगाये गये विभिन्न विभागों के स्टॉल का उपायुक्त ने निरीक्षण किया। कैंप में मौजूद मेडिकल टीम को उपायुक्त ने निर्देशित किया गया कि जितने भी लोग इस कैंप में पहुंच रहे हैं, उन्हें प्राथमिक मेडिकल जांच की सुविधा और दवा उपलब्ध कराएं। अबुआ आवास योजना के तहत जो लाभुक आवास योजना से वंचित रह गये हैं, वैसे लाभुकों को इस योजना से लाभान्वित किया जायेगा। युवा पीढ़ी को ध्यान में रखते हुए झारखंड सरकार द्वारा गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना लाई गयी है। इसके तहत छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता दी जाती है। किसानों के लिए बिरसा सिंचाई कूप योजना सरकार द्वारा लाई गयी है। साथ ही वन क्षेत्र में रह रहे आदिवासी भाई बहनों के लिए वन पट्टा की व्यवस्था सरकार द्वारा की गयी है। उसके लिए भी कैंप में आवेदन प्राप्त करते हुए लाभुकों को योजना का लाभ पहुंचाया जा रहा है।

# चलंत लोक अदालत वैन से लोगों को दी गयी कानून संबंधी जानकारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** नालसा दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में बुधवार को चलंत लोक अदालत वैन सह न्याय आपके द्वार वैन के तहत मुरहू ब्लॉक की कुदा पंचायत में विधिक सहायता और कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। पंचायत में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यकम में पहुंचे लाभूकों को संबोधित करते हुए डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि निःशुल्क न्याय वैसे लोगों के लिए है जिनकी आमदनी तीन लाख सलाना से कम है। बच्चे हों, महिलाएँ, कैदी और और वैसे बच्चे जिनके माता-पिता नहीं हैं या दोनों में से कोई एक न हो वैसे बच्चों को भी निःशुल्क न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि यह न्याय रथ जिले की हर पंचायत तक पहुंचकर आपलोगों को छोटी-मोटी समस्याओं का मौके तुरंत निष्पादन करेगी। इस वैन के साथ में खूंटी जिले के अधिवक्ता और पीएलवी सुदूर क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहे है, ताकि कोई न्याय से वंचित न रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) खूंटी और जिला बाल संरक्षण इकाई के संयुक्त तत्वावधान में रनिया प्रखंड की तांबा पंचायत में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्कूल की छात्राओं, ग्राम बाल संरक्षण समिति के सदस्यों और ग्रामीणों के बीच बाल संरक्षण के मुद्दों और कानूनी जानकारी दी गयी। रनिया प्रखंड की बनई पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव और जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी द्वारा कानूनी जानकारी और बाल संरक्षण द्वारा चलाई जा रही स्पॉन्सरशीप और फॉस्टर केयर योजना के बारे बिस्तृत जानकारी दी गयी।

# अफीम की खेती के खिलाफ 15 दिसंबर से विशेष अभियान चलायेगा प्रशासन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में एनसीओआरडी की बैठक आयेजित की गयीं इस दौरान एनसीकोर्ड से संबंधित अधिकारियों को अफीम की खेती विनष्ट करने और लोगों को वैकल्पिक खेती करने के प्रति जागरुक करने कें लिए 15 दिसंबर से 15 जनवरी तक विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने एनसीकोर्ड से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि संबंधित गांव के ग्राम प्रधान और मुखिया के साथ बैठक का आयोजन कर अवैध अफीम की खेती का त्याग कर वैकल्पिक उन्नत खेती के लिए लोगों को प्रेरित करें। डीउी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अफीम की खेती की के लष्ट करने के संबंध विचार-विमर्श करने के लिए मुखिया, ग्राम प्रधान सहित अन्य जनप्रतिनिधि के संग बैठक का आयोजन करें। उपायुक्त ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रमों में ग्रामीणें को अफीम की खेती के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए अफीम की खेती का त्याग कर चना, मूंग, सरसों आदि की खेती के प्रोत्साहित और जागरूक करें। उन्होंने संबंधित अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी और रेंजर के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा छापामारी कर अवैध अफीम का विनष्टीकरण करने की गति में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही निर्देशित किया गया कि अफीम की खेती में संलग्न व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करें।

## आपकी योजना आपकी सरकार कार्यक्रम



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू प्रखंड के गभड़ेया पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के कुल 1428 आवेदन प्राप्त किए गए सिर्फ अबुआ आवास योजना के तहत 370 आवेदन प्राप्त किए गये तथा नया जॉब कार्ड में 93 आवेदन दिया गया बाकी 968 आवेदन में 110 आवेदन का निष्पादन किया गया कार्यक्रम में तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा तथा अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग टोपनो उपस्थित हुए विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि अधिकारियों को अपनी जवाब देही के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाएं मौके पर जिप सदस्य परमेश्वरी शांडिल प्रमुख राजकुमार बिंझिया बीडीओ रेणु कुमारी मुखिया संदीप उरांव डॉ दिलीप पासवान सहित प्रखंड और अंचल के सभी विभागों के कर्मचारी मौजूद थे।

## आपकी योजना आपके द्वार कार्यक्रम

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड के जारगो पंचायत भवन मे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आज शिविर लगाया गया जिसमें 1360 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिसमें 928 मामले का त्वरित निष्पादन किया गया सबसे अधिक भीड़ आबुआ आवास योजना मे हो रही है इसमें 890 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिसमें 486 का निष्पादन किया गया आधार पंजीकरण 16 लुंगी साड़ी योजना मे 240 आवेदन पत्र प्राप्त हुए वृदधा पेंशन 54 कंबल 20 लोगों को वितरित किया गया तथा 13 लोगों का आयोजन प्रमाण पत्र निर्गत किया गया इस अवसर पर बीडीओ संतोष प्रजापति सीओ अतुल रंजन भगत के अलावे कई विभागों के पदाधिकारी व कर्म चारी उपस्थित हुए ।

# महापरिनिर्वाण दिवस मनाया



**डकरा (आजाद सिपाही)।** एससी एसटी ओबीसी एकता मंच डकरा के तत्वावधान में भारत के संविधान निमार्ता भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण मनाया गया। मंच के सदस्यों ने डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क डकरा में द्वारा दीप प्रज्जवलित कर और पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। वक्ताओं ने बारी-बारी से बाबा साहब के विचारों से अवगत कराया।कन्हाई पासी ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर 6 दिसम्बर 1956 को उनका निधन हुआ था। उनके द्वारा समाजिक न्याय हेतु किया गया संघर्ष हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। बाबा साहेब अंबेडकर के 'महापरिनिर्वाण दिवस' पर उन्हें अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उनका जीवन संघर्ष, विचार और आदर्श हम सभी भारतवासियों के लिये प्रेरणा है। हमे बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलना ही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर मंच के महेन्द्र उरांव, कन्हाई पासी, राम परीखा राम, नित्या कुमार, अनिल पासवान, अनिता एक्का, रामेश्वर शर्मा, सुखराम सेठ, जगदीश गंझु,, नागेश्वर महतो, जगन्नाथ महतो, अमरजीत कौशल, सुनील पासवान बौद्ध, निक्की पासवान, अमर लाल सतनामी, संजय मुंडा, सहित कई के गण मान्य लोग उपस्थित थे ।

## नौकरी की मांग को लेकर रैयतों ने चुरी परियोजना का काम बंद कराया



**खलारी (आजाद सिपाही)।** चुरी परियोजना के रैयतो ने नौकरी की मांग को लेकर परियोजना का काम तथा कोयला ढुलाई बन्द करा दिया। बुधवार की सुबह रैयत और बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के पदाधिकारियों के द्वारा सुबह छह बजे से चुरी परियोजना खदान और इस क्षेत्र से से होने वाली कोयले की धुलाई का काम भेलवा टांड के निकट बंद करा दिया। जिसके कारण कोयला ढुलाई पुरी तरह से बंद हो गया। रैयत ने बताया कि 1980 के दशक में सीसीएल के द्वारा जमीन का अधिग्रहण किया गया था। जिसके बाद से नौकरी देने के आश्वासन के बाद भी प्रबंधन टाल मटोल करता आया। काम बंद किये जाने की सूचना के बाद एनके एरिया प्रबंधन के द्वारा रैयतों को पंद्रह दिन के अंदर नौकरी पाने वाले छह लोगों का नाम मुख्यालय भेजी जाने के लिखित आश्वासन के बाद रैयतों ने अपना बंद स्थगित कर दिया। वार्ता में महाप्रबंधक संजय कुमार तथा रैयतों की ओर से राजेश महतो, रतिया गंझु अशोक महतो, इरफान खान मोहन महतो, बीरेंद्र,शंकर,राजन महतो,नीरज मुंडा,सहित कई लोग मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### 1124 आवेदन में 196 आवेदन का निबटरा




**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दुलमी पंचायत में अयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के 1124 आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें त्वरित करवाई करते हुए 196 आवेदन का निबटारा किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ उपस्थित होकर व्यवस्था का निरीक्षण किये। इन्होंने अधिकारियों को आम जन को सेवा और सुविधा देना अपनी दायित्व समझने की बात कही। अधिकारियों ने सभी विभागों की योजनाओं की जानकारी देकर लाभ लेने की उपाय को बताये। इस दौरान जॉब कार्ड, धोती साड़ी, लुगी व कंबल वितरण किया गया। साथ ही वृद्धा, विधवा पेंशन योजना का स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया गया। मौके पर ग्राम प्रधान मुंडा कृष्णा कुमार सिंह मुंडा, विधायक प्रतिनिधि चितरंजन महतो, प्रमुख विक्टोरिया देवी, उप प्रमुख सविता देवी, मुखिया लतिका देवी, पशुपालन विभाग पदाधिकारी डॉ धनंजय कुमार, बीपीओ बबिता गोस्वामी, जेएसएलपीएस की अभिलाषा कुमारी, अंनत हजाम, बसंत महतो, तपन मंडल, समाजसेवी अशोक कुमार महतो सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

### किसान सभा की ग्राम कमेटी बनाने का निर्णय




**अड़की (आजाद सिपाही)।** अडकी प्रखंड के सोसोकुटी गांव मे सीपीआइ (एम) जी बी जेनरल बाडी मिटिंग की आज महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता गुरू दयाल मुंडा ने किया जिसमें 40 गावों के सक्रिय सदस्य शामिल हुए सभी दुर दराज से अपनीअपनी समस्या लेकर आये थे। बैठक मे किसान सभा की ग्राम कमेटी बनाने का हर गावों मे निर्णय लिया गया। 28 दिसंबर को विभिन्न मांगो को लेकर प्रखंड मुख्यालय अड़की का घेराव व प्रदर्शन किया जायेगा विभिन्न वकताओ ने अपने अपने विचार रखे बैठक मे राज्य कमेटी के सदस्य सह तमाड विधानसभा प्रभारी सुरेश मुंडा ने कहा की अपने छेतरो के ज्वलंत समस्या का निराकरण प्रखंड के अधिकारी के साथ बैठ कर किया जायेगा इसके लिए हजारों की संख्या मे 28 दिसंबर को अड़की पहुंचे इस अवसर पर राज्य सचिव मंडल सदस्य सुखनाथ लोहरा ने कहा की प्रखंड के अधिकारी सिर्फ कागजों मे कार्य कर रहे है ।जनता दरबार मे दिये गये आवेदन को रद्दी की टोकरी में फेंक दिया जा रहा है। गणेश मुंडा ने कहा की आप लाल झंडे को मजबूत करे आने वाले समय मे लाल झंडा ही आपके सुख दुःख मे खड़ा रहेगा इसके लिए संगठन को मजबूत करे महिलाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित करें।

### डॉ अंबेडकर की पुण्यतिथि मनायी गयी



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की तोरपा प्रखंड के दियांकेल गांव में बुधवार को बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर की पुण्यतिथि सामाजिक समरसता दिवस कें रूप में मनायी गयी। मौके पर एसएफएस प्रमुख पवन कुमार महतो ने डॉ भीम राव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए भारतीय संविधान और उसके निर्माण कें बारे में जानकारी दी। दियांकेल पंचायत की मुखिया शिशिर तोपनो ने कहा कि बाबा साहेब के सपनों को साकार करने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। भारतीय संविधान आज अपने आप में गौरव है। इसके निर्माण में बाबा साहेब ने अहम भूमिका निभाई थी। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों के बीच अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा टी शर्ट का वितरण किया गया।

### आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत बुंडू के वार्ड नंबर 6 स्थित उर्दू स्कूल में झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से कुल 206 आवेदन आये जिसमें से 142 आवेदनों का निष्पादन किया गया। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी शुभम पोद्दार नगर प्रबंधक अनूप कुमार मुकेश सिंह महफूजुर रहमान पूर्व पार्षद अरशद प्रधान सहायक संदीप शर्मा दिनेश भगत सिद्धार्थ बिद उमेश सेठ प्रदीप पल्लव नायक आदि उपस्थित थे।

# परिनिर्वाण दिवस के रूप में मनी पुण्यतिथि

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस-पास के इलाकों में बुधवार को भारतीय संविधान के रचयिता और समाज सुधारक डॉ भीम राव अंबेडकर की पुण्यतिथी परिनिर्वाण दिवस के रूप मे मनायी गयी। इस मौके पर कोल इंडिया एससी/एसटी ईम्पलाईज एसोसिएशन सिस्टा पिपरवार क्षेत्र के द्वारा बचरा चार नंबर स्थित आंबेडकर चौक में एक सादे समारोह आयोजित कर बाबा साहेब की पुण्यतिथि मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कामेश्वर राम और संचालन उमेश मेहता ने किया। कार्यक्रम मे बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया, साथ ही एक मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। मौके पर मौजूद वक्ताओ ने कहा कि 6 दिसंबर 1956 को बाबा साहब का निधन हुआ था। उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के एक छोटे से गांव महू में हुआ था। बाबा साहब का पूरा जीवन देश सेवा को समर्पित था। उन्होंने अपना पूरा जीवन दलित वर्ग को समाज में समानता दिलाने के लिए संघर्ष में लगा दिया। उनके विचारों ने लाखों लोगों को प्रेरित किया है। उनका स्पष्ट कहना था कि शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। यह स्वतंत्रता हमें अपनी सामाजिक व्यवस्था को सुधारने के लिए मिली है। बाबा साहब को जानने की जरूरत नहीं पढ़ने की जरूरत है। बाबा साहब सिर्फ एक नाम ही नहीं एक विचार है, जिन्होंने समाज को हमेशा राह दिखाया है।

वर्तमान मे उसके बताये मार्ग पर चलना है तभी हम स्वच्छ भारत का निर्माण कर सकते है। इस मौके पर कामेश्वर राम, बाबूलाल राम, मुंशी राम, उमेश कुमार मेहता, कृष्णा बैठा, संतोष राम, अजेश मुंडा, रामजीत राम, कौशल प्रसाद, लखेश्वर लाल, आईडी मेहता, हरिलाल महतो, जनार्दन गिरी, अजय कुमार, गणेश राम, टिकेश्वर ठाकुर, हिमांशु चाटर, संजय, रविंद्र महतो, ओमकांत सिंह, कमलेश कुमार, मोहम्मद मुमताज, जेम्स उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

# मिचौंग तूफान का असर, तीन दिनों से हो रही है रिमझिम बारिश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** मिचौंग तूफान का जबर्दस्त असर खूंटी जिनला मुख्यालय और आसपास के इलाकों में देखने को मिल रहा है। इस तूफान के कारण सोमवार की देर रात से लगातार हो रही रिमझिम बारिश के कारण आम जन जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। बुधवार को भी सुबह से पूरे इलाके में रुक-रुककर हो रही रिमझिम बारिश से लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों और रोज कमाने-खाने वालों को हो रही है। बहुत जरूरी काम वाले लोग ही घरों से निकल रहे हैं। सड़कों पर आम दिनों की अपेक्षा लोग काफी कम नजर आ रहे हैं। स्कूलों और कोर्ट-कचहरी में भी उपस्थिति अपेक्षाकृत कम दिखी गयी। कीचड़ में तब्दील हुआ कर्रा रोड और आजाद रोड, पैदल चलना भी मुश्किल शहरी जलापूर्ति योजना के तहत पाइप बिछाने के लिए शहर के आजाद रोड और कर्रा रोड के चौधरी मोहल्ला में पक्की सड़क की खुदाई और ऊपर से हो लगातार बारिश के कारण शहर के यह दोनों प्रमुख पथ कीचड़ में तब्दील हो गये हैं। स्थिति यह हो गयी है कि इन सड़कों पर लोगों को पैदल गुजरना भी मुश्किल हो गया है।

### धान-मडुवा की फसल को भारी नुकसान

मिचौंग तूफान के कारण तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश का असर फसलों पर भी देखने को मिल रहा है। दिसंबर महीने में हो रही बेमौसम बारिया से धान और मडुवा की फसल को भारी नुकसान होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। धान और मडुवा की फसल अभी खेत-खलिहान में ही पड़ी हुई है। कई किसानों ने अपनी फसल को काटकर खलिहान में रख दिया है। बारिश के कारण धान और मडुवा के फसल खराब होने की आशंका किसान जता रहे हैं। कृषि विज्ञान केंद्र तोरपा के कृषि मौसम विज्ञानी डॉ राजन चौधरी ने कहा कि दक्षिण पूर्वी बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा है।

# पिपरवार कोयलांचल में दिख रहा चक्रवात मिचौंग का असर

### बेमौसम बारिश से जन जीवन हुआ अस्त-व्यस्त, ठंड का बढ़ा प्रकोप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास का पुरा ग्रामीण इलाका फिछले 48 घंटो से बादलो और ठंडी हवाओ की चपेट मे है। चक्रवात मिचौंग का असर कोयलांचल क्षेत्र मे देखी जा रही है। पिछ्ले 36 घटों से पुरे इलाके मे मूसलाधार बारिश हो रही है, जिसके कारण कोयलांचल क्षेत्र का जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। हल्की बारिश और ठंडी हवाओ से ठंड का प्रकोप काफी बढ़ गया है। क्षेत्र के लोग इसे चक्रवर्ती तुफान मिचौंग का असर बता रहे हैं।

जानकारी के अनुसार पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के इलाकों में मंगलवार की सुबह से ही बूंदाबांदी हो रही है। जिस वजह से ठिठुरन बढ़ गयी है। हवा भी चल रही है। ठंडी हवा और बारिश के कारण एक तरफ जहां मौसम सुहाना हो गया है। वहीं ठंड का प्रकोप बढ़ने से लोग अपने घरों में दुबक गए हैं। मंगलवार को रात भर और बुधवार को दिनभर मूसलाधार बारिश जारी रही। खराब मौसम के बीच कोयलांचल क्षेत्र के सभी बाजारों की रौनक गायब दिखी।

बाजारो मे दिन भर सन्नाटा पसरा रहा। खराब मौसम के कारण स्कूली बच्चों के अलावे दैनिक मजदूरों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### बोंगईबेड़ा में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए खिजरी विधायक

# अबुआ आवास योजना झारखंड की गरीब जनता के लिए क्रांतिकारी सौगात : राजेश

**कहा- विकास कार्य के मामले में नजीर बनेगा खिजरी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



बच्चियों को प्रशस्ति पत्र देते खिजरी विधायक राजेश कच्छप व अन्य।

**अनगड़ा।** प्रखंड के बोंगईबेड़ा पंचायत सचिवालय में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजित हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में खिजरी विधायक राजेश कच्छप शामिल हुए। विधायक ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे इसे लेकर सरकार पूरी तरह कटिबद्ध है। इसी दिशा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अंतिम व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंनें केंद्र की मोदी सरकार की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि पीएम आवास योजना को बंद कर दिया पर झारखंड की हेमंत सरकार इस योजना के जरिये जरूरतमंदों को तीन लाख शानदार मकान बनाकर देगी। कहा कि राज्य की बेटियों को पढ़ाई को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के अलावे गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ भी सरकार दे रही है। विधायक ने कहा कि खिजरी विधानसभा विकास कार्य के मामले में नजीर बनेगा। पूरे विधानसभा क्षेत्र के हर गांव टोले को पुल-पुलिया और पक्की सड़क से जोड़ने और वहां बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराकर लोगों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर कोशिश की जा रही है। शिविर में विभिन्न योजनाओं से जुड़े 401 लाभुकों के बीच करोड़ों रुपये की परिसंपतियों का वितरण किया गया। वहीं जरूरतमंदों के बीच कंबल, धोती-साड़ी, लुंगी आदि वितरित किए गये। शिविर में प्राप्त कई आवेदनों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया औरलाभुकों के बीच अबुआ आवास योजना, पेंशन स्वीकृति, आयुष्मान कार्ड, लगान रसीद, जॉब कार्ड, सावित्री बाई फुले योजना, जेएसएलपीएस बैंक लिंकेज, बिरसा सिचाई कुप, आम बागवानी, जाति, आवासीय सहित अन्य योजना के सर्टिफिकेट वितरित किए गए। आइसीडीएस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधायक नें बच्चों का मुंहजुठी भी कराया। शिविर में लगे स्टॉल में विभिन्न विभागों से जुड़े 500 से भी अधिक आवेदन प्राप्त किए गए। शिविर में प्रमुख दीपा उरांव, उपप्रमुख जयपाल हजाम, मुखिया हिरदू उरांव, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, पंसस संज्योति देवी, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र मुंडा, बीडीओ जयपाल सोय, सीओ राजू कमल, बीएसओ संतोष कुमार, बीएचओ सेवा पालित, बीपीओ अवनिंद्र कुमार, बीएओ अघुन पहान, बीईओ भरोसी मुंडू, सीआई रमेश रविदास, ग्रामप्रधान सोमरा उरांव, सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो, साकीर अंसारी, सरिता देवी, संगीता कैथा, अनिता देवी, एतवा उरांव, बरतु मुण्डा आदि उपस्थित थे।

## दलितों का सम्मान भाजपा में ही संभव : कर्मवीर



**कांके (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पिठोरिया स्थित कृष्णा रेसीडेंसी में भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीम राव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर भाजपा झारखंड अनुसूचित जाति मोर्चा के तत्वाधान में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय संगोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा झारखंड के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह भी शामिल हुए। सर्वप्रथम कर्मवीर सिंह ने पिठोरिया चौक स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं, कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर उनका पारंपरिक रीति रिवाज से ढोल नगाड़े के साथ भव्य स्वागत किया गया। कर्मवीर सिंह ने कहा कि दलितों का सम्मान भाजपा में ही संभव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंबेडकर जी की स्मृति में पंच तीर्थ का निर्माण कराया जो बाबा साहब से जुड़ी यादों को संयोजने का काम कर रही है। बाबा साहेब ने हमें सिखाया है कि जब हम राष्ट्र और समाज निष्ठा से काम करेंगे, तो हमारी दिशा हमेशा सही सिद्ध होगी। यही वजह है कि इतने सालों बाद भी वे सबकी प्रेरणा बने हुए हैं। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता कमलेश राम, सह संयोजक कमलेश किशोर, विधायक समरी लाल, उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो, नसीबलाल महतो, विशाल वाल्मीकि, रंजय भारती, जीतू चरण राममनोज राम, सीताराम रवि, गोपाल महतो आदि थे।

# क्रोध में पति ने की पत्नी की हत्या, गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लापुंग।** दोलैचा पंचायत अंतर्गत डिंबा पीपर टोली में 59 वर्षीय एक महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। उसकी पहचान पुनी उराइन के रूप में हुई है। बुधवार को उसका शव बरामद हुआ। उधर, जांच में उतरी लापुंग पुलिस ने मृतका के पति महेंद्र उरांव को गिरफ्तार कर लिया है। उसे गुरुवार को जेल भेजा जाएगा। जानकारी के मुताबिक पुनि उराइन मंगलवार की देर रात खाना खाकर सोई थी। कथित रूप से पति ने देर रात करीब दो बजे सिर पर पत्थर से कूचल कर उसकी हत्या कर दी। हालांकि मरने से पहले पुनि उराइन के चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर परिवार के अन्य सदस्य जग गए। लेकिन तब तक पुनि उराइन की मौत हो चुकी थी। मृतक का दो बेटा है। बड़ा बेटा मोहन उरांव (20) ने अपने आरोपी पिता के खिलाफ नामदज प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं, लापुंग थाना प्रभारी सूर्यकांत कुमार ने शव को कब्जे में ले लिया है। गुरुवार को पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेजा जाएगा। प्राथमिक पड़ताल के आधार पर पुलिस ने बताया कि आरोपी ने आपसी झगड़े व अति क्रोध में आकर घटना को अंजाम दिया है।

### नशे में धुत पति ने पीट-पीटकर की पत्नी की हत्या

**सिकिदीरी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कूच्च कटहर टोली गांव निवासी आशाराम उर्फ ठुरू बेदिया नामक व्यक्ति ने नशे में धूत होकर अपनी पत्नी की डंडा व लोहे के पाईप (फुकरेन) से पीटपीट कर हत्या कर दी। मृतका की पहचान संपति देवी (37) के रुप में हुई है। घटना मंगलवार रात की बताई जा रही है। जनकारी के अनुसार आशाराम बेदिया पत्नी की हत्या करने के बाद घर के बगल में स्थित खेत में छिप गया था। बुधवार की सुबह ग्रामीणों को उनके बच्चों से मां की मरने की सूचना मिली। उसके बाद वार्ड सदस्य द्वारा मृतका के भाई बेहरा टोली बीसा निवासी विशेश्वर बेदिया को सूचना दी गई। वहीं, खबर पाते ही मृतका का भाई विशेश्वर बेदिया कूच्चू कटहर टोली पहुंच गया। उसने घटना की जानकारी सिकिदीरी पुलिस को दी। थाना प्रभारी सत्य प्रकाश रवि एवं एसआई अरूण कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया। साथ ही आरोपी को घर के बगल से गिरफ्तार कर लिया गया। हत्या में इस्तेमाल डंडा व लोहे की पाईप भी बरामद कर ली गयी। मृतका के भाई विशेश्वर बेदिया ने अपने जीजा आशाराम बेदिया के विरूद्ध सिकिदीरी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। आरोपी को गुरुवार को जेल भेजा जायेगा।

## सरकार आपके द्वार के तहत शिविर का आयोजन, डीडीसी ने किया निरीक्षण



**रातू (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार की ओर से चलाये जा रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को प्रखंड के तिगरा पंचायत सचिवालय में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान डीडीसी दिनेश कुमार ने शिविर का निरीक्षण किया व विभिन्न विभागों के लगे स्टालों में जाकर जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। पदाधिकारियों को शिविर में प्राप्त आवेदनों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। शिविर में ग्रामीणों की ओर से कुल 1479 आवेदन आया। जिसमें अबुआ आवास के लिए 715 आवेदन दिये गये। इसके अलावा सोना सोबरन योजना के तहत 337 साड़ी धोती दिया गया। गरीब, असहाय व जरूरतमंद लोगों के बीच 217 कंबल का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में खाद्य आपूर्ति, स्वास्थ्य विभाग, पेंशन, कृषि विभाग, थाना, पशु पालन, शिक्षा, पेयजल, विद्युत, मनरेगा, कल्याण, पंचायती राज, महिला प्रसार, सहकारिता व 15 वित्त आयोग विभाग के स्टॉल लगाये गये थे। कार्यक्रम में प्रखंड सह अंचल अधिकारी हरिशंकर बारीक, प्रखंड प्रमुख संगीता देवी, उप प्रमुख रेयाजुल अंसारी, पंचायत सेवक मनोज कुमार, प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेख कुमार, सीआई संतोष उरांव, कल्याण पदाधिकारी अलख सिंह, महिला प्रसार पदाधिकारी अर्चना सिंह, बीपीओ अनिता कुमारी, अबुआ आवास के बीपीएम अल्बर्ट एंथोनी, सीएचसी के डॉ प्रीति, प्रकाश तिग्गा, मुखिया सुखदेव उरांव आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन तैयब अंसारी ने किया।

# झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के प्रयास से मृतक के आश्रितों को मिला सात लाख का मुआवजा व नौकरी

- पांच घंटे तक आंदोलनकारी और फैक्ट्री प्रबंधन के बीच चलती रही खींचतान
- उचित न्याय मिलने के बाद आंदोलन स्थगित किया गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नामकुम।** टाटीसिलवे थाना अंतर्गत सीधा टोली रोड स्थित इसीपीएल नामक नास्ता ब्रेड फैक्ट्री में कार्यरत मजदूर तमाड़ निवासी तारकेश्वर महतो के आकस्मिक निधन के बाद नौकरी और मुआवजा की मांग को लेकर बुधवार को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रांची के केंद्रीय सक्रिय सदस्य देवेंद्र नाथ महतो, सुमित महतो, फलिंद्र करमाली, दमयंती मुंडा के नेतृत्व में इसीपीएल नाश्ता फैक्ट्री का घेराव किया। क्रांतिकारी देवेंद्र नाथ महतो ने बताया कि इसीएल नाश्ता फैक्ट्री में कार्यरत तारकेश्वर महतो का ड्यूटी के दौरान आकस्मिक निधन की खबर परिजन के माध्यम से मिलते ही जेबीकेएसएस रांची टीम फैक्ट्री का घेराव किया और परिवार के एक सदस्य को स्थायी नौकरी और मुआवजा की मांग की। फैक्ट्री अधिकारी और आंदोलनकारी के बीच लगभग पांच घंटा बहस के बाद टाटीसिल्वे थाना प्रभारी महेंद्र करमाली की उपस्थिति में आश्रित परिवार के एक सदस्य को तत्काल स्थायी नौकरी और सात लाख रुपये मुआवजा की मांग पूरी होने के लिखित समझौते के बाद आंदोलन स्थगित किया गया। फैक्ट्री एचआर मिथिलेश सिंह के माध्यम से 50 हजार रुपये नकद राशि दी गयी। साथ ही 20 दिसंबर तक बकाया साढ़े छह लाख रुपया देने का लिखित आश्वासन दिया गया। जेबीकेएसएस का आंदोलन की देन है कि उचित न्याय मिला। अन्यथा फैक्ट्री प्रबंधन महज 20 हजार रुपये मुआवजा देकर पल्ला झाड़ने की फिराक में था।

## नामकुम प्रखंड के हजाम बस्ती में आजसू की बैठक

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हजाम बस्ती स्थित पारसनाथ पब्लिक स्कूल में बुधवार को राजू उरांव की अध्यक्षता में आजसू की बैठक हुई। जिसमें रांची जिला आजसू के वरिय उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष वीणा कुमारी शामिल हुईं। प्रकाश लकड़ा ने कहा हुड़वा पंचायत अंतर्गत आने वाले प्रत्येक गांव में एक महिला व एक पुरूष प्रभारी नियुक्त करना है। सभी ग्राम प्रभारी अपने- अपने गांव में 10 परिवार पर एक चूल्हा प्रमुख बनाना होगा। तभी हम संगठन को मजबूती प्रदान कर सकते है। वहीं, हुड़वा पंचायत में महिला प्रभारी लक्ष्मी देवी को बनाया गया। साथ ही टुंडीगढा ग्राम प्रभारी विनीत कच्छप, हजाम बस्ती महिला प्रभारी शालू कुमारी को बनाया गया। मौके पर हजाम बस्ती के ग्राम प्रभारी विनोद गाड़ी, जितेन्द्र सिंह, रतनलाल होण्डा आदि मौजूद थे।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

### ग्रामीणों की चेतावनी : दो दिनों में ठीक नहीं हुई तो करेंगे प्रदर्शन

# बेड़ो में जिम्मदारों की अनदेखी से बर्बाद हो रहा हजारों लीटर पानी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय के रांची-गुमला मुख्य मार्ग के किनारे घर-घर स्वच्छ पेयजल पहुंचने के लिए नल-जल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के दौरान ग्रामीणों के घर में गए जलापूर्ति पाइप लाइन जगह-जगह क्षतिग्रस्त होने से प्रतिदिन हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रही है। वहीं मिट्टी गिरने से नाली जाम व सड़कों पर कीचड़ हो गई है। इसके बावजूद जिम्मेदार लोग आंख मूंदे हुए हैं। ग्रामीणों की शिकायत पर जेई द्वारा दो दिनों में पाइप लाइन मरम्मत करने की बात कही थी। लेकिन अभी भी समस्या जस की तस बनी हुई है। इससे ग्रामीणों में रोष है। गांव में पानी की साफ व समुचित व्यवस्था के लिए टंकी का निर्माण कार्य अभी शुरू हुआ है जिसे बनने में काफी समय लगेगा। लेकिन विभाग अपनी मनमानी से पाइप लाइन बिछाने के दौरान ग्रामीणों के पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया है। ग्रामीणों ने कहा कि दो दिनों के अंदर पाइप लाइन व नाली की सफाई नहीं होती है तो विभाग में ताला बंद कर प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीण विधायक, सांसद, जिप सदस्य, मुखिया, पंसस और इनके प्रतिनिधियों से भी खासे नाराज हैं। लोगों ने बताया कि वर्तमान समय में गांव के रांची-गुमला मुख्यमार्ग लीकेज पानी बर्बाद होने के साथ घरों में बेहद धीमे पानी की सप्लाई हो पा रही है। जिप सदस्य पार्वती कुमारी का कहना है कि हम लोग एक-एक बूंद पानी की बर्बादी रोकने के लिए बच्चों व उनके अभिभावकों को जागरूक करते हैं। लेकिन ठेकेदार व विभाग के पदाधिकारी अनदेखी कर अपने कर्तव्यों को भूल गए है। जिससे ऐसी समस्या आ गई है। वहीं, जिप सदस्य के प्रतिनिधि जगरनाथ भगत ने कहा कि समस्या को कई बार विभाग के जेई व अधिकारियों को बताया गया है लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है।

## सोहोवती देवी पब्लिक स्कूल में मनायी गयी डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** चिलादाग सोहोवती देवी पब्लिक स्कूल में बुधवार को संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि मनाई गई। विद्यालय के सचिव डॉ अमर कुमार चौधरी, प्राचार्य एडवर्ड लुगून सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। डॉ अमर चौधरी ने बाबा साहेब के आर्दश, विचार एवं जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आर्दशों को जीवन में आत्मसात करने को कहा। वहीं एडवर्ड लुगून ने बाबा साहेब के बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान बच्चों ने बाबा साहेब की जीवन पर आधारित कविता एवं नाटक प्रस्तुत किया और भारत के संविधान पर प्रतिज्ञा कराया। कार्यक्रम में कक्षा आठ की शिवानी, अंकित, सुनिता, सुष्मिता, कक्षा 6 के शिवम, कक्षा सात की अंजू कुमारी, कक्षा 9 की अपूर्वा, कक्षा तीन की रूली, अदनान एवं कक्षा दो की सृष्टि नें भाग लिया। संचालन लखन, रानी एवं सुनिता आदि शिक्षकों ने किया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### साइबर ठगों ने एटीएम कार्ड बदल कर निकाले 1.15 लाख, भुक्तभोगी ने दर्ज करायी प्राथमिकी

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के काठीटांड में एटीएम पर मदद करने के बहाने एक व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदल कर साइबर अपराधियों ने उसके खाते से एक लाख 15 हजार रुपये निकाल लिए। इसके बाद भुक्तभोगी ने रातू थाने में अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। भुक्तभोगी सुखदेव उरांव पिठौरिया थाना क्षेत्र के सिरांगो का रहने वाला है। रातु काठीटांड भारतीय स्टेट बैंक में उसका खाता है। चार दिसंबर को वह बैंक से मिले नए एटीएम का पिन बनाने गया था। इस दौरान मोबाइल में आये एटीएम नंबर डालकर प्रक्रिया पूरा कर ही रहा था की एक व्यक्ति अंदर प्रवेश कर धोखे से उसका कार्ड बदल वहां से चला गया। कार्ड बदले जाने की जानकारी सुखदेव उरांव को नहीं हुई। पिन बनने की प्रक्रिया जब पूरी नहीं हुई तो सुखदेव अपने घर चला गया। घर आने के बाद उसने कार्ड देखा तो वह दूसरे के नाम पर था। मोबाईल पर रुपये निकाले जाने की एसएमएस आने पर इसकी जानकारी उसने बैंक को देकर कार्ड को ब्लॉक कराया। तब तक साइबर ठगों ने उसके खाते से 1 लाख 15 हजार रुपया की निकासी कर ली थी। पुलिस जांच कर रही है।

### करांजी जलाशय में छोड़ा गया तीन लाख मत्स्य बीज

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के करांजी गांव स्थित करांजी जलाशय में बुधवार को तीन लाख मत्स्य बीज डाला गया। मत्स्य बीज जेई दुर्गा टाना भगत, सुरेश लिंडा व मत्स्य मित्र चरवा उरांव की उपस्थिति में डाला गया। मत्स्य मित्र चरवा उरांव ने कहा कि मछली पालन को बढ़ावा देने में सरकार भी भरपूर मदद करती है। यहीं नहीं सरकार ने मछली पालन को कृषि का दर्जा भी दिया है। इसके अलावा मछली पालकों को तमाम सुविधाएं भी दी जा रही हैं। कहा कि इस तरह योजना से ग्रामीणों को लाभ लेने की जरूरत।

### सड़क दुर्घटना में बाइस सवार दो युवकों की मौत

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** बेड़ो थाना क्षेत्र के केशा मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक पर सवार दो युवको की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। घटना बुधवार की रात 8.45 की बताई जा रही है। इसकी सूचना मिलते ही बेड़ो थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम व एएसआई अक्षय कुमार सिंह दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस को मृत युवक की जेब से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। जिससे फोन कर स्वजनों को जानकारी दी। वहीं से एक युवक की पहचान मांडर के बंझिला गांव निवासी रंथू उरांव के रूप में हुई। जबकि दूसरे युवक की पहचान नहीं हो सकी है। खबर पाकर मृतक के स्वजन भी बेड़ो थाना पहुंचे। पता चला है कि एक बाइक पर सवार होकर दोनों युवक बेड़ो की ओर से आ रहे थे। तभी बेड़ो मांडर पथ पर पूर्व से खड़ी एक ट्रेलर को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। गुरुवार को शव पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेजा जाएगा। वहीं, ग्रामीओं की मानें तो अगर युवकों ने हेलमेट पहना होता तो उनकी जान बच सकती थी। ज्ञात हो कि 29 नवंबर को भी इसी ट्रेलर में टकराकर बाइक सवार जितेश गोप की मौत हुई थी।

### ओरमांझी में सरकार आपके द्वार का आयोजन



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** पंचायत सचिवालय में बुधवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया। इस दौरान आधार कार्ड के लिए 9, अबुआ आवास 230, जाति प्रमाण पत्र के लिए 26, जमीन सुधार के 4, आय प्रमाण पत्र के 15, बिजली बिल से 1, पेंशन योजना 8 आवेदन प्राप्त हुए। स्वयं सहायता समूह की दीदीयों को चार लाख रुपये का चेक दिया गया। इस मौके पर प्रमुख अनुपमा देवी, उप प्रमुख रिजवान अंसारी, बीडीओ विजय कुमार, सीओ नितिन शिवम गुप्ता, पंसस ललिता देवी, मुखिया दीपक बड़ाईक, उप मुखिया संतोष गुप्ता, ग्राम प्रधान दीन दयाल लोहरा, पूर्व मुखिया मीना देवी, विधायक प्रतिनिधि प्रो प्रेमनाथ मुंडा आदि थे।

### खेलकूद प्रतियोगिता से होता है बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास : रामजी



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** रांची वाईबीएन यूनिवर्सिटी के तहत बुधवार को वाईबीएनयू वार्षिक खेल प्रतियोगिता 2023 अभिनंदन का शुभारंभ हुआ। यह प्रतियोगिता 4 दिनों तक चलेगा। जिसमें वॉलीबॉल (लड़के), कबड्डी (लड़कियां/लड़के), गोला फेंक (लड़कियां/लड़के), डिस्कस थ्रो (लड़कियां/लड़के), शतरंज/कैरम (लड़के/लड़कियां), रस्साकशी (लड़कियां/लड़के), 100 मीटर दौड़ (लड़कियां/लड़के), क्रिकेट (वाईबीएनयू कर्मचारी), क्रिकेट (लड़के) और म्यूजिकल चेयर (वाईबीएनयू पुरुष/महिला कर्मचारी) का आयोजन किया जायेगा। चार दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता 2023 ₹अभिनंदन₹ का समापन 9 दिसंबर को होगा। प्रतियोगिता में मुख्य मुख्य अतिथि के तौर पर सैमी कुमार सिंह, अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी 2017 विश्व खेल साक्षी सिंह, वरिष्ठ राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी थे। प्रतियोगिता का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद अतिथियों को पुष्प गुच्छ के साथ सम्मानित किया गया। वाईबीएन विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर रामजी यादव ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। बच्चों में प्रतियोगिता की भावना बढ़ती है। वहीं, मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मौके पर वाईबीएन विश्वविद्यालय प्रशासन समिति के साथ विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी, डीएसडब्लू डॉ. अर्पणा शर्मा, युनिवर्सिटी स्पोर्ट्स अकादमी के सदस्य रजनीश कुमार महतो, मिस प्रेमी, शिक्षक के साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए कांग्रेसी नेता

**कांके (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के कोकदोरो पंचायत भवन के समीप बुधवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी भी शामिल हुए। ग्रामीणों से रूबरू होकर सरकार की योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक किया। कहा कि सरकार का यह कार्यक्रम इसलिए चलाई जा रही कि योजना का निरंतर लाभ लोग ले सकें। किसी तरह की कोई परेशानी या दिक्कत आती है। तो हम लोगों से संपर्क करें। सरकार के अधिकारी कर्मचारीगण आपके हित में ही कार्य करेंगे। इसमें काके विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता महेश कुमार मनीष व रांची लोकसभा के वरिष्ठ नेता मदन कुमार महतो, कांके प्रमुख सोमनाथ मुंडा, उप प्रमुख अंजय बैठा, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सुरेश कुमार बैठा, कांग्रेस सेवा दल के रांची जिला अध्यक्ष बबूआ मुंडा, मुस्ताक आलम आदि शामिल हुए। महेश मनीष ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। वहीं, मदन महतो ने ग्रामीणों से मिलकर कार्यक्रम को लेकर जानकारी साझा की।

### डॉ भीम राव अंबेडकर 67वीं पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया गया

# शोषित समाज को मुख्यधारा में लाने को बाबा साहब ने किया था संघर्ष : शेर अली


कार्यक्रम को संबोधित करते बसपा के पूर्व प्रत्याशी शेर अली।

आजाद सिपाही टीम

**हुसैनाबाद।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के तत्वाधान में शहर के अंबेडकर चौक पर भरत रत्न बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर की 67वीं पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस के रुप में मनाई गई। इस अवसर पर सभा गोष्ठी का अयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बसपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व प्रत्याशी शेर अली, हरि यादव ,पुनीत अंबेडकर, अजय भारती आदि ने अंबेडकर चौक स्थित बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा गोष्ठी की अध्यक्षता बसपा जिला अध्यक्ष अजय भारती और संचालन विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र राम ने की। अपने संबोधन में बसपा नेता शेर अली ने कहा कि बाबा साहेब ने गरीब मजदूर, दलित, शोषित समाज को मुख्यधारा में लाने के लिए संघर्ष किया। उनके संघर्षों का परिणाम है की देश के प्रत्येक नागरिक को वोट का अधिकार मिला। उन्हें भारतीय संविधान का शिल्पकार कहा जाता है। मौके पर पूर्व झारखंड प्रभारी पुनित अंबेडकर, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष हरि यादव, पूर्व प्रदेश सचिव राजकुमार राम, ज़िला अध्यक्ष अजय भारती, नूरुल खान, सरोज कुमार, जीतेंद्र पासवान, प्रदीप मेहता, सरोज कुमार, सुनैना कुंवर ने अपना विचार व्यक्त किए।

### राजद प्रदेश अध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि

बाबा साबेह डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर शहर के अंबेडकर चौक पर स्थापित प्रतिमा पर बुधवार को विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठनों ने पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए परिनिर्वाण दिवस पालित किया। राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे एक बहुत बड़े अर्थशास्त्री, न्यायविद, राजनीतिज्ञ, समाज सुधारक और राजनीतिक नेता थे। उन्होंने दलित व शोषित जाति के लिए काफी काम किया। वे समाज से भेदभाव को खत्म करना चाहते थे। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन के लिए लोगों को प्रेरित किया और समाज में अछूतों को लेकर हो रहे भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। वहीं, एजाज हुसैन उर्फ छेदी खाने ने कहा कि बाबा साहेब व्यक्ति नहीं विचार थे। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि बाबा साहब के विचार समाज के लिए आज भी प्रासंगिक हैं। राजद प्रवक्ता जाकिर अली ने कहा कि बाबा साहब के आदर्श को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर उदय सोनी, इजहार अंसारी, जनक पासवान, गौतम पटेल, मिथुन, एस खान आदि मौजूद थे।

## नप कार्यालय में डॉ बीआर अंबेडकर को किया नमन



**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद कार्यालय में बुधवार को महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। जिसकी शुरूआत कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने भरत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। नप कर्मियों ने भी डॉ भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन व संचालन समजसेवी विजय कुमार रवि ने किया। दानिश हुसैन ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब ने समाज के वंचित व शोषितों को आवाज दी। उन्हें संवैधानिक अधिकारों की ताकत दी। विजय कुमार रवि ने भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। मौके पर सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह,नगर प्रबंधक सुभाष हेम्ब्रम, प्रभात कुमार, जेई अजित टुडू, विभूति भूषण, मुकेश कुमार, रमेश और बिट्टू खान आदि मौजूद थे।

## सिर्फ टीआरपी ना बढ़ायें, करें नल से जल की मांग : अरुणा शंकर



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि हो सकता है मैं अपने निगम कार्यकाल में शहर के लिए कुछ नहीं कर सकी, लेकिन सवाल उठाने वाले अपने ही पार्टी के कार्यकर्ता जिनके परिवार ने 60 वर्षों तक निगम पर राज किया उनकी पांच उपलब्धि बताएं फिर मुझसे बात करें। हां मैं 60 वर्षों की एक उपलब्धि जरूर मानूंगी पूरा हमीदगंज एग्रीमेंट पर उनके पूरे परिवार द्वारा बेच दिया गया।

खरीदने वाले आज भी रजिस्ट्री के लिए दर-दर भटक रहे, जिसके चलते उन विचारों का स्थानीयता प्रमाण पत्र भी नहीं बन सकता जो बच्चों की नौकरी में अति आवश्यक है। अगर साहस है तो पार्टी शिविर लगाकर सभी का रजिस्ट्री करा दे। तंज सकते हुए कहा कि मंत्री जी आप पीएचडी मिनिस्टर हैं। आपका विभाग है और मेदिनीनगर को पानी देना आपका दायित्व है। इस पर गंभीरता से विचार करें। जो लोग बयानबाजी कर इस अहम मुद्दा को भटकना चाहते हैं उनसे सिर्फ इतना कहूंगी कि वह मेरे ऊपर बयानबाजी कर अपना टीआरपी बढ़ाना छोड़ें और सरकार से अपने शहर के इस महत्वपूर्ण योजना को पूरा कराने का काम करें।

## बारिश के कारण गृह रक्षकों की शारीरिक जांच एवं हिंदी लेखन दक्षता परीक्षा तिथि में बदलाव

### अब 18 एवं 19 दिसंबर को होगी परीक्षा

**पूर्व के शेष निर्धारित सभी तिथि रहेगी यथावत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में हो रहे लगातार बारिश के कारण गृह रक्षकों के नवनामांकन प्रक्रिया संबंधी बुधवार और गुरुवार को होने वाली शारीरिक जांच व हिंदी लेखन दक्षता परीक्षा को संशोधित करते हुए नई तिथि की घोषणा की गई है। अब नई तिथि 18 एवं 19 दिसंबर निर्धारित की गयी है। 18 दिसंबर को हरिहरगंज, नौडीहा बाजार एवं नावाबाजार प्रखंड के लिए शारीरिक जांच व हिंदी लेखन दक्षता परीक्षा ली जाएगी। वहीं 19 दिसंबर को सदर प्रखंड एवं पंडवा प्रखंड के अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक जांच व हिंदी लेखन दक्षता परीक्षा होगी। इसकी जानकारी डीसी सह गृह रक्षक नवनामांकन समिति के अध्यक्ष की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है। बताया गया कि उपरोक्त तिथि को छोड़कर शेष सभी तिथि को निर्धारित शारीरिक जांच व हिंदी लेखन दक्षता परीक्षा अपने पूर्व के निर्धारित तिथि को ही आयोजित होगी।

### संविधान निर्माता बाबा साहब की पुण्यतिथि मनायी

**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 66वीं पुण्यतिथि धावाडीह पंचायत भवन में मनायी गई। उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। भाजपा नेता आशीष सिंह ने कहा कि संविधान निमार्ता का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के मऊ में हुआ था। संविधान निमार्ता मुंबई यूनिवर्सिटी से शिक्षा ग्रहण कर विदेश चले गए। जब हम सभी लोग अंग्रेजी शासन की गुलामी कर रहे थे, तब उन्होंने इसके खिलाफ लड़ाई लड़ी। इन्हीं के नेतृत्व में 26 जनवरी 1949 को संविधान बनाया गया था। इनका निधन आज ही के दिन दिल्ली के अस्पताल में 6 दिसंबर 1956 को हुआ था। उनके बताए मार्ग पर चलने की हम सभी को जरूरत है। मौके पर अनुज कुमार चंद्रवंशी, विजय यादव, धीरेंद्र यादव, डॉ शमशाद अंसारी आदि मौजूद थे।

### सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** विश्रामपुर प्रखंड के बघमानवा पंचायत सचिवालय में बुधवार को सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायत के सभी गांव गौरा, घरटीया, चोरटिया व बघमनवा में कई योजनाओं के बारे में चर्चा हुई। ग्राम सभा की अध्यक्षता मुखिया मंजू देवी व संचालन पंचायत सचिव मंजर अंसारी ने किया। इस दौरान ग्रामीणों ने पंचायत की समस्यओं को रखा। इसके अलावे सामुदायिक व कल्याणकारी योजनाओं को सर्वसम्मति से चिन्हित कर सूचीबद्ध किया गया। जिसे जल्द ही मूर्तरूप भी दिया जायेगा। मुखिया मंजू देवी ने कहा कि सरकार की ओर से सभी योजनाओं को ईमानदारी पूर्वक धरातल पर उतारने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर उप मुखिया सुनीता देवी, युवा समाजसेवी मनीष कुमार, आरती कुमारी, गीता देवी, सोभा देवी, रेणु देवी, फुलकुमारी देवी, शांति कुंवर, राकेश बैठा, अखिलेश सिंह, जगनारायण पाल आदि मौजूद थे।

### शैक्षणिक भ्रमण के लिए पूरी के जगन्नाथ धाम रवाना

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** ब्राइट लैंड स्कूल प्रबंधन की टीम शैक्षणिक यात्रा छात्र-छात्राओं के साथ जगन्नाथ धाम पुरी के लिए बुधवार को रवाना हुई। विद्यालय की निदेशक रागिनी सिंह ने बताया कि प्रति वर्ष इस तरह का शैक्षणिक यात्रा कराया जाता है। जिससे विद्यार्थियों के बौद्धिक छमता में विकास होता है। प्राचार्य राहुल सिंह के नेतृत्व में पांच दिवसीय शैक्षणिक यात्रा है जिसमें 56 विद्यार्थी व 13 शिक्षक हैं, जो विद्यार्थियों को दर्शनीयता का बोध कराकर 10 दिसंबर को वापस लौटेंगें।

## बसपा व अंबेडकर संघर्ष समिति ने दी बाबा साहब को श्रद्धांजलि


संविधान निर्माता की तस्वीर व प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देते लोग।

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज और पीपरा प्रखंड क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर बसपा कार्यकर्ताओं और अंबेडकर संघर्ष समिति के सदस्यों ने भारतीय संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की 68वीं पुण्य तिथि पर बुधवार को परिनिर्वाण दिवस मनाया। इस दौरान हरिहरगंज प्रखण्ड के सरसोत स्वास्थ्य उपकेंद्र परिसर में स्थित डॉ अंबेडकर स्मारक और नप क्षेत्र के गौतम बुद्ध नगर में पूर्व जीप सदस्य आशा कुमारी के आवास पर समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार रवि के नेतृत्व में सूरजमल राम, डॉ अवध दास, सुशील कुमार रवि, राजकुमार, रवि कुमार, श्याम सुंदर देहाती, इंद्रदेव भारती, बालचंद राम, जनेश्वर राम, अभिषेक सज्जन, गोबिंद राम, अनुज पासवान, रमन राम, अवधेश राम आदि ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उधर, पीपरा प्रखंड क्षेत्र के बभंडी गांव में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप अंबेडकर स्थल पर बसपा के पूर्व प्रदेश सचिव राजकुमार गौतम, प्रखंड अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार के नेतृत्व में ग्रामीणों ने डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर हरिहरगंज प्रखण्ड अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, शैलेश कुमार, अशोक कुमार, नकुल राम, सौरव कुमार, मनीष कुमार, विकास कुमार, पिंटू कुमार, पुरुषोत्तम प्रसाद, पीयूष कुमार रंजन, ओमप्रकाश राम, विक्रम कुमार, अमन कुमार, विभू कुमार गुप्ता, अशोक सक्सेना, सुकन राम, हिमांशु कुमार, सीताराम, गुड्डू कुमार आदि शामिल थे।

## सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने विधायक को ज्ञापन सौंपा, विधानसभा में समस्याओं को उठाने की अपील



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के समन्वय समिति की ओर से निर्धारित कार्यक्रम के तहत डाल्टनगंज भंडरिया विधायक आलोक चौरसिया को अमलेश कुमार चौरसिया एवं अनुराग सिंह के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। समन्वय समिति के राज्य सदस्य विनोद तिवारी ने विधायक से विधानसभा सत्र के दौरान प्रश्न उठाने की मांग की है। हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि सरकार बनते ही तीन महीने के अंदर वेतनमान दे दिया जाएगा पर अभी तक वेतनमान नहीं दिया गया। अगर नहीं देना था तो झूठा वादा क्यों किया? विधायक से वेतनमान एवं राज राज्यकर्मी का दर्जा देने, सहायक अध्यापकों को अल्पसंख्यक विद्यालयों के तर्ज पर वेतनमान 9300 से 34800 करने, बिहार राज्य में आकलन व सीटेट को मान्यता देन व वेतनमान एवं ग्रेड पे लागू करने, सहायक अध्यापकों की सेवा अवधि 60 वर्ष से बढ़कर 65 वर्ष करने, 2018 एवं उससे पूर्व आंदोलन मे हुए केस वापस लेने, राज्य में जारी सहायक आचार्य की बहाली रद्द करने, छात्र शिक्षक अनुपात में शिक्षक की रिक्त संख्या 70 हजार करने, 20 वर्षों से कार्यरत सहायक अध्यापकों को सरकारी पद पर समायोजन करने आदि मांगों को विधानसभा में उठाने की बात कही है। इस पर विधायक ने विधानसभा में प्रश्न उठाने का भरोसा दिलाया है। ज्ञापन देने वालों में विनोद तिवारी, अमलेश कुमार चौरसिया, अनुराग सिंह, दिलीप पांडे, जनेश्वर सिंह, इमामुद्दीन अंसारी, राजेंद्र दीक्षित, नसीम अहमद, रमेश यादव, अरविंद सिंह, विनय तिवारी, मुन्ना अंसारी, मदन यादव, सुनैना गुप्ता, सुनीला डोडराय, पवन कुमार, विश्वनाथ चौरसिया, सुधीर सम्मद, अजय प्रसाद, निमी टोपनो आदि थे।

## 2202 लाभार्थियों को मिला आयुष्मान भारत कार्ड, 6776 लोग सुरक्षा बीमा योजना से जोड़े गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत झारखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों में बुधवार तक 2202 लाभार्थियों को आयुष्मान भारत कार्ड जारी किए गए हैं। वहीं इन शिविरों के माध्यम से 6776 लोगों को सुरक्षा बीमा योजना से जोड़ा गया है। आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने और केंद्र की ओर से शुरू किए गए विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों को अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत झारखंड के हर ग्राम पंचायतों तक शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के साथ ही विशेष रूप से डिजाइन की गई पांच आइइसी (सूचना, शिक्षा, संचार) वैन भी ग्राम पंचायत तक जाकर लोगों को जागरुक कर रहा है।

### किसानों को दी जा रही ड्रोन तकनीक की जानकारी

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान इफको के सहयोग से किसानों को कृषि की नवीनतम तकनीक ड्रोन एवं इफको नैनो उर्वरकों का फसलों में प्रयोग के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। किसानों के खेतों में लगे मटर, आलू, सरसों, मक्का आदि फसलों में इफको नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, एवं तरल सागरिका का स्प्रे ड्रोन कराकर उन्हें जानकारी भी दी जा रही है। ताकि किसान को खुद को आधुनिक बनाकर खेती कर सके।

## स्पोर्ट्स




कोलकाता रेल एफसी की टीम बुधवार को 18वीं चैंपियनशिप ट्रॉफी फुलबाल टूर्नामेंट के सेमिफाइनल में पहुंच गई। बेहद रौमांचक मुकाबले में कोलकाता ने हुलहुंडू को साइनडेथ में 7-6 गोल से पराजित कर जगह बनाई।

### चैंपियंस ट्राफी : 8 दिसंबर को गाड़ीहोटवार के साथ कोलकाता का मुकाबला

# हुलहुंडू को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची कोलकाता रेल एफसी

**अंश क्लब कांके व शहीद बिरसा क्लब जोरार के बीच पहला सेमीफाइनल आज**

आजाद सिपाही संवाददाता




**अनगड़ा।** कोलकाता रेल एफसी की टीम बुधवार को 18वीं चैंपियंस ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई। 8 दिसंबर को गाड़ीहोटवार के साथ कोलकाता का मुकाबला होगा। गेतलसूद स्कूल मैदान में खेले गये बेहद रोमांचक मुकाबले में कोलकाता ने हुलहुंडू को सडनडेथ में 7-6 से हराया। निर्धारित समय तक मुकाबला 0-0 से बराबरी पर था। पूरे खेल में कोलकाता का दबदबा रहा। कोलकाता ने दूसरे हाफ में दो निश्चित गोल का मौका गंवाया। सडनडेथ में कोलकाता की तरफ से सुमित उरांव, प्रशांत दास, सत्यम राय, शुभाशिष दास, आकाश दास, अमित राजहंस, राणा चक्रवती ने गोल दागा। हुलहुंडू की ओर से सुमित, सतीश कच्छप, मनोज कच्छप, दीपक तिर्की, शशि लकड़ा, नीतिश मिंज ने गोल किया। ललित कच्छप के किक को गोलची राणा चक्रवती ने बचाव कर दिया। कोलकाता के अमित राजहंस व हुलहुंडू के रवि कच्छप को येलो कार्ड दिखाया गया। कोलकाता की तरफ से जादुई खेल दिखाने वाले प्रशांत दास को प्लेयर आफ मैच का पुरस्कार मुख्य अतिथि पूर्व कांके के जिला परिषद सदस्य अनिल टाइगर व विशिष्ट अतिथि उमेश गोप ने प्रदान की। गुरुवार को पहला सेमीफाइनल अंश क्लब कांके व शहीद बिरसा क्लब जोरार के बीच खेला जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष राजेन्द्र शाही मुण्डा, सीइओ जैलेन्द्र कुमार, संजय नायक, उपमुखिया शंकर बैठा, जितेन्द्र उरांव, अजय उरांव, राजन महतो, राजेश लोहरा, सौरव कुमार, गौरीशंकर मुण्डा सहित अन्य उपस्थित थे।

## अनुशासन से ही होता है व्यक्तित्व का संपूर्ण का विकास : सूर्यबाला

**जपला विद्या मंदिर में बालिका व्यक्तित्व विकास को लेकर शिविर का हुआ आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** जपला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बुधवार को एकदिवसीय संकुल स्तरीय बालिका व्यक्तित्व विकास शिविर आयोजित हुआ। जिसका उद्घाटन स्थानीय महिला थाना प्रभारी सुरबाला भृंगराज, सचिव राकेश तिवारी, अध्यक्ष डॉ शिव प्रसाद मेहता, चंद्रेश्वर प्रसाद, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की शिक्षिका शारदा भारती, नीलम मेहता, अंशु गर्ग, दिनेश कश्यप, कामाख्या नारायण सिंह, प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे, विजयेंद्र प्रसाद, जयंत कुमार, विंदेश्वरी सिंह, उमेश प्रसाद, प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा आदि ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान रंगोली, चित्रकला, भजन, कुर्सी दौड़, चम्मच गोली दौड़ समेत कई प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे ने विषय प्रवेश कराते हुए महिला सशक्तिकरण, आधुनिक परिवेश से बचाव एवं खान-पान जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं को भी साझा किया । वहीं, महिला थाना प्रभारी ने महिला सशक्तिकरण एवं अनुशासित जीवन की महता पर प्रकाश डाला। कहा कि मनोवैज्ञानिक ढंग से किया हुआ अनुशासन भावी पीढ़ी के लिए वरदान साबित हो सकता है। वहीं डॉ पीएन सिंह की उपस्थिति में अनुमंडलीय अस्पताल के सीएचओ नेहा कुमारी ने शारीरिक स्वच्छता एवं किशोरावस्था की समस्या के साथ-साथ बालिकाओं को उनकी मासिक धर्म से संबंधित समस्याओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में छाया कुमारी, उषा कुमारी, हर्षदा चौबे, श्वेता सिंह,मृत्युंजय प्रसाद,शशि कुमार, राजेश्वर सिंह, रंजीत मिश्र,दीपक पाण्डेय, राजकुमार सिंह, सुनील गुप्ता, संजय सिन्हा,मीडिया प्रभारी अभिषेक पाठक सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

## श्रद्धांजलि : कोयलांचल में 68वें महापरिनिर्वाण दिवस पर डॉ भीमराव अंबेडकर को किया गया याद

# सामाजिक समरसता के अमर पुरोधा थे बाबा साहब : रागिनी

**आजाद सिपाही टीम**

**धनबाद/धनसार/महुदा।** झरिया के बस्ताकोला स्थित अंबेडकर चौक पर बुधवार को बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर का 68वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि बाबासाहेब भारतीय संविधान के शिल्पकार होने के साथ ही सामाजिक समरसता के अमर पुरोधा थे। जिन्होंने शोषितों और वंचितों के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। बाबासाहेब एक प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ, प्रख्यात न्यायविद थे। जिन्होंने जाति प्रतिबंध, सामाजिक अन्याय को समाज से जड़ से दूर करने का भरसक अथक प्रयास किया और इसमें अपना योगदान दिया। भाजपा नेता योगेंद्र यादव ने भी माल्यार्पण कर बाबा साहेब को नमन किया। इस मौके पर बप्पी बाउरी, संतोष रवानी, रामदेव शर्मा, मंत्री अनित सिंह, कुंदन यादव, रंजीत दास, ईश्वर प्रसाद, आकाश पासवान, विजय चंदवंशी, अफजल अंसारी, चिंटू शर्मा, संजय रवानी, मनोज गोप, पप्पू आदि उपस्थित थे। दूसरी ओर, सीसीएल ढोरी के जीएम कार्यालय सभागार में भारत रत्न बाबासाहेब अंबेडकर की पुण्यतिथि मनाई गई। ढोरी के जीएम मनोज अग्रवाल सहित सभी लोगों ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पण कर नमन किया।



डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन करतीं रागिनी सिंह व अन्य।

## कोयलांचलवासियों ने जगह-जगह किया नमन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद/महुदा।** बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 68वें पुण्यतिथि (महापरिनिर्वाण दिवस) पर बसपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को जुलूस निकालकर डीआरएम चौक पहुंचे और वहां स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। जिला अध्यक्ष ने कहा कि बसपा ही बाबा साहब के सपनों को पूरा कर सकती है। इसलिए हमें पार्टी को मजबूत कर आगामी 2024 की लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज करने की जरूरत है। इस मौके पर जोन के प्रभारी प्रभारी सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुबल दास, सुनील कुमार रविदास, मनोज कुमार दास, बाबूलाल दास, रंजीत विद्यार्थी, संतोष दास, साधन चक्रवर्ती, रणजीत कुमार पासवान, शंकर सिंह, सनोज प्रजापति, राजेश्वर सिंह, सूरज, विशाल, वीरेंद्र राम, संजय, कमलेश प्रसाद, सतीश कुमार आदि मौजूद थे।




### अंबेडकर विचार मंच ने मनायी पुण्यतिथि

महुदा के मुलीडीह 20/21 अंबेडकर चौक में अंबेडकर विचार मंच की ओर से बाबासाहब की 68वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। मंच के अध्यक्ष अब्दुल समद अंसारी ने बताया कि बाबा साहब बचपन से ही मेधावी एवं कुशाग्र बुद्धि के बालक थे। उन्होंने भारतीय संविधान की रचना की और समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरुद्ध संघर्ष करने हुए शिक्षा के प्रति विशेष ध्यान देने का आह्वान किया था। डॉ अंबेडकर भारत के एकमात्र ऐसे महापुरुष हुए जिन्होंने देश के सभी वर्गों को समानता का अधिकार दिलाया। मौके पर उमेश तुरी, अरुण दास, ज्ञान प्रकाश, रमजान अंसारी, राहुल राय, फिरोज अंसारी, मो नदीम सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### डिगवाडीह में मनाया महापरिनिर्वाण दिवस

बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के 68वें महापरिनिर्वाण दिवस पर डिगवाडीह सिंफर नालंदा गेट के पास बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गा। कार्यक्रम में आए आम आदमी पार्टी के जिला महासचिव मदन राम ने कहा कि बाबा साहब अपने त्याग और बलिदान से सशक्त संविधान हमारे देश को दिया है। रिमझिम मौसम को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि बाबा साहब के याद पर प्रकृति भी आंसू बहा रहे हैं। मौके पर जिला उपाध्यक्ष समरेंद्र पासवान, राजू हरि, मोहम्मद साहेब सेख, डबलू अंसारी आदि मौजूद थे।

## डॉ अंबेडकर के आदर्शों को आत्मसात करने से ही मजबूत होगा देश : काशीनाथ

**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** भारतीय समाज को समरसता के सूत्र में पिरोकर उसे संगठित और सशक्त बनाने वाले महानायकों में से एक थे डॉ भीमराव आंबेडकर। उक्त बातें विस्थापित नेता काशीनाथ केवट ने कही। वे बुधवार को बाबा साहेब के महापरिनिर्वाण दिवस पर चलकरी में उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त छूआछूत, दलितों, महिलाओं और मजदूरों से भेदभाव जैसी कुरीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले बाबा साहेब को भारतीय संविधान का आधार स्तंभ माना जाता है। आज भारतीय संविधान के मूल सूत्रों पर ही फेरबदल की साजिश हो रही है। इसलिए संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए डॉ आंबेडकर जैसे प्रखर राष्ट्रभक्त, युगदृष्टा के आदर्शों को आत्मसात करना होगा। संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब की पुण्यतिथि पर संकल्प लें कि उनके चिंतन और विरासत को, जिसमें भावनात्मक एकता, बंधुत्व और सामाजिक न्याय भरा पड़ा है, की रक्षा करेंगे। तभी यह पुण्यतिथि जैसे कार्यक्रम की सार्थकता हो सकती है। इस दौरान जनक प्रसाद भगत, बहादुर महतो, वीरेंद्र करमाली और जहांगीर आदि ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।



## ग्रामीण एसपी का भाटडीह क्षेत्र में अवैध खनन स्थल पर छापा

# 120 टन अवैध कोयला जब्त, पांच गिरफ्तार





**महुदा (आजाद सिपाही)।** भाटडीह ओपी अंतर्गत 13 नंबर में चल रहे अवैध खनन व संचालन के विरुद्ध जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बुधवार को खनन स्थल से कोयला लदे ट्रैक्टर व पिकअप सहित 120 टन अवैध कोयला जब्त किया। साथ ही दो चालक और तीन मजदूर को पकड़कर स्थानीय पुलिस को सौंप दिया। इधर, बुधवार को सीआईएसएफ द्वारा भाटडीह ओपी पुलिस को लिखित शिकायत दी हैं। जिसमें सीआईएसएफ ने 120 टन अवैध कोयले सहित 5 के विरुद्ध कार्रवाई की बात कही हैं। जबकि भाटडीह ओपी पुलिस ने इस अवैध कारोबार से जुड़े सभी लोगों को सीआईएसएफ की शिकायत पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया हैं। जानकारी के मुताबिक मंगलवार की रात करीब 9 बजे धनबाद ग्रामीण भनक तक नहीं लगने दी। इस पूरे प्रकरण के दौरान उक्त क्षेत्र में संचालित दर्जनों अवैध माइंस व भारी मात्रा में अवैध कोयला देख दंग रह गये। छापामारी के दौरान अवैध माइंसो पर कार्यरत मजदूर व तस्कर एसपी को देखकर इधर-उधर भाग खड़े हुए। इस भागमभाग के दौरान कोयला लदे ट्रैक्टर व पिकअप सहित सूचना सीआईएसएफ इंस्पेक्टर नीलम एक्का को दी थी। वहीं इंस्पेक्टर के निर्देश पर उनके क्यूआरटी टीम उक्त स्थल पर पहुंची थी। इसके बाद बुधवार की सुबह बीसीसीएल द्वारा हाइवा व जेसीबी लेकर उक्त स्थल पहुंचकर सभी अवैध कोयला को जब्त कर बीसीसीएल को सौंप दिया गया।


### कार्यालय, कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, सिमडेगा।

पत्रांकः– सिमडेगा, दिनांकः–

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय का पत्रांकः–780, दिनांकः–22.11.2023 के द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना संख्याः–WRD/MID SIMDEGA/ F2-01/2023-24 दिनांकः–22.11.2023 जो, दिनांकः–23.11.2023. एवं 24.11.2023 को विभिन्न समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ। जिसका पी0 आर0 नम्बर–311754 minor Irrigation (2023-24)D वर्षः–2023–24 है एवं बेवसाईट पर अपलोड (Upload) किया जा चुका है, को निम्नांकित रूप से संशोधित किया जाता हैः–

| कमांक | निविदा सूचना संख्या | Particulars | Revised Date |
|---|---|---|---|
| 1 | 01 | Name of the Work:- Construction of Single Checkdam of Dhuma Bandh Nala, Block- T-Tangar, Simdega. | Date of Opening of e-tendar का दिनांकः–20.12. 2023 (02:00 PM) के स्थान पर दिनांकः–21.12.2023 (02:00PM) पढ़ा जाय। |

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, सिमडेगा।

PR 312806 (Water Resource) 23-24 (D)



### कार्यालय, कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, सिमडेगा

पत्रांकः– सिमडेगा,दिनांकः–

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय का पत्रांकः–780, दिनांकः–22.11.2023 के द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना संख्याः–WRD/MID SIMDEGA/F2-01/2023-24 दिनांक :–22.11.2023 जो, दिनांकः–23.11.2023. एवं 24.11.2023 को विभिन्न समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ। जिसका पी0आर0 नम्बर–311754 minor Irrigation (2023-24)D वर्षः–2023–24 है एवं बेवसाईट पर अपलोड (Upload) किया जा चुका है, को निम्नांकित रूप से संशोधित किया जाता हैः–

| कमांक | निविदा सूचना संख्या | Particulars | Revised Date |
|---|---|---|---|
| 1 | 01 | Name of the Work: - Construction of Single Checkdam of Dhuma Bandh Nala, Block-T-Tangar, Simdega. | Date of Opening of e-tendar का दिनांकः–20.12. 2023 (02:00 PM) के स्थान पर दिनांकः–21.12. 2023(02:00PM) पढ़ा जाय। |

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, सिमडेगा।

PR.NO.312811 Minor Irrigation(23-24):D



### Government of Jharkhand
### Department of Industries
(2nd Floor JSBCCL Building, Project Bhawan, Dhurwa, Ranchi-834004)

Letter No. **1566** Ranchi/ Dated: **05.12.2023**

**Notice inviting e-tender for Selection of agency to work as Technical Support Unit. (2nd Call)**

Advertisement PR No: 305612, Dated 26/08/2023

The Department of Industries, Government of Jharkhand, Ranchi invites Technical and Financial Proposal for Selection of agency to work as Technical Support Unit at Department of Industries, Government of Jharkhand. The important dates and information are mentioned below:-

| Sl. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1. | Publishing of RFP/Tender on website | 07-12-2023 |
| 2. | Period of downloading and Submission of tender | Start Date-07-12-2023 to End Date-21-12-2023 |
| 3. | Technical proposal opening | 27-12-2023 |
| 4. | Presentation on approach & methodology | 02-01-2024 |
| 5. | Financial Bid Opening | to be notified |
| 6. | Cost of RFP/Tender | INR 10,000 + 1800 (GST) = 11,800/- is to be submitted through Online mode (jharkhandtenders.gov.in) as per instruction IT Department, Government of Jharkhand Letter No. 120 dated-03.10.2023 latest by 1:00 PM on 21-12-2023 |
| 7. | Earnest Money Deposit (EMD) | INR 10,00,000/- is to be submitted through Online mode (jharkhandtenders.gov.in) as per instruction IT Department, Government of Jharkhand Letter No. 120 dated-03.10.2023 latest by 1:00 PM on 21-12-2023 |
| 8. | Website for downloading Tender Documents | https://www.jharkhand.gov.in https://jharkhandtenders.gov.in |
| 9. | Mode of submission of Tender | Online through https://jharkhandtenders.gov.in |
| 10. | Contact Details | Deputy Secretary Department of Industries, Govt. of Jharkhand, 2nd Floor, JSBCCL Building, Project Bhawan, Jharkhand, India -834004 Mobile No. 9931490212 E-mail id: sec-ind-jhr@nic.in |

- Department of Industries, Government of Jharkhand reserves the right to change any schedule of bidding process. Please visit department Website mentioned in document regularly for any update regarding the same.
- Department of Industries, Government of Jharkhand reserves the right to terminate the bid process at any time without assigning any reason.
- Proposals must be received not later than time, and date as mentioned above. Proposals that are received after the last date and time will not be entertained.

Sd/-
Deputy Secretary
Department of Industries

PR 312783 Industries(23-24)#D


## डीसी-डीडीसी ने बच्चों के साथ खाया एमडीएम का भोजन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** चास प्रखंड के सोनाबाद पहुंचे डीसी कुलदीप चौधरी, डीडीसी कीर्तीश्री और चास के एसडीओ दिलीप प्रताप सिंह शेखावत समेत जिले के पदाधिकारियों की टीम ने उत्क्रमित बुनियादी उच्च विद्यालय में बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर मिड डे मील (एमडीएम) का भोजन खाया। वे चास प्रखंड के सोनाबाद पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान बच्चों को एमडीएम खाते देख खाने की मंशा जताई।


### न्यायालय , प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल

**न्यायालय सूचना**

एतद द्वारा निम्नलिखित सूचीबद्ध थाना काण्ड में जप्त वाहनों/जप्त वन पदार्थों से संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जप्त वाहनों/ वन पदार्थो के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के न्यायालय में राज्यसात की कार्रवाई चलाई जा रही है जिसमें अधिकतर वादों में विपक्षी या तो प्रारंभिक स्तर से ही अनुपस्थित हैं या किसी–किसी वादों में काफी लम्बे समय से लगातार अनुपस्थित हैं ।


अतः इस सूचना के माध्यम से अंतिम मौका देते हुए जप्त निम्नलिखित सूचीबद्ध वाहनों एवं वन पदार्थो से संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि संबंधित राज्यसात वादो में सुनवाई की निर्धारित तिथि **22.12.2023** को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के न्यायालय में स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जाएगा।

| क्र0 सं0 | थाना काण्ड सं0 | राज्यसात वाद संख्या | जप्त वाहन / वन पदार्थ | सुनवाई हेतु निर्धारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | केरेडारी थाना काण्ड संख्या 21/2020 | 55/2020 | 1. डम्फर सं0 JH-02E-9156 कोयला–07 टन 2. डम्फर सं0 JH-06C-6141 कोयला–07 टन 3. डम्फर सं0 JH-01J-7711 कोयला – 07 टन 4. ट्रैक्टर नं0 JH-01CF-5400 कोयला – 3 टन | 22.12.2023 |
| 2 | कटकमदाग थाना काण्ड संख्या 12/2021 | 64/2022 | 1. महिन्द्रा ट्रैक्टर 275 DI 2. आईसर ट्रैक्टर 280 3. स्कौट ट्रैक्टर कुल कोयला – 6 टन | 22.12.2023 |
| 3 | केरेडारी थाना काण्ड संख्या 71/2022 | 65/2022 | स्वराज ट्रैक्टर ई0 सं0 KLSII39001111 कोयला 3 टन | 22.12.2023 |
| 4 | केरेडारी थाना काण्ड संख्या 52/2022 | 15/2023 | 1. आईसर ट्रैक्टर 280– JH-01CM-5950 2. जॉनडीयर ट्रैक्टर 5036C, JH-02S-3522 3. ट्रैक्टर– BR-02D-8389 कोयला – 8 टन | 22.12.2023 |
| 5 | बडकागांव थाना काण्ड संख्या 56/2021 | 09/2023 | ट्रैक्टर चे0 नं0 381322/SEN- 2716 कोयला – 02 टन | 22.12.2023 |
| 6 | कटकमदाग थाना काण्ड संख्या 113/2022 | 17/2023 | महिन्द्रा ट्रैक्टर 275 DI कुल कोयला – 2 टन | 22.12.2023 |
| 7 | चौपारण थाना काण्ड संख्या 252/2022 | 19/2023 | 1. ट्रक सं0 JH-02AN-4750 कोयला – 25.090 टन 2. ट्रक सं0 JH-10BP-5136 कोयला – 29.8 टन 3. ट्रक सं0 UP-27AT-1793 कोयला – 29.2 टन 4. ट्रक सं0 BR-29GA-4808 कोयला – 25.01 टन 5. ट्रक सं0 JH-10BK-7203 कोयला – 31.24 टन 6. ट्रक सं0 JH-02U-9671 कोयला – 24.75 टन 7. ट्रक सं0 JH-02AC-6894 कोयला – 24.75 टन | 22.12.2023 |
| 8 | बडकागांव थाना काण्ड संख्या 23/2022 | 96/2023 | कोयला–04टन | 22.12.2023 |
| 9 | कम्पलेन केस संख्या 795/2023 | 24/2023 | महिन्द्रा पिकअप ईजन नं0 TBJIH70036 चेचिस नं0 MA12N2TBKJIH63482 कोयला– 03 टन | 22.12.2023 |
| 10 | कम्पलेन केस संख्या 824/2023 | 26/2023 | ट्रैक्टर ईजन नं0 PKXB 13417 चेचिस नं0 1264158435 बोटा– 06 पीस | 22.12.2023 |
| 11 | कम्पलेन केस संख्या 856/2023 | 27/2023 | बेलेरो पिकअप नं0 BR-03K-8454 कोयला– 02 टन | 22.12.2023 |
| 12 | कम्पलेन केस संख्या 323/2023 | 29/2023 | महिन्द्रा सवारी नं0 BR-44P-0488 कोयला– 02 टन | 22.12.2023 |
| 13 | कम्पलेन केस संख्या 270/2023 | 32/2023 | महिन्द्रा ट्रैक्टर, बोटा– 06 पीस | 22.12.2023 |
| 14 | कम्पलेन केस संख्या 10/2023 | 33/2023 | महिन्द्रा ट्रैक्टर, कोयला– 03 टन | 22.12.2023 |
| 15 | कम्पलेन केस संख्या 491/2023 | 34/2023 | सेट्रो कार– JH-01F-5493 कोयला– 0.5 टन | 22.12.2023 |
| 16 | कम्पलेन केस संख्या 860/2023 | 35/2023 | सोनालिका ट्रैक्टर ईजन नं0 3095F72K130048, चेचिस नं0 CZFSY-130324, कोयला– 2 टन | 22.12.2023 |
| 17 | कम्पलेन केस संख्या 404/2023 | 36/2023 | पावर ट्रैक ट्रैक्टर कोयला– 2.5 टन | 22.12.2023 |
| 18 | कम्पलेन केस संख्या 393/2023 | 40/2023 | ट्रक–407 JH-02AP-4634 कोयला– 3 टन | 22.12.2023 |
| 19 | बडकागांव थाना काण्ड संख्या 311/2022 | 42/2023 | कोयला–20 टन | 22.12.2023 |
| 20 | बडकागांव थाना काण्ड संख्या 196/2014 | 43/2023 | कोयला–7.5 टन | 22.12.2023 |
| 21 | चौपारण थाना काण्ड संख्या 352/2022 | 44/2023 | ट्रक– UP-72AT-1511, कोयला–30 टन | 22.12.2023 |
| 22 | बडकागांव थाना काण्ड संख्या 280/2022 | 45/2023 | महिन्द्रा ट्रैक्टर 265 DI ईजन नं0 KFILS31XK08A, चेचिस नं0 006505439CI, कोयला– 2.5 टन | 22.12.2023 |
| 23 | कम्पलेन केस संख्या 1036/2023 | 47/2023 | महिन्द्रा 735 DI ईजन नं0 00558519 RI चेचिस नं0 CO5556238R2, कोयला– 02 टन | 22.12.2023 |
| 24 | कम्पलेन केस संख्या 790/2023 | 50/2023 | पिकअप भान– JH-12B-3619 कोयला– 1.5 टन | 22.12.2023 |
| 25 | कम्पलेन केस संख्या 90/2023 | 51/2023 | बोलेरो पिकअप ईजन नं0 GG81E-38806 बल्ली– 29 पीस | 22.12.2023 |
| 26 | कम्पलेन केस संख्या 1000/2023 | 53/2023 | सोनालिका ट्रैक्टर– ईजन नं0 BZJSAT60862553 कोयला– 03 टन | 22.12.2023 |
| 27 | कम्पलेन केस संख्या 272/2023 | 63/2023 | कोयला– 45 टन | 22.12.2023 |
| 28 | कम्पलेन केस संख्या 97/2023 | 67/2023 | आरा मषीन पत्ती–1, चिरान पटरा–20 पीस | 22.12.2023 |
| 29 | कम्पलेन केस संख्या 98/2023 | 68/2023 | आरा मषीन पत्ती–1, पटरा–09 पीस, बोटा– 02 पीस | 22.12.2023 |
| 30 | कम्पलेन केस संख्या 363/2023 | 69/2023 | आरा मषीन पत्ती–1, फल्ली– 07 पीस | 22.12.2023 |
| 31 | कम्पलेन केस संख्या 547/2023 | 70/2023 | Diesel Engine- D910082/1400872, पटरा–26 पीस, साल बोटा– 24 पीस | 22.12.2023 |
| 32 | कम्पलेन केस संख्या 972/2023 | 71/2023 | मषीन चक्का–1, पत्ती–02, बोटा–7, पटरा–10 पीस | 22.12.2023 |
| 33 | कम्पलेन केस संख्या 975/2023 | 72/2023 | मषीन चक्का–1, पत्ती–01, पटरा–15 पीस | 22.12.2023 |
| 34 | कम्पलेन केस संख्या 929/2023 | 73/2023 | पत्ती–1, पटरा–19 पीस | 22.12.2023 |
| 35 | कम्पलेन केस संख्या 494/2023 | 75/2023 | पत्ती–01, ईजन–01, बोटा– 16, चिरान –31 पीस | 22.12.2023 |
| 36 | कम्पलेन केस संख्या 469/2023 | 76/2023 | पत्ती–01, ईजन–01, बोटा– 14, चिरान –14 पीस | 22.12.2023 |
| 37 | कम्पलेन केस संख्या 882/2023 | 77/2023 | बोटा– 9 पीस , हाथ मशीन–01 | 22.12.2023 |
| 38 | बडकागांव थाना काण्ड संख्या 58/2023 | 78/2023 | कोयला– 07 टन | 22.12.2023 |
| 39 | कम्पलेन केस संख्या 309/2023 | 79/2023 | बोटा– 5 पीस, बैलगाडी– 1 | 22.12.2023 |
| 40 | कम्पलेन केस संख्या 1689/2023 | 81/2023 | पत्ती–01, ईजन–01, चक्का–01, बोटा– 5, चिरान –35 पीस | 22.12.2023 |
| 41 | कम्पलेन केस संख्या 144/2022 | 97/2023 | कोयला – 30 टन | 22.12.2023 |
| 42 | कम्पलेन केस संख्या 1296/2023 | 98/2023 | पत्ती–30 फीट, बोटा– 8, चिरान –15 पीस | 22.12.2023 |
| 43 | कम्पलेन केस संख्या 1430/2023 | 99/2023 | पत्ती–80 फीट, ईजन–01, चक्का– 02, बोटा– 21, चिरान –10 पीस | 22.12.2023 |
| 44 | कम्पलेन केस संख्या 1855/2023 | 100/2023 | जे0सी0बी0 पोकलेन– ईजन सं0– 26/925315, MFL/60-039D | 22.12.2023 |
| 45 | कम्पलेन केस संख्या 2111/2023 | 104/2023 | महिन्द्रा ट्रैक्टर ईजन सं0 –E5112EF2584 , चेचिस सं0–C05556238R3 , बल्ली –200 पीस | 22.12.2023 |
| 46 | कम्पलेन केस संख्या 1967/2023 | 105/2023 | बोटा– 10 पीस | 22.12.2023 |
| 47 | कम्पलेन केस संख्या 1966/2023 | 106/2023 | चक्का–02, पत्ती–02, बोटा– 07पीस | 22.12.2023 |
| 48 | कम्पलेन केस संख्या 1914/2023 | 107/2023 | सॉ ब्लेड–01, पत्ती–32 फीट, ईजन–02, बोटा– 11, चिरान –31 पीस | 22.12.2023 |
| 49 | मुफ्फसिल थाना काण्ड संख्या 15/2023 | 110/2023 | पावर ट्रैक ट्रैक्टर– 434, कोयला – 3 टन | 22.12.2023 |
| 50 | मुफ्फसिल थाना काण्ड संख्या 30/2023 | 114/2023 | ट्रक– JH-02AF-5467, कोयला – 20 टन | 22.12.2023 |
| 51 | कम्पलेन केस संख्या 2532/2023 | 116/2023 | टाटा पिकअप– JH-03J-0849, बोटा– 29 पीस | 22.12.2023 |
| 52 | कम्पलेन केस संख्या 2749/2023 | 117/2023 | टाटा ट्रक– JH-02L-2247, अबरख | 22.12.2023 |
| 53 | बडकागांव थाना काण्ड संख्या 64/2023 | 118/2023 | महिन्द्रा ट्रैक्टर 265 DI चेचिस सं0–005558519R1 , कोयला– 100 Cft. | 22.12.2023 |
| 54 | केरेडारी थाना काण्ड संख्या 18/2023 | 118/2023 | टरबो ट्रक सं0 JH-01BN- 7965 कोयला 05 टन | 22.12.2023 |
| 55 | केरेडारी थाना काण्ड संख्या 63/2023 | 120/2023 | कोयला 12 टन | 22.12.2023 |
| 56 | मुफ्फसिल थाना काण्ड संख्या 214/2022 | 121/2023 | सेन्ट्रो कार सं0 MH-14-1971 कोयला 41 बोरा | 22.12.2023 |
| 57 | ईचाक थाना काण्ड संख्या 222/2022 | 122/2023 | 1.407 ट्रक सं0 JH-10H-6833 2.टरबो ट्रक सं0 JH-02A-5047 कोयला 14 टन | 22.12.2023 |

प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल

PR 312823 Forest, Environment and Climate Changes(23-24)#D

# अमित शाह से मिले सुदेश महतो



**रांची (आजाद सिपाही)।** गृह मंत्री अमित शाह से संसद भवन में आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने बुधवार को शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान राज्य के वर्तमान राजनीतिक हालात सहित अन्य विषयों पर भी चर्चा हुई। साथ ही सुदेश महतो ने तीन राज्यों के चुनाव में मिली प्रचंड जीत के लिए गृह मंत्री को बधाई भी दी।

# भुवनेश्वर में महापरिनिर्वाण दिवस मना

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** संबलपुर रेल मंडल में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ बीआर अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। संबलपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनीत सिंह ने बाबा साहेब डॉ बीआर अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए।

अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद सिंह और सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने बाबा साहेब की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। संबलपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी जुसूफ कबीर अंसारी ने कार्यक्रम का संचालन किया।








## खोरधारोड मंडल ने महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

**खोरधारोड (आजाद सिपाही)।** मंडल ने भारत रत्न डॉ भीम राव अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में महापरिनिर्वाण दिवस मनाया। महापरिनिर्वाण दिवस, भारतीय संविधान के जनक डॉ बीआर अंबेडकर को याद करने का दिन है, जो देश के महानतम समाज सुधारकों में से एक थे। इस अवसर पर, एचएस बाजवा, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधा रोड, ने शाखा अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ डॉ बीआर अंबेडकर के फोटो चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## पूर्व तट रेलवे ने महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ बीआर अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस आज पूर्व तट रेलवे मुख्यालय में मनाया गया। महाप्रबंधक मनोज शर्मा के नेतृत्व में पूर्व तट रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वर्गीय बाबासाहेब डॉ अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। पूर्व तट रेलवे परिवार की ओर से कार्यक्रम का समन्वयन प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सिद्धार्थ काति और मुख्य कार्मिक अधिकारी सूर्य प्रकाश ने किया।

संबंधित मंडल रेल प्रबंधकों द्वारा पूर्व तट रेलवे के सभी मंडल मुख्यालयों, खुर्दा रोड, वाल्टेयर और संबलपुर में भी महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया।

## वैज्ञानिकों ने मृदा स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए तत्काल कदम उठाने का आह्वान किया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** विश्व मृदा दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में वक्ताओं ने मिट्टी के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए तत्काल कदम उठाने का आह्वान करते हुए कहा कि दशकों से मिट्टी की उपेक्षा ने दुनिया भर में मानव जाति को परेशान कर रही है। मंगलवार को सोआ के कृषि विज्ञान संकाय, कृषि विज्ञान संस्थान (आईएएस) में आयोजित कार्यक्रम में अपर्याप्त कृषि भूमि प्रबंधन और औद्योगीकरण पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसके कारण मिट्टी के क्षरण के कारण उत्पादकता प्रभावित हुई। सोआ के सेंटर फॉर क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर के निदेशक प्रो रवींद्र कुमार पंडा ने कहा, यह सहजीवी संबंध कृषि की नींव है। मिट्टी के क्षरण से पृथ्वी के जल संसाधनों पर अत्यधिक दबाव पड़ रहा था और इसका 97.3 प्रतिशत भाग समुद्र का निर्माण कर रहा था जबकि बमुश्किल 2.7 प्रतिशत ही उपयोग के लिए उपलब्ध था। उन्होंने कहा, इसमें से मामूली 0.07 प्रतिशत ताजा पानी था, जिसका अधिकांश हिस्सा ग्लेशियरों में जमी हुई अवस्था में था।

### छात्र परिषद चुनाव कराये बिना कॉलेज परिसरों में बीजू जनता दल चिह्न लगाकर किया जा रहा प्रचार

# नवीन ने दोहरी नीति अपनायी : रंजीत ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बीजू जनता दल (बीजेडी) पार्टी प्रचार के लिए कॉलेज के छात्रों का उपयोग कर रहा है। कॉलेज परिसरों में पार्टी का झंडा, बैनर, शंख चिह्न और बीजेडी नेता और कार्यकर्ता नये मतदाताओं को लुभाने के लिए कक्षाओं के अंदर प्रचार कर रहे हैं। एक तरफ राज्य सरकार अलग-अलग इशारे दिखाकर छह साल से छात्र संसद चुनाव रोक रही है। दूसरी ओर, पार्टी के नेता आगामी चुनावों के लिये कॉलेज परिसरों में राजनीति का माहौल बनाने में व्यस्त हैं। नवीन बाबू के लिए यह दोहरी नीति है। प्रदेश प्रवक्ता ठाकुर रंजीत दास ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ बीजेडी ने छात्रों को उनके मूल अधिकारों से वंचित कर कॉलेज परिसर के शैक्षणिक माहौल को नष्ट कर रही है। प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दास ने कहा, "राज्य सरकार लिंगडो कमीशन नियमों का उल्लंघन कर रही है।" छात्र संसद चुनाव रद्द करना लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। आज ओड़िशा के छात्र नेता देश के बड़े पदों पर अपना हुनर दिखा रहे हैं। देश की राष्ट्रपति



श्रीमती दौपदी मुर्मू, रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान जैसी कई हस्तियां छात्र नेता से लेकर देश के विकास में प्रमुख चेहरा बन चुकी हैं। बीजेडी में यह डर बैठ गया है कि आने वाले दिनों में वर्तमान छात्र ओड़िशा का नेतृत्व संभाल लेंगे। ठाकुर ने सवाल उठाया कि राज्य सरकार छात्र नेताओं से क्यों डरती है और कहा कि छात्रों इस अन्याय के खिलाफ आगामी चुनाव में उचित जवाब देंगे। कॉलेजों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अभाव है। कई कॉलेजों में स्थायी अध्यक्ष और अध्यापिका नहीं हैं। इसका असर छात्रों पर पड़ रहा है। कॉलेज परिसर में पेयजल, साइकिल स्टैंड, कॉमन रूम, पुस्तकालय, खेल का मैदान, प्रयोगशाला, महिला छात्रावास आदि के सुधार के लिए राज्य सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार छात्रों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान नहीं कर रही है और युवा ओड़िशा नवीन ओड़िशा के नाम पर प्रचार करना और कॉलेजों में भोज और मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित करना बहुत ही निंदनीय। राज्य के कई ऑटोनॉमस कॉलेज नैक ग्रेड हासिल नहीं कर पा रहे हैं। बीजेपी कॉलेज जैसे 10 से अधिक कॉलेज नैक ग्रेड नहीं मिलने के कारण अपना स्वायत्त दर्जा खो चुके हैं। सरकारी कॉलेजों ने नैक रैंक के मामले में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, जबकि निजी कॉलेजों ने नैक ग्रेड में बेहतर प्रदर्शन कर रहे है। यह राज्य सरकार का शिक्षा मॉडल है। इतना ही नहीं, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में अपना दबदबा बढ़ाने के लिये यूनिवर्सिटी अमेंडमेंट एक्ट-2020 लागू कर यूजीसी रेगुलेशन एक्ट-2018 का खुला उल्लंघन किया है। जिस पर अब सुप्रीम कोर्ट ने स्थगन आदेश जारी कर दिया है। इस कानून को लागू करके राज्य सरकार ने विश्वविद्यालयों की विशिष्टता को नष्ट करके और कुलपति के चयन में हस्तक्षेप करके कॉलेज परिसरों का राजनीतिकरण करने की साजिश रची है। ठाकुर ने मांग की कि राज्य सरकार तुरंत तुच्छ राजनीति बंद करे और स्थायी संकाय सदस्यों की नियुक्ति करके गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करे और 'नया-ओ', 'युवा ओड़िशा नवीन ओड़िशा' के नाम पर राजनीति किए बिना कॉलेज परिसरों में एक शैक्षणिक वातावरण बनाये। इसी तरह, राज्य सरकार केवल विज्ञापनों में खेल के बुनियादी ढांचे और खिलाड़ियों के परिवर्तन को बढ़ावा दे रही है।

सरकार को खेल के बुनियादी ढांचे के निर्माण में कोई दिलचस्पी नहीं है। राज्य सरकार केवल आगामी चुनावों में वोट हासिल करने के लिये खेलों के प्रति अपना प्यार दिखा रही है। इस संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश मीडिया प्रमुख दिलीप मल्लिक और संयोजक सुजीत कुमार दास प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन ने संचालित मंचेश्वर में शिशुनिकेतन का नवीनीकरण किया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** मंचेश्वर महिला कल्याण संगठन द्वारा संचालित शिशु निकेतन के सबारी वाहन मरम्मत कारखाने के नवीनीकरण का उद्घाटन पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संघ (ईकोरो) की अध्यक्ष दिव्या शर्मा ने संगठन की कार्यकारी सदस्य डोला मोइत्र और मंचेश्वर महिला कल्याण संघ की अध्यक्ष निवेदिता कर के साथ अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर शिशु निकेतन के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम। कार्यक्रम का संचालन प्रज्ञा महापात्र संपादिका महिला कल्याण संगठन पूर्व तट रेलवे मंचेश्वर द्वारा किया गया।













# ओड़िशा केंद्रीय विवि में '21वीं सदी में महिलाएं: पर्यावरण और सतत विकास' पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग ने वर्ल्ड सेंटर फॉर वुमन स्टडीज के सहयोग से 7 और 9 दिसंबर को '21 वीं सदी में महिलाएं: पर्यावरण और सतत विकास' पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन कर रहें है। सम्मेलन के उप-विषय महिलाएं, दुनिया भर में प्रकृति का पोषण, साहित्य, फिल्मों और रंगमंच में लिंग और पर्यावरण, महिलाओं और पर्यावरण आंदोलन - नीति दृष्टिकोण, महिलाएं और सतत विकास हैं। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर चक्रधर त्रिपाठी ने सम्मेलन की






सफलता पर बधाई दी। यहां यह उल्लेख करना उचित है कि युद्ध भयावहताः महिलाएं, पर्यावरण - गवाही पर एक विशेष सत्र आयोजित किया जायेगा । पोलैंड के पोजान में एडम मिकिविक्ज विश्वविद्यालय के इतिहास और यूरोपीय संस्कृति संस्थान द्वारा विशेष सत्र ऑनलाइन आयोजित किया जायेगा। सम्मेलन में विभिन्न विषयों और उप-विषयों पर लगभग 70 पेपर प्रस्तुत किए जायेंगे। विदेश और भारत से लगभग 30 प्रतियोगी भौतिक मोड में पेपर प्रस्तुत करेंगे, जबकि बाकी प्रतियोगी ऑनलाइन मोड के माध्यम से सम्मेलन में भाग लेंगे। समाजशास्त्र विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष डॉ कपिला खेमुंडू और अमेरिका के न्यूयॉर्क स्थित बफेलो विश्वविद्यालय में वर्ल्ड-सीडब्ल्यूएस की अध्यक्ष डॉ बारबरा वेजनेर्ट सम्मेलन के आयोजक संपादक हैं। समाजशास्त्र के विशेषज्ञ और संबलपुर विवि के पूर्व कुलपति प्रोफेसर बीसी बारिक ने ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय में सम्मेलन आयोजित करने की पहल की। ओड़िशा के केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर में सम्मेलन के संयोजक और समाजशास्त्र विभाग के संकाय द्वारा प्रतिनिधियों का स्वागत किया जायेगा।

# बच्चे को परीक्षा पैटर्न के समान एक नमूना प्रश्न पत्र प्रदान किया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददता

**भुवनेश्वर।** मैट्रिक परीक्षा की तैयारी। कक्षा 10वीं के छात्रों को नमूना प्रश्न पत्र प्रदान किया जायेगा जो परीक्षा पैटर्न के समान है। परिणामस्वरूप, छात्र परीक्षा प्रश्न पत्र के प्रारूप के अभ्यस्त हो सकते हैं। ताकि परीक्षा के दौरान छात्रों के बीच प्रश्न पत्र को लेकर कोई भ्रम की स्थिति न रहे। राज्य सरकार ने मैट्रिक की तैयारी के लिए ऐसी नवीन व्यवस्था अपनायी




है। यह नमूना प्रश्नावली जिला शिक्षा अधिकारी को भेज दी गयी है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने सभी डीईओ को पत्र लिखकर कदम उठाने को कहा है ताकि यह सभी मैट्रिक परीक्षार्थियों तक पहुंच सके। उड़िया, अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान के लिए नमूना प्रश्न पत्र का एक-एक सेट भेजा गया है।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**